## एक झलक

### भाजपा प्रत्याशी जीतू चरण राम ने किया चुनाव प्रचार



**बुढ़मू :** भाजपा प्रत्याशी जीतू चरण राम ने रविवार को बुढ़मू प्रखंड के चुनाव प्रचार किया। ठाकुरगांव, बुढ़मू और उमेडंडा में घर घर जाकर समर्थन करने का आग्रह किया। इस दौरान कहा कि बुढ़मू प्रखंड के डिग्री कॉलेज की स्थापना मेरे प्राथमिक कार्य में शामिल रहेगा और विधायक बनने के बाद डिग्री कॉलेज को शुरू कराने का कार्य करेंगे। इस दौरान बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद मांगा वहीं युवाओं को उज्ज्वल भविष्य का आश्वासन देते हुए समर्थन मांगा। मौके पर रामप्रवेश नायक, प्रकाश यादव, बीरबल साहु, हरेदव साहु, पनेश्वर महतो सहित अन्य मौजूद थे।

### डीजल लोकोमोटिव में सेवानिवृत्त अभियंता को दी गयी विदाई



**पतरातू :** डीजल लोकोमोटिव शेड में कार्यरत वरीय अनुभाग अभियंता यूके सिंह की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन डिजिटल रीक्रिएशन क्लब में किया गया। आयोजन बहुत ही भव्य था। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने यूके सिंह के कार्यकाल में सुंदर कार्य करने के लिए उनकी सराहना की। रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। यूके सिंह और उनकी धर्मपत्नी के द्वारा केक काटा गया और उपस्थित कर्मचारियों ने उन्हें यादगार तोहफा दिया। बाद में उपस्थित लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया। इस मौके पर अमित कुमार, बबन तिवारी, आरएन तिवारी, डॉक्टर एस हलदर, पीके वर्मा, शंकर दयाल दास, अजित कुमार, रमेश राम, मोहम्मद अंसारी, नीलेश कुमार राय, पारस कुमार, सुजीत कुमार, अनिल श्रीवास्तव,आरबी सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

### लापुंग के डुरू में सीएनआई चर्च का हुआ उद्घाटन



**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के डुरु में 1913 ई. में बने सीएनआई चर्च का जीर्णोद्धार कर पुनरुत्थान उपासनालय का निर्माण किया गया। वहीं रविवार को भव्य समारोह आयोजित कर छोटा नागपुर डायसिस के बिशप बीवी बास्के के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया ।.कार्यक्रम का अगुवाई रेव्ह. संजय तिग्गा के द्वारा किया गया एवं साथ में पेरिश कमिटी के मंगल कुजूर, गोडविन धान, प्यारा खलखो, हाबिल खलखो समेत मसीह समुदाय का योगदान रहा. साथ में दृढ़ीकरण संस्कार भी संपन्न हुआ । कार्यक्रम के दौरान मांडर विधानसभा के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुईं ।

### सिल्ली पुलिस ने अवैध तरीके से चल रहीं दो शराब भट्ठियों को किया नष्ट

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोटा गांव में अवैध तरीके से चल रहे दो शराब भट्ठियों को सिल्ली पुलिस द्वारा नष्ट किया गया। आगामी 2024 विधानसभा चुनाव को लेकर वरीय पदाधिकारी के गुप्त सूचना के आधार पर सहायक अवर निरीक्षक विनोद कुमार चौधरी अपने दल बल के साथ लोटा गांव में अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान लोटा निवासी घल्टु साहु एवं सुभाष कुम्हार अपने घरों में झोपड़ी बनाकर अवैध तरीके से महुआ चुलाई का कारोबार कर रहे थे। छापामारी के दौरान दोनों के पास से लगभग 5000 किलोग्राम जावा महुआ एवं 60 लीटर महुआ को जब्त किया गया। पुलिस द्वारा जावा महुआ को नष्ट कर शराब भट्ठी को तोड़फोड़ कर शराब बनाने के सामग्री को सूची बनाकर जप्त किया गया! साथ ही छापामारी दल को देखकर घल्टु साहु एवं सुभाष कुम्हार भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि प दोनों के खिलाफ धारा 274/275/3(5) एवं 47(अ) उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत करवाई किया गया।

## रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

# मतदान के प्रति जागरूक करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो द्वारा रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका (बीएलओ) द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024



हेतु स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान। मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही रैली के माध्यम बनाये गये मतदाता जागरूकता पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं PWD मतदाता, 80+ वृद्ध मतदाताओं को वोट करेगा रामगढ़, 22 बड़कागांव में 13 नवंबर 2024 और 23 रामगढ़ में 20 नवंबर 2024 को मतदान हेतु मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलायी गयी।

## फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट मामले में आईपीसी व आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुई प्राथमिकी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** डीसी चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित मामले में उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा रामगढ़ थाना में आईपीसी की धारा 419 एवं 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा सभी से अपील की जाती है कि वे साइबर ठगों एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक, ट्विटर एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें।

# भाजपा का मिलन समारोह आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** भाजपा का मिलन समारोह रविवार को साल्हन में आयोजित हुआ। मौके पर जेएलकेएम के सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। मिलन समारोह में भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन ने कहा कि राज्य का निर्माण भाजपा ने किया है, इसका विकास भी भाजपा के नेतृत्व में होगा। हेमंत सरकार लूट व झूठ की राजनीति कर रही है। खिजरी क्षेत्र में वर्तमान विधायक ने अपने 5 वर्षों के कार्यकाल में 50 योजनाओं का शिलान्यास नहीं किया वहीं अंतिम दिनों में बगैर स्वीकृति, निविदा व योजना के ही धराधर 150 शिलान्यास कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। इस अवसर पर जेएलकेएम के अरविंद महतो, जयराम महतो, सुजीत महतो, रोहित महतो, विरेन्द्र महतो, सुन्दरलाल महतो, अशोक महतो, महावीर महतो, हीरालाल साहू, चन्दन महतो, परेश नायक, राहुल महतो, शिवनरायनन साहू, आशीष महतो, मितेश नायक, संतोष महतो, बालेराम महतो, सोनु महतो, रोहित महतो, राजु महतो, मनोज महतो, कृष्णा महतो, प्रकाश महतो, राजन महतो, दुती महतो, बालकिशोर महतो, सिकंदर महतो सहित 100 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में चुनाव संयोजक सुरेंद्र महतो, रामसाय मुंडा, मनेश महतो, मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, वसंत चौधरी, जगन्नाथ महतो, सिकंदर अंसारी, बिहारी साहू, धर्मेन्द्र सिंह, दूर्गा महतो, मनोज चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न

# अर्चित आनन्द बने अध्यक्ष व जय कुमार सिन्हा बने सचिव





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन का रविवार को वार्षिक आम सभा (एजीएम) सह चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जेएससीए परिसर में आयोजित एजीएम में वार्षिक रिपोर्ट पेश किये गये। साथ ही, नये सत्र (2024 ३ङ्ग 2028) के लिए कमिटी का चुनाव सम्पन्न हुआ। इसमें 21 सदस्यीय कमिटी का निर्विरोध चुना गया। अर्चित आनन्द अध्यक्ष और जय कुमार सिन्हा सचिव बनाये गये। मौके पर रिस्टर्निंग ऑफिसर बिनय कर्ण और जेओए ऑब्जर्वर सुरेश कुमार, झारखंड खेल विभाग से देवेंद्र कुमार मौजूद थे। इस दौरान सभी निर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किया गया।

**झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन कमिटी**

राजीव कुमार बिट्टू- चेयरमैन
अर्चित आनन्द- अध्यक्ष
जय कुमार सिन्हा- सचिव
ट्रेजरर-करमबीर उरांव
कार्यकारी अध्यक्ष- संजेश मोहन ठाकुर
वाइस प्रेसिडेंट-कुलवंत सिंह, आलोक गुप्ता, आशुतोष, विजय मेवार, दिनेश कुमार सिंह
ज्वाइंट सेक्रेटरी-राकेश कुमार मिश्रा, अनिल, अनूप राजेश लकड़ा, रामाशीष सिंह
एक्जीक्यूटिव मेंबर-राजन कुमार, प्रिंस कुमार मिश्रा, धनंजय सिंह, विकाश कुमार केशरी, केएन सिंह।

## विकास कुमार मुंडा ने तैमारा पंचायत में जनसम्पर्क चला कर मांगे वोट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में विधायक विकास कुमार मुंडा का लगातार जनसंपर्क अभियान जारी है। इस क्रम में उन्होंने तैमारा पंचायत के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास हेतु उनके पास एक स्पष्ट दृष्टिकोण है और उनका लक्ष्य तमाड़ को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना है। विकास कुमार मुंडा ने कि क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, और पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उक्त कई योजनाएं क्षेत्र में चल रही है। उन्होंने क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए फिर से व्यापक समर्थन देकर पुनः जिताने की अपील की।

## जेएलकेएम के शंकर महतो समेत कई दल के नेता एलएपी में हुए शामिल

# आज उम्मीदवारों की अन्तिम सूची की जायेगी जारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची प्रदेश कार्यालय में कई दल के नेता लोकहित अधिकार पार्टी (एलएपी) में शामिल हुए। शामिल होने वालों में धनबाद जिला से शंकर महतो, गोड्डा जिला से डॉ. जयप्रकाश दास, साहेबगंज जिला से नाथानिएल मालतो, रांची जिला से रंथा महली, रामगढ़ जिला से फारुक अंसारी, गिरिडीह जिला से अजय कुमार रंजन और बोकारो जिला से मो. सुल्तान अपने प्रमुख समर्थकों के साथ एलएपी में शामिल हुए। शामिल होने वाले सभी नेताओं ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के प्रधान महासचिव मो. अजहर आलम के समक्ष आवेदन दिया है। प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रमोद प्रसाद गुप्ता एवं नंदलाल साह ने सभी को माला और पट्टा पहनाकर एलएपी में शामिल किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि कोर कमेटी की बैठक करने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता जी की सहमती से 28 अक्टूबर को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी करुंगा।

## ककरिया हाई स्कूल के पूर्व अध्यक्ष समेत दर्जनभर लोग कांग्रेस में हुए शामिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के ककरिया में आयोजित मिलन समारोह के दौरान विधायक सह कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की की उपस्थिति में ककरिया हाई स्कूल के पुर्व अध्यक्ष प्रभात कुमार अपने दर्जन भर लोगों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज हमारे कार्य व विचारधारा से प्रभावित होकर काफी लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहें हैं । आप सभी को हमारी ओर से पुरा सम्मान दिया जाएगा। सुमित कुमार ने कहा कि अभी और भी लोग कांग्रेस से जुड़ेंगे। मौके पर पुर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की, देवेन्द्र वर्मा, गंगाधर साहू, इमरान खान, एतवा उरांव, प्रकाश राम, मोदीसर हक, कुदुस अंसारी समेत कई लोग मौजूद रहें।

## रामानंद बेदिया ने सैकड़ों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी का मिलन समारोह रविवार को टाटी सिंगारी में आयोजित हुआ। समारोह में झामुमो के सिल्ली विधानसभा प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष सह संभावित प्रत्याशी रामानंद बेदिया ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने माला व पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे में विफल रही है, हर झारखंडी राज्य सरकार के नीतियों से त्रस्त है। कहा कि सिल्ली की जनता इस चुनाव को संभालेगी व मुझे राज्य में जाने का आदेश दिया है। विधानसभा क्षेत्र का एक एक परिवार मेरा परिवार है, उसके सुख व दुख मेरे हैं। कहा कि सिल्ली निरंतर विकास के राह पर लंबे कदम बढ़ा रहा है, विकास के संदर्भ में सिल्ली ने पूरे राज्य में अलग स्थान बनाया है और नित नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। मौके पर पूर्व मुखिया एतवा बेदिया, निरंजन बेदिया, मंगलाचरण बेदिया, बीरबल बेदिया, अरूण बेदिया, कंचन बेदिया, बालेश्वर बेदिया, मंजु देवी, सुमन देवी सहित अन्य ने आजसू की सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, सज्जाद आलम, मो रिजवान, अमर सिंह, विरेन्द्र सिंह भोगता, सूरज साहू, सत्यनारायण मुंडा, श्यामसुंदर बेदिया, विक्रम ठाकुर, राजू महली, दिलीप बेदिया, शंभु साहू, घासनी देवी, छोटेलाल बेदिया, सोमरा बेदिया, अनिल बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे। पूर्व विधायक अमित महतो के द्वारा स्थानीय व नियोजन निति को लेकर झामुमो छोड़ने के बाद रामानंद बेदिया ने 4 वर्ष तक मेहनत कर यहां नया संगठन तैयार किया था, अचानक से अमित महतो के झामुमो में वापसी के बाद टिकट देने से रामानंद नाराज थे। केंद्रीय समिति ने पूर्व में उन्हें कई बार सिल्ली का प्रत्याशी बनाने का आश्वासन दिया था।

## रातू में छह दिवसीय प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

# एएफसी अरगोड़ा की टीम बनी चैंपियन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रातू :** प्रखंड के तिगरा टिकरा टोली स्थित मैदान में मारुति मंगल परिवार के तत्वावधान में चल रहे छह दिवसीय प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गया। फाइनल मैच एएफसी अरगोड़ा व मामा स्पोर्टिंग रातू के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी में 7-6गोल से अरगोड़ा की टीम विजेता व चैम्पियन बना। इससे पूर्व समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, कोषाध्यक्ष मुकुंद महतो संगठन प्रमुख सुमेश कुमार महतो सचिव मदन कुमार आमंत्रित अतिथि रातू प्रखंड प्रमुख संगीता तिर्की नागपुरी कलाकर रोहित, वर्षा रितु, मोनू राज,कैलाश जैक्शन, शिवानी मनोज उरांव,सुरेंद्र महतो,अनिका तिग्गा ने फाइनल मैच का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल पर किक मारकर किया। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 3 लाख 33 हजार 3 सौ 33 रुपये उपविजेता को 2 लाख 22 हजार 2 सौ 22 रुपये व तीसरे स्थान पर आने वाले टीम को 44 हजार 4 सौ 44 रुपये





और चौथे स्थान पर आने वाले टीम को 33 हजार 3 सौ 33 रुपये व ट्रॉफी समेत अन्य पुरस्कार देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। मौके पर विक्रम महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होने के साथ-साथ गांव में छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में खेल कॅरियर बनाने का बेहतर माध्यम है। प्रमुख संगीता तिर्की ने कहा कि सीमित संसाधनों में इस प्रकार का आयोजन काफी सराहनीय है।इस तरह के आयोजन से आपसी सद्भावना बढ़ती है। साथ ही प्रतिभाएं भी निखर कर सामने आती हैं। सुमेश कुमार महतो ने कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल के भावना से खेलें और अपने गांव,प्रखंड व राज्य का नाम रौशन करें। मुकुंद महतो ने कहा कि गांव स्तर के नवयुवक खेल में रूचि दिखाएं और मेहनत करें जिससे आने वाले दिनों में खेल के माध्यम से युवक अपना बेहतर कैरियर सुनिश्चित कर सके। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संदीप कुमार रुद्रा, आशीष प्रामाणिक, जितेंद्र मुंडा, भोला कोइरी, जितवाहन प्रजापति, निरंजन गोप, रिकेश कुमार, कामेश्वर वेदिया, अजय जोगी, पवन कुमार, बाल किशोर मुंडा, संजय कुमार,राजेश कुजर,बसंत लोहरा, अमरनाथ भोक्ता,बिरसा वेदिया,कामेश्वर महतो,छोटू मुंडा,बंटी मुंडा, बुधनाथ महतो,कलिंद्र गोप, विकास कुमार,धीरज कुमार, पिंकु कुमार,फलारी महतो,बबलू कुमार,दीनदयाल लोहरा, सीताराम महतो,शिव कुमार, बजरंग गोप,एतवा उरांव,मुकेन्द्र लोहरा,सुमन कुमारी, मीना देवी,प्रीति देवी सहित सभी सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

## ईचागढ़ विधानसभा से इस बार एनडीए के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित : संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** ईचागढ़ विधानसभा एनडीए मंत्री एवं आजसु सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो एनडीए के प्रत्याशी ईचागढ़ विधानसभा एनडीए गठबंधन की बैठक हुई जिसमें भाजपा एवं आजसु के कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं आजसु सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो एनडीए के प्रत्याशी हरे लाल महतो सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा ईचागढ़ विधानसभा से इस बार एनडीए के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। वर्तमान झारखंड की हेमंत सोरेन



की सरकार ने राज्य की जनता के साथ धोखा किया यहां के लोगों को छलने का काम किया है हेमंत सोरेन की सरकार ने यहां के युवाओं को किसानों को धोखा दिया यहां के महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया चारों ओर भ्रष्टाचार व्याप्त है यहां की जनता इस बार मन बनाकर बैठी है इस चुनाव में जनता झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस की सरकार को सबक सिखाएगी लाल महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा ईचागढ़ विधानसभा से इस बार एनडीए के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। वर्तमान झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की जनता के साथ धोखा किया यहां के लोगों को छलने का काम किया है। हेमंत सोरेन की सरकार ने यहां के युवाओं को किसानों को धोखा दिया यहां के महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया चारों ओर भ्रष्टाचार व्याप्त है। यहां की जनता इस बार मन बनाकर बैठी है।इस चुनाव में जनता झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस की सरकार को सबक सिखाएगी।

## कांग्रेस की बैठक में गठबंधन धर्म पालन करने का निर्णय

**सिल्ली :** कांग्रेस प्रखंड कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को सोनाली मैरैज हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो ने की। बैठक में बूथ कमेटी गठन कार्य की समीक्षा की गई। साथ ही मजबूत बूथ को सशक्त करते हुए कमजोर बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही विधानसभा चुनाव में गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सभी पंचायत अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष से समन्वय बनाकर गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में युवा नेता अजय कुमार महतो,सिल्ली कांग्रेस पुर्वी मंडल अध्यक्ष हितेश बड़ाइक, सिल्ली पश्चिमी अध्यक्ष दुर्गा चरण महतो,शैकुल, देवाशीष, शिवचरण महतो, तापस, मनोज, लख्खी, मनीष, सरोज, विपिन, समीर, रमेश महतो, विजय, बासु, सचिन, मोतीलाल, शालीग्राम, और सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

## निलय कॉलेज में इंडिया एलायंस की बैठक हुई सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** ठाकुरगांव स्थित निलय कॉलेज में इंडिया एलायंस की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एलायंस प्रत्याशी प्रत्याशी सुरेश बैठा की जीत सुनिश्चित करने हेतू विशेष प्रयास की बात कही। पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय यशस्विनी सहाय और गठबंधन के प्रत्याशी सुरेश बैठा मुख्य रूप से उपस्थित थे बैठक में बुढ़मू खलारी के लिए सेंटर कंट्रोल आफिस ठाकुरगांव में रखने का निर्णय लिया। इसके लिये बुढ़मू खलारी के सेंटर इंचार्ज गोपाल तिवारी को बनाया गया। इसके अलावे बुढ़मू खलारी के चुनाव प्रभारी जाकिर हुसैन बुढ़मू प्रखण्ड चुनाव प्रभारी विनोद मुंडा शमीम बाड़े हार और नरेश यादव को बनाया गया।बैठक में एक प्रखंड समन्वयक कमिटी का गठन किया। जिसमें सभी दलों के लोगों को रखा गया। सभी एक स्वर में गठबंधन के उम्मीदवार को भारी मतों से जीतने का संकल्प लिया गया। बैठक में अजय यादव, सज्जाद अंसारी, राजेंद्र यादव, करण सिंह तुलसी मुंडा एवं सैकड़ों की संख्या में इण्डिया एलायंस के लोग मौजूद थे।

## एक झलक

### भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन ने लिया साहेब हरेन्द्र आनन्द व अर्चित आनन्द का आशीर्वाद



**ओरमांझी** : खिजरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन ने रविवार को शिव शिष्य परिवार के संस्थापक साहेब हरेंद्र आनंद के सूत्रधार और उनके बड़े पुत्र अर्चित आनंद के ध्रुवा रांची स्थित आवास पहुंचे एवं उनका आशीर्वाद लिया। रामकुमार पाहन ने चुनाव में सहयोग करने का अनुरोध भी किया। अर्चित आनंद ने भी रामकुमार पाहन का स्वागत किया। मौके पर ओरमांझी पंचायत के उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, रामसाई मुंडा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### कार्तिक कृष्ण पक्ष की रमा एकादशी आज



**रांची** : कार्तिक कृष्ण पक्ष की रमा (रम्भा) एकादशी का मान 28 अक्टूबर सोमवार को है। आज ही के दिन गोधूलिव्यापिनि गोवत्सद्वादशी क व्रत भी मनाया जायेगा। इस द्वादशी युक्त एकादशी का महत्त्व कई गुणा अधिक है। इस पुण्य अवसर पर परात्पर ब्रह्म परमात्मा भगवान श्रीमन्नारायण का सविधि पूजनोपरांत श्रुति की ऋचाएँ इत्यादि मंत्रों के साथ महाभिषेक होगा। फिर श्रृंगार, महाआरती, नैवेद्यादि के बाद विशेष महामंत्रों और स्तोत्रों से स्तुति होगी। यह एकादशी तिथि का व्रत श्रीकृष्ण, हरि प्रीति का जनक तथा तपस्वियों का श्रेष्ठ तप है। जैसे देवताओं में श्रीमन्नारायण, देवियों में प्रकृति श्रीलक्ष्मी, वैष्णवों में शिवजी श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार व्रतों में यह एकादशी व्रत श्रेष्ठ है। यह सबों के लिये सदा पालनीय व्रत है। एकादशी के दिन भात न खाना चाहिए। एकादशी के दिन सभी पाप चावल का आश्रय लेकर रहते हैं।

### यूथ करेज ने नि:शुल्क चिकित्सा व रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**रांची** : रविवार को यूथ करेज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पाम इंटरनेशनल स्कूल बरियातु मे निशुल्क चिकित्सा शिविर निशुल्क ब्लड जांच और मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या मे लोगों ने रक्तदान किया और साथ ही लोगों ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी लाभ उठाया मौके पर डॉ नदीम अनवर, डॉ फारुख नवाब, डॉ सैफुल इस्लाम ने अपनी सेवा दी साथ ही लेक व्यू ब्लड बैंक, कल्याणी पैथो लैब, अक्कु पल्स लैब ने भी अपनी सेवा दी। मौके पर ट्रस्ट के नौशाद खान, मोदस्सिर इमाम, नजर इमाम, मोजम्मिल, साहिल,कैफ, आसिफ, अफनान, आदि उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय दीपावली महापर्व अनुष्ठान की तैयारी जोरों पर

**रांची** : श्रीश्याम मित्र मण्डल, रांची द्वारा संचालित हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में तीन दिवसीय दीपावली महापर्व अनुष्ठान की व्यापक तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिर परिसर की सम्पूर्ण सफाई-धुलाई का काम पूरा हो चुका है। सम्पूर्ण मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में रंग -बिरंगी लाईट की लड़ियां लगायी जा रही है रोप लाईट भी लगायी जा रही है । सम्पूर्ण परिसर लाईट रोशनी से जगमग -जगमग करेगा। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि दीपावली महापर्व अनुष्ठान का मुख्य समारोह 31 अक्टूबर गुरुवार को अमावस्या काल में सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा जो देर रात तक चलेगा। 31 अक्टूबर गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे मंदिर के कपाट बंद कर दिये जाएंगे जो सायं 5.30 बजे खुलेंगे। सायं 6 बजे से देर रात तक निरन्तर दीपोत्सव मनाया जायेगा।

---

वोटर जागरूकता को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का नायाब आइडिया

# राज्य के सभी स्कूली बच्चे लिखेंगे पत्र, मम्मी-पापा वोट दो

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य के सभी मध्य एवं उच्चतर विद्यालयों के कक्षा 6-12 के बच्चे सोमवार को अपने माता-पिता के नाम मतदान करने के लिए पत्र लिखेंगे। स्कूलों में पत्र लेखन कार्यक्रम 28 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 से मध्याह्न 12 बजे के बीच होगा। मतदाता जागरूकता के इस नायाब आइडिया के क्रियान्वयन का निर्देश सभी सम्बन्धितों को दिया गया है। उन्होंने बताया कि

▪ **आज पूर्वाह्न 11 से मध्याह्न 12 बजे के बीच होगा पत्र लेखन कार्यक्रम**

बच्चों द्वारा पत्र लेखन के पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षक उन्हें मतदान की आवश्यकता एवं इसकी महता पर सभी बच्चों को उन्मुखीकरण करना सुनिश्चित करेंगे। तय समयसीमा के भीतर पत्र लेखन कर सभी बच्चे अपने पत्र को अपने घर ले जाकर अपने माता-पिता को सौपेंगे और उनसे मतदान के दिन मतदान अवश्य करने का अनुरोध भी करेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि यह संदेश अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचे, इसके लिए सोमवार को सोशल मीडिया में हैशटैग #MummyPapaVoteDo अभियान चलेगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़ें और मतदाता जागरूकता के इस कार्यक्रम को सफल बनायें।

---

## जीवन में आगे बढ़ना है, तो अपने माता-पिता और गुरु का हमेशा आदर करें : मनोज कुमार पांडेय

**रांची** : शाखा-स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन भारत विकास परिषद और रांची महानगर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल पुनदाग में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के महाप्रबंधक मनोज कुमार पांडेय, विशिष्ट अतिथि पूर्व मुख्य अभियंता और डीवीसी परियोजना के प्रधान ई. जी एन सिंह और अतिथि एस. न. सिन्हा के जरिये दीप प्रज्वलित और भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ाना है तो अपने माता-पिता और गुरु का हमेशा आदर करें। अपने जीवन शैली में स्वामी विवेकानंद के आदर्श को अपनाएं। ई. गोविंद सिंह ने स्वागत भाषण दिया एवं दक्षिण झारखंड प्रान्त के पालक ई. जी. पी. सिंह ने भारत विकास परिषद का परिचय करवाया एवं उन्होंने कहा कि सेवा और संस्कार हीं हमारा लक्ष्य है। प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप से 9 विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया जबकि जूनियर से 8 विद्यालय के छात्रों ने भाग लिय। शाखा-स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता-2024 में जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पर वाईबीएन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी रहे जबकि द्वितीय स्थान पर डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू के विद्यार्थी एवं तीसरे स्थान पर एस आर डीएवी, पुंदाग के विद्यार्थी रहे। वहीं सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पर डीपीएस रांची के विद्यार्थी रहे। जबकि द्वितीय स्थान पर वाईबीएन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी एवं तीसरे स्थान पर डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू के विद्यार्थी रहे।

---

## दीपावली पर संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज का रांची आगमन



▪ **29 अक्टूबर मंगलवार धनतेरस को आयेंगे**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिती रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची दिनांक 29 अक्टूबर 2024 मंगलवार को अपराह्न 04 बजे विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमु रोड स्थित सत्संग भवन अपराह्न 4 बजे पहुंचेगें संत शिरोमणि सदानंद जी महाराज। संत सदानंद जी महाराज अपने जीवन के जनसेवा के स्वर्णिम 52 वर्ष पूरे होने के बाद रांची आ रहे हैं। इस को लेकर उनके शिष्यों मे विशेष उत्साह है। हिन्दुओं के सबसे बडे पांच दिवसीय पर्व धनतेरस, रूप चौदस, छोटी दिपावली, काली पूजा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, अन्नकूट एवं भाई दूज के सुअवसर स्वामी श्री सदानंद जी महाराज अपने शिष्यों को बधाई देने धनतेरस के दिन मंगलवार दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को अपराह्न 04 बजे रायगढ से सड़क मार्ग से चलकर विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमु रोड स्थित सत्संग भवन पहुंचेंगे।

यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

---

जेसोवा दीवाली मेले का अंतिम दिन : मोरहाबादी में उमड़ी भीड़, जम कर हुई खरीदारी

# सुरमई शाम की यादों को छोड़ गया जेसोवा मेला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेसोवा (झारखण्ड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन) के तत्वावधान में मोरहाबादी में आयोजित दीवाली मेला 2024 का आज समापन हो गया और अपने पीछे छोड़ गया सुनहरी सुबह और सुरमई शाम। मेले के अंतिम दिन मौसम साफ रहने की वजह से बड़ी संख्या में लोग आए। मेले में वहां पार्किंग, सुरक्षा से संबंधित अन्य व्यवस्थाएं भी चल चौबंद दिखीं। टिकट काउंटर पर टिकट लेने वालों की लंबी कतार थी और सब कतारबद्ध होकर मेले परिसर में प्रवेश करते दिखाई दिए। जेसोवा मेले के पांचों हैंगर में बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की। मेले में सबसे ज्यादा भीड़ रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं की स्टाल पर भीड़ थी।



**फूड कोर्ट के स्टॉल पर व्यंजनों के शौकीनों की भीड़**

**मेले** में सबसे ज्यादा भीड़ फूड कोर्ट में देखी गई। वहां विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लोग ले रहे थे। राठौड़ की कुल्फी के स्टाल और भोला लिट्टी के स्टाल पर सबसे ज्यादा भीड़ थी।

**गजल गायकी से सजी शाम**

**शनिवार** जहां सुनंदा शर्मा बनारस घराने के शास्त्रीय संगीत से सजी थी वहीं रविवार की शाम भी गजल के सुरमई अंदाज से सजी थी। मृणालिनी अखौरी द्वारा गई गजल 'ये दौलत भी ले ये शोहरत भी ले लो' ने लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा और गायन मंच के सामने लोग आनंद लेते रहे।

**ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न उत्पादों को लेकर दिखी उत्सुकता**

**मोराबादी** में लगे मेले में अंतिम दिन लोगों का झुकाव फैशन ब्रांड पर ज्यादा था। लोग ट्रेडिशनल के साथ साथ मॉडर्न परिधानों के बारे में जानकारी लेते दिखाई दिया और बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की। मेला घूमने आए रामचंद्र ने बताया कि इस मेले का इंतजार हमें हर साल दिवाली के समय रहता है और पर्व के पहले ही और ठीक समय पर हम खरीदारी कर सके हैं। इस तरह के आयोजन होने से बच्चों को भी मिला घूमने का अवसर मिलता है।

**सेल्फी प्वाइंट और ग्रामीण परिवेश**

**मेले** में सबसे ज्यादा आकर्षक सेल्फी प्वाइंट था और गांव का परिवेश। वहां सबसे ज्यादा लोगों की भीड़ थी और मोबाइल से जमकर लोगों ने फोटोग्राफी की। वहां खूबसूरत अंदाज में खाटों पर बैठकर लोग फोटो खिंचवा रहे थे। वहीं फूलों से सजी बैलगाड़ी लोगों को आकर्षित कर रही थी।

---

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने फ्री आई चेक अप शिविर का किया आयोजन





▪ **शाखा ने गो सेवा भी की**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने क्रिस्टल वैली अपार्टमेंट शिव दुर्गा मंदिर लेन रातू रोड में डॉ. लाल पथ लैब्स के सौजन्य से 12 महीने 12 निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के अन्तर्गत सातवें शिविर का आयोजन किया। इसमें बुजुर्गों का निःशुल्क आई चेकअप कराया गया। इस शिविर से 20 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस शिविर के आयोजन हेतु स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला जी व संयोजिका आशा सर्राफ जी ने बहुत अच्छे से तैयारी की थी। इसके अलावा शाखा ने हरमू रोड गोशाला में गो सेवा भी की। गो सेवा प्रभारी आशा संथौलिया व डॉली बंसल ने तैयारियां कीं। गो माता को चारा, घास एवं सब्जियां खिलायी गयीं। मौके पर अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूजा अग्रवाल, डॉली बंसल, आशा, कविता जालान आदि उपस्थित थीं। स्वास्थ्य सेवा के कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, कोमल झुनझुनवाला आदि मुख्य रूप से उपस्थित थीं। यह जानकारी मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

---

## कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने हटिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में किया जनसम्पर्क



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : हटिया से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने आज मधुकम, बजरा, हेहल, पुंदाग, हरमू में पदयात्रा और बैठक कर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से हटिया में एक मौका देने की अपील की। श्री शाहदेव ने कहा हटिया विधानसभा राजधानी का क्षेत्र होने के बावजूद विकास में काफी पिछड़ा हुआ है। लोगों की उम्मीदों पर जनप्रतिनिधि ने पानी फेर दिया है। आम जनता समस्याओं को लेकर काफी परेशान हैं। इसलिए इस बार बदलाव के लिए वोट करें और एक मौका जरूर दें। श्री शाहदेव ने लोगों से कहा कि महागठबंधन की सरकार ने आम जनता के काफी काम किया है। सभी महिलाओं को सम्मान दिया, 200यूनिट की बिजली बिल की माफ कर महंगाई से जूझ रही जनता को राहत देने का काम किया, गरीबों को अबुजा आवास मिला, सभी वर्ग के बुजुर्ग महिला पुरुष को पेंशन दिया।आज से पहले किसी भी सरकार ने इतना काम नहीं किया था अतः हटिया में बदलाव के लिए और झारखंड में पुनः गठबंधन की सरकार बनाने के लिए कांग्रेस को वोट करें।

---

डॉ. लालचंद बगड़िया एक्युप्रेशर संस्थान के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

# आठ दिवसीय सह चुंबकीय प्रशिक्षण शिविर का समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : डॉ. लालचंद बगड़िया एक्युप्रेशर संस्थान रांची द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में विगत 8 दिनों से 33 वां एक्युप्रेशर सह चुंबकीय चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर चल रहा था। रविवार को इस समापन समारोह का उ?द्घाटन मुख्य अतिथि एमपी अजमेरा सेवा निवृत भाप्रसे विशिष्ट अतिथि डॉ. वीके जैन वरीय शल्य चिकित्सक एवं संस्थान के अध्यक्ष रामा शंकर बगड़िया ने गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने स्व. डॉ. लालचंद बगड़िया को प्रसिद्ध समाजसेवी, कर्मयोगी एवं तपस्वी बताया। वे एक्युप्रेशर के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण में सेवाव्रती थे। उन्होंने कार्य की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. बीके जैन ने कहा कि आज एलोपैथिक चिकित्सा प्रणाली के साथ-साथ अन्य भारतीय चिकित्सा प्रणाली का भी प्रचार प्रसार बढ़ रहा है। एक्युप्रेशर भी एक भारतीय पुरातन चिकित्सा विधि है। इसका हमारे वेदों में भी उल्लेख है। इस चिकित्सा पद्धति से रोगी को लाभ भी हो रहा है। अध्यक्ष रामा शंकर बगड़िया ने संस्थान की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान द्वारा फुल बाबा आश्रम स्थित एक्युप्रेशर चिकित्सा केंद्र में प्रतिदिन प्रातः 7:30 से 9:30 बजे तक लगभग 65 से 70 रोगियों एवं डीबी पैलेस स्थित केंद्र में प्रतिदिन संध्या 4 से 5 बजे तक लगभग 45-50 रोगियों निःशुल्क इलाज किया जाता है। विगत 19 वर्षों में आज तक एक्युप्रेशर द्वारा लगभग 3,23,084 रोगियों को स्वस्थ किया गया।

---

## आदिवासी महिला गैर आदिवासी पुरुष से शादी कर एसटी सीट पर चुनाव लड़ना आदिवासियों की हकमारी है



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रविवार को आदिवासी समन्वय समिति के सयोजक लक्ष्मीनारायण मुण्डा एवं कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुण्डा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की आदिवासियों के लिए 28 सीट आरक्षित किए गए हैं। कुछ सीट में आदिवासी महिला जो गैर आदिवासी से शादी कर चुकी है, उन्हें भी विधान सभा चुनाव के लिए टिकट दिया जा रहा है। हम सभी आदिवासी संगठन इसका पुरजोर विरोध करेंगें। बताते चलें कि जेएमएम ने भी खूंटी विधान सभा से गैर आदिवासी प्रत्याशी को टिकट दिया था, पर विरोध के बाद उसे हटा दिया गया। खिजरी विधान सभा में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने भी आदिवासी महिला सरीता तिर्की, जो गैर आदिवासी जलेश्वर महतो की पत्नी है को टिकट दिया है। इसी लोहरदगा विधानसभा से एक उम्मीदवार राजपति देवी चुनाव में खड़ी हैं, जो विजय महतो की पत्नी है।

---

# पारम्परिक मिठाइयों के अनुपम संग्रह का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कमल कैटरर व कमल इवेंट्स के संचालक कमल कुमार अग्रवाल ने चुटीया धर्मशाला में दीपावली के पावन अवसर पर पारंपरिक मिठाइयों व नमकीन का अनुपम संग्रह लेकर आये हैं, आज चुटिया धर्मशाला में पूर्व उप महापोर संजीव विजयवर्गीय व झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज बजाज ने फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया। विदित हो कि कमल अग्रवाल झारखंड कट्रेरस एसोसिएशं के अध्यक्ष एवं रांची के जाने माने केटरर संग मिठाइयों व नयी खोज के निमार्ता है। शहर में नित्य नयी मिठाइयों व नमकीम की प्रस्तुति के विशेषज्ञ बादशाह है। इस वर्ष भी विशेष रूप से नये व्यंजनों में, नये जायके में, नये स्वाद को लेकर कमल अग्रवाल दीपावली के लिए चुटिया धर्मशाला मे दिनांक 27.10.24 से 31.10.24 तक शहर वाशियों के लिये गुणवतापूर्ण, पौष्टिक, शुद्ध देशी पारंपरिक मिठाई व नमकीन व्यंजन का भंडार सुविधानुसार पैकिंग मे सजाये है। कमल ने कहा पधारे एकबार आपसबो की प्रतिक्षा प्रार्थनीय है। संजीव विजयवर्गीय व मनोज बजाज ने उद्घाटन करते हुए उन्हे बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि कमल नाम ही काफी है, शहर व समाज के स्वाद से परिचित है, हर दिन कुछ नया निर्माण व स्वाद चखाने का सार्थक प्रयास में महारत हासिल है। हम भी इनके स्वाद के दीवाने है। मौके पर बबिता अग्रवाल, रोशन सिंह, प्रेम अग्रवाल सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

---

द्वितीय इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप का हुआ समापन

# सभी विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नटराज योग संस्थान द्वारा जी डी गोयंका स्कूल नामकुम में द्वितीय इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप का समापन हुआ जिसमें रांची सहित विभिन्न जगह के स्कूल एवं संस्थान से योग प्रतियोगिता में लगभग 300 बच्चों भाग लिये। इस प्रतियोगिता का आयोजन जी डी गोयंका स्कूल, नटराज योग संस्थान एवं रिलेशन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार खेल विभाग (साझा) के उप निर्देशक राजकिशोर खाखा विशिष्ट अतिथि जी डी गोयंका स्कूल के निर्देशक मदन सिंह,उप निर्देशक अमन सिंह, डी ए वी हेहल के उप प्राचार्य नीरज कुमार दुबे, आंबेडकर



रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल के निर्देशक अनिल कुमार, सेंट्रल अकादमी स्कूल कांके की प्राचार्या स्नेहा राय, डी ए वी स्वर्णरेखा स्कूल के निर्देशक डॉ सिद्धार्थ प्रकाश ,एम एम के हाई स्कूल के निर्देशक डॉ तनवीर अहमद, जी डी गोयंका स्कूल के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार, अतिथि के रूप मे शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष शंकर दुबे, यस एंटरप्राइज के संचालक सोनू कलाम, आशा मीडिया के जय श्रीवास्तान, गोविंद यादव, रिलेशन के निर्देशक आशुतोष द्विवेदी, नटराज योग संस्थान के संचालक आर्य प्रहलाद भगत, सह संचालिका सुषमा कुमारी तिग्गा, आयोजक समिति के सदस्य रितेश कुमार, माही सिंह, अंजलि कुमारी पिंटू चौधरी, सुमित सोनी, दीपू लोहरा, रेणुका सिंह, मोहित कुमार, शुभम कुमार, आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में अधिक पदक और प्रतिभागी के साथ विजेता लेडी के सी रॉय मेमोरियल स्कूल, रातु, उप विजेता जी डी गोयंका स्कूल नामकुम, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल द्वितीय उप विजेता रहा। कार्यक्रम में सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि राजकिशोर खाखा ने बधाई दिया और योग को पूरे झारखंड में स्थापित करने के विषय में अपना बात रखते हुए योगासन के लिए रांची के मोरहाबादी के दिए जा रहे कार्यालय का भी जिक्र किया और आगामी दिनों के योग का और भी आयोजन पर सहयोग नटराज योग संस्थान को किया जाएगा।

---

मौज-मस्ती और इको फ्रेंडली दीपावली के बीच रोटरी रांची का दीवाली मिलन

# गीत-संगीत और गजल ने बांधा रूहानी समा, स्मोक फ्री, सेफ दीवाली मनाने का दिया संदेश






**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रोटरी क्लब रांची ने शनिवार को दीवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर गीत-संगीत, नृत्य, मनोरंजक खेलकूद के बीच लोगों ने दीपावली की खुशियां बांटी। बच्चों ने विभिन्न पारंपरिक खेल से माहौल को बेहद खुशनुमा बना दिया। बड़े भी पीछे नहीं रहे। बड़ों ने गीत-संगीत की महफिल से रंग जमा दिया। तंबोला और लक्की ड्रॉ का भी आयोजन हुआ। मिलन समारोह के दौरान की गई रंग-बिरंगी रंगोली और सज्जा ने सभी का मन मोह लिया। मिलन समारोह में गजल सिंगर प्रियंका और उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति से रूहानी समा बांध दिया। समारोह में क्लब के सदस्यों ने सभी लोगों से रोशनी के त्योहार पर बेहद सावधानी पूर्व आतिशबाजी करते हुए हैप्पी एंड सेफ दीवाली का संदेश दिया। अध्यक्ष डॉ. गौरव बागरॉय ने कहा कि इस रोशनी और खुशी के त्योहार पर हम संकल्प लें कि अपनी समाजसेवा के सफर को लगातार जारी रखते हुए जरूरतमंदों के जीवन में भी खुशियां भरते रहेंगे। सचिव ख्याती मुंजाल एवं वाइस प्रेजिडेंट ललित त्रिपाठी ने कहा कि दीवाली हमें खुशी के साथ स्वछता का भी संदेश देता है। इसलिए स्वच्छता जैसे विषय को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। समारोह के अंत में सभी लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

---

## सेल रांची इकाइयों ने प्रभात फेरी के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सेल रांची इकाइयों ने प्रभात फेरी के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ कियो सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान के हिस्से के रूप में, सेल की रांची स्थित इकाइयों के सतर्कता विभाग ने ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रभात फेरी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गुब्बारे छोड़ने के साथ हुई जो श्री एस के वर्मा, ई.डी (सीईटी); श्री वेद प्रकाश, ई.डी(एस.टी.डी.टी.) एवं श्री एस वशिष्ठ, मुख्य महाप्रबंधक (एस.एस.ओ) के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन एवं नेतृत्व श्री विशाल सिन्हा, महाप्रबंधक (सतर्कता) और एसीवीओ के देख रेख में हुओ सेल रांची ईकाएयों के कर्मियों ने कार्यस्थल में पारदर्शिता और सतर्कता के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित किया।

# निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव आज करेंगे नामांकन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** मांडू विधानसभा क्षेत्र से रोहित यादव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। रोहित यादव चलानिया के बादीखरना गांव से आते हैं, वे 2014 से अपनी राजनीतिक कैरियर की शुरूआत की। उन्होंने चौदह वर्षों से अपनी क्षेत्र के जनता की सेवा लगातार करते आ रहे हैं। अपने राजनीतिक कैरियर में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। इस संबध में पूछे जाने पर कहा कि जनता का आशीर्वाद है जो मांडू विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि और भी विधानसभा क्षेत्र से मांडू विधानसभा क्षेत्र विकास में काफी पिछड़ा हुआ है। अगर मांडू की जनता हमें अवसर देती है तो मांडू विधानसभा क्षेत्र का सर्वगिण विकास होगा। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी उम्मीदवारी को लेकर शनिवार को हजारीबाग में प्रपत्र खरीदा। 28 अक्टूबर सोमवार को अपना नामांकन करवायेंगे। उन्होंने अपना नामांकन में अधिक से अधिक लोगों को आने की अपील की। वही मांडू विधानसभा क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ० नजीर अंसारी आज ही करेंगे अपना नामांकन।

## अटल विचार मंच से मांडू विधानसभा का प्रत्याशी बिपिन कुमार सिन्हा आज करेंगे नामांकन



**विष्णुगढ़ :** मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़ निवासी बिपिन कुमार सिन्हा को पूर्व वित्त मंत्री सह हजारीबाग पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा द्वारा नवनिर्मित अटल विचार मंच से मांडू विधानसभा का प्रत्याशी बनाया गया है। बता दें कि बिपिन कुमार सिन्हा का इस क्षेत्र में एक लम्बा राजनीतिक अनुभव रहा है, उनके राजनैतिक जीवन की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी से हुई थी। 90 के दशक में वह भाजपा में शामिल हुए थे, कार्यकर्ता से प्रखंड अध्यक्ष बने। तत्पश्चात हजारीबाग भाजपा जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री एवं मांडू विधानसभा क्षेत्र से सांसद प्रतिनिधि जैसे दायित्वों का निर्वाहन उन्होंने किया है। यही वजह है की उन्हे इस विधानसभा क्षेत्र का काफी अनुभव रहा है। विपिन कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया की 28 अक्टूबर को विष्णुगढ़ के बाजारटांड स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद नामांकन हेतु हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी झारखंड आन्दोलनकारी महमूद आलम आज करेंगे नामांकन



**विष्णुगढ़ :** झारखंड नवनिर्माण महासभा जनमत के राष्ट्रीय क्रांतिकारी मोर्चा से मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी झारखंड आंदोलनकारी महमूद आलम नामांकन करेंगे। बता दें कि महमूद आलम विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम नवादा निवासी हैं, उनका राजनीतिक और सामाजिक अनुभव 40 वर्षों का रहा है। विधानसभा चुनाव में पहली बार 2009 में और दूसरी बार 2019 में मांडू से चुनाव उनके द्वारा लड़ा गया था। जिसके कारण वह मांडू विधानसभा क्षेत्र के छह प्रखंडों मांडू, डाडी, चुरचू, दारू टाटीझरिया और विष्णुगढ़ के हालात से वह भली भांति परिचित हैं। चुनाव के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों और समर्थकों से अपने सुझाव साझा कर एवं चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करने के पश्चात महमूद आलम ने बताया कि वह 28 अक्टूबर को राष्ट्रीय जन क्रांति मोर्चा पार्टी से अपना नामांकन करवायेंगे। अगर जनता उन्हें अपना उम्मीदवार चुनती है, तो वह मांडू विधानसभा के विकास के लिए कार्य करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं जैसे बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास से जुड़ी हैं, यदि इस चुनावी प्रयास में उन्हें जीत मिलती है तो वह प्रमुखता से इन समस्याओं का समाधान करेंगे।

## एक झलक

### राकोमयू कार्यकारी अध्यक्ष गिरजा शंकर पांडेय के निधन पर जताया शोक

**धनबाद :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए के झा, कार्यकारी अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह, रामप्रीत प्रसाद मिथिलेश कुमार सिंह, श्री लगन देव यादव, वीरेंद्र कुमार अम्बष्ट, शकील अहमद, विमलेश चौबे, रामचंद्र पासवान, रवि चौबे ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन के वरीय उपाध्यक्ष, इंटक के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, झारखंड इंटक के उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष गिरजा शंकर पांडे के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है।
इन नेताओं ने कहा कि स्वर्गीय गिरजा शंकर पांडे राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के धरोहर थे। जिन्होंने पंडित बिंदेश्वरी दुबे, कांति मेहता, बीपी सिन्हा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, दामोदर पांडे के साथ मजदूर आंदोलन में अपनी मजबूत भूमिका निभाते हुए पिछले 55 वर्षों से मजदूर आंदोलन में कांग्रेस पार्टी और इंटक के प्रति पूर्ण समर्पित रहे। इन्होंने जीवन के अंतिम सांस तक मजदूरों की सेवा की। पंडित बिंदेश्वरी दुबे के निधन के बाद वे राजेंद्र बाबू के साथ ईमानदारी से हर विपरीत परिस्थिति में अडिग रहे। उनका जोरदार समर्थन किया। पंडित बिंदेश्वरी दुबे और राजेंद्र बाबू के निधन के बाद कुमार जय मंगल (अनूप सिंह) विधायक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंटक के साथ उसी मजबूती और ईमानदारी से ना केवल सहयोग समर्थन किया बल्कि सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड में एक गार्जियन की तरह भूमिका निभाया। श्री झा ने कहा कि राजेंद्र बाबू का पूरा परिवार उन्हें आदर और अभिभावक की तरह सम्मान सहयोग दिया । कुमार जयमंगल विधायक ने उनके अंतिम सांस तक दिवंगत नेता गिरिजा शंकर पांडे को पिता की तरह ही हर सम्मान देते हुए अपने कर्तव्यों का पालन किया।
श्री झा ने कहा आज झारखंड विधानसभा का चुनाव हो रहा है। कुमार जय मंगल सिंह इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार हैं। स्वर्गीय पांडे की उपस्थिति से हमें बड़ा बल मिलता लेकिन उनकी अंतरात्मा का आशीर्वाद कुमार जयमंगल को इस लड़ाई में विजय दिलाएगा। हम दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। ईश्वर उनके परिवार और राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन परिवार को इस कष्ट को सहने की शक्ति दे।

### ब्राह्मण समाज ने शिक्षक राहुल मिश्रा को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद :** रविवार को कोला कुसमा, उत्सव रिसोर्ट में दिवंगत शिक्षक राहुल कुमार मिश्रा को ब्राह्मण समाज की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बता दें कि पिछले दिनों राहुल कुमार मिश्रा की संदेहास्पद स्थिति में बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कशीयाटांड में शव पाया गया था। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हुए भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने राहुल मिश्रा मौत मामले में हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हेमंत सरकार में अपराध चरम पर है। अपराध को नियंत्रित करने के लिए इस सरकार का जाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस भी सरकार के इशारे पर ही काम कर रही है। निश्चित रूप से राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी और राज्य वासियों को एक भयमुक्त माहौल देने का काम हमारी सरकार करेगी। समाजसेवी रमेश पाण्डेय ने सीधे तौर पर राहुल मिश्रा मौत मामले को हत्या करार देते हुए बरवाअड्डा पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा राहुल मिश्रा जिस स्कूल के शिक्षक थे उसी स्कूल के पास उनका शव पाया गया। पुलिस अभीतक स्कूल के सीसीटीवी फुटेज खंगालने का भी प्रयास नहीं कर रही और ना तो और स्कूल प्रबंधन पुलिस को सीसीटीवी फुटेज ही उपलब्ध करायी है। उन्होंने कहा इस मामले में पुलिस अगर 48 घंटे के भीतर जाँच पूरी कर दोषी को गिरफ्तार नहीं करती है तो वृहत आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने पुरे मामले की सीबीआई से भी जांच कराने की मांग की है। श्रद्धांजलि सभा में रमेश पांडे, गणेश पांडे, विवेक पांडे, कुम्भनाथ सिंह, विक्रम पांडे, बॉबी पांडे समेत ब्राह्मण समाज के अन्य लोग व दिवंगत राहुल मिश्रा के परिजन उपस्थित थे।

## विभिन्न गांवों में चलाया गया व्यापक जनसम्पर्क अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने हथियारी मोड़, मोरांगी, डेमोटांड, हुपाद, कल्लू चौक (हरहद), बकसपुरा, बभनबै, सलईया, भेलवारा, चपवा, सिंदूर चौक, करकरी, प्रेम नगर, सियारी रोड, ढोटवा मोहल्ला, बजरंग बली मंदिर, दुर्गा मंडप, बेलघाट शिव मंदिर, अम्बेडकर चौक और नगवा गांव सहित कई अन्य स्थानों का दौरा किया। इस अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने स्थानीय निवासियों से जनसंवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं और जरूरतों को नजदीक से समझा। अभियान में हर आयु वर्ग के लोग, विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं, बड़ी संख्या में जुड़ते गए। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ पार्टी के लिए नहीं, बल्कि हजारीबाग की जनता के विकास और बेहतरी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देकर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दें। इस जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग कांग्रेस के महासचिव विनोद कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा की प्रदेश महासचिव रेणु देवी, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कमल राज, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, सदर प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह, पौंता पंचायत के मुखिया लाल धारी राम, बैहरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, हरहद पंचायत के पूर्व मुखिया इद्रिश, बबलू मेहता, उषा देवी, मंजू देवी, और मोहम्मद बदरुद्दीन सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की कामकाजी बैठक आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की कामकाजी बैठक बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के सभागार में की गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल एवं संचालन महामन्त्री सुनील कुमार वर्मा ने किया। बैठक में विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के तमाम शक्तिकेन्द्र संयोजक,शक्तिकेन्द्र सह -संयोजक तथा 12 पंचायतो के बूथ अध्यक्षो ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बैठक को सम्बोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने कहा कि कुछ बूथों का काम अभी तक बचा है, इसे आगामी 30 अक्टूबर 2024 तक पूरा कर लें। केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के अनुसार हमे साझा प्रत्याशी मिला है,जिसकी जीत सुनिश्चित करने के लिए हमसबो को कमर कस लेना है।साथ ही कहा कि 30 अक्टूबर 2024 को 11 पूर्वाह्न एनडीए(राजग)की बैठक होनी है, जिसमें पश्चिमी मंडल के पदाधिकारियो कार्यसमिति तथा सभी बूथों से अध्यक्षो,सचिव समेत बूथ पदाधिकारियो की उपस्थिति प्रार्थनीय है। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता, महामन्त्री सुनील कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, राकेश वर्मा उर्फ डब्लु सोनी,अशोक कुमार मंडल, मंत्री गौतम भारती, राजेश सोनी, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी, बिनोद सिंह, संजय कुमार(बब्लू), नीतीश कुमार बरनवाल, रवि कुमार पाण्डेय, अनूप कुमार कसेरा, सुनील अकेला, विकाश कुमार पांडेय, भीम राम, बिनोद कुमार गुप्ता, संजय कुमार, मन्नू कुमार पाण्डेय, सुरेश कुमार दास,सुरेश राम, युगल साव स्वर्णकार, हेमलाल यादव, गायत्री देवी, मंजीत सिंह, शशि कुमार लाहकार, संतोष कुमार साव,सुधीर श्रीवास्तव, अरबिन्द कुमार, लाहकार, मोहन कुमार हंसदा रंजीत यादव, रीता देवी, कुमार वर्मा, कुन्दन शर्मा, नितीश कुमार सुरेश राम, सुनील कुमार, धनश्याम महतो त्रिभुवन साव, द्वारिका साव, सुखदेव मंडल, बालगोविंद प्रसाद, विजय प्रसाद, दीपक प्रसाद, विकास पाण्डेय, संजय मंडल, दीपक कुमार रजक, महावीर कुमार, लाटो साव, ईश्वर साव, सुरेन्द्र कुमार, राम विजय कुमार, राजेश सोनी, अशोक कुमार, तालेश्वर यादव, राजेन्द्र यादव समेत सैकड़ो की सँख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रिंटिंग प्रेस/मुद्रक, सिनेमा हॉल संचालक, केबल ऑपरेटर, सेलुलर प्रोवाइडर के संचालकों को निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** विधानसभा निर्वाचन 2024 की तारीख के एलान के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आम चुनाव के दौरान टीवी/रेडियो चैनल/ ऑडियो - वीडियो डिस्प्ले / सिनेमा हॉल / इंटरनेट आधारित मीडिया / सोशल मीडिया, ई-पेपर /सेलुलर प्रोवाइडर और केबल ऑपरेटर सहित वेबसाइटों पर प्रसारित होने वाले राजनीतिक उम्मीदवारों के विज्ञापनों के लिए मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति (एमसीएमसी) द्वारा प्रमाणन कराना आवश्यक होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती नैंसी सहाय ने प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों/ मुद्रकों को निर्देश देते हुए प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को प्रचार सामग्री छापने से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा गाइडलाइन जारी किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन हेतु प्रचार सामग्री छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों/मुद्रक को निर्देश देते हुए कहा है कि विधानसभा निर्वाचन-2024 के प्रचार प्रसार में प्रयोग की जाने वाली राजनीतिक प्रचार सामग्री की सम्पूर्ण जानकारी प्रिंटिंग प्रेस व पब्लिशर को होनी जरूरी है। उन्होंने प्रिंटर्स से कहा है कि पोस्टर, पॉम्पलेट या अन्य प्रचार सामग्री में मुद्रक का नाम, प्रकाशक का नाम, मात्रा की संख्या प्रचार सामग्री में उल्लेख करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक चुनाव आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करें, निर्धारित प्रावधानों तथा आयोग के आदेश के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित के खिलाफ नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का लिया संकल्प

चुनाव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद):** झरिया बिहार बिल्डिंग के प्रांगण में रविवार को राजग घटक दलो की एक संयुक्त बैठक हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने किया। बैठक में आजसू नेता राधेश्याम गोस्वामी ने कहा हम सब इस बार इतिहास रचने का कार्य करेगें और डंके की चोट पर सरकार बनाएंगे। जदयू के नेता पिंटू सिंह ने कहा की जिस तरह हम बिहार में एकजुट होकर सुशासन के सपने को सकार कर रहे है उसी तरह झारखण्ड में भी सुशासन की सरकार लाएगें। लोजपा के मुन्द्रिका पासवान, झारिया विधान सभा के संयोजक हरीश जोशी, प्रभारी नितेश चन्द्रवंशी ने संयुक्त रूप से कहा कि झरिया विधान सभा में भाजपा की हवा नही आंधी चल रही है और हम सब रिकार्ड मत से चुनाव जीत कर इतिहास रचेगें। बैठक में मुख्य रूप से नागेन्द्र पासवान, सुरेश पासवान, संजय पासवान, शैलेन्द्र दुबे, रंजीत पासवान, बिहारी लाल चौहान, पुष्पा मेहता, ध्रुव हरि, विरेन्द्र निषाद, विष्णु त्रिपाठी, पिंटू सिंह, विजय सिंह कुशवाहा, अनिल सिंह, दिलीप कुमार, अजय निषाद, शैलेश सिंह चन्द्रवंशी, उमेश यादव रामन्नदंन पासवान, रंजय कुमार सिंह,, शैलेन्द्र द्विवेदी, मधुसुदन सिंह, मनीष कुमार पासवान, दशरथ कुमार, संजय पासवान, राजन कुमार चंचल, जितेन्द्र शर्मा, मलख पासवान, प्रकाश पासवान, नागेश्वर पासवान, अरविन्द कुमार सिंह, शंकर पांडे मौजूद रहे जहा मंच का संचालन महावीर पासवान और धन्यवाद ज्ञापन गंगा राम ने किया।

## अमर्यादित बयान की संथाल समाज व पूरा आदिवासी समाज घोर निन्दा करता है : रमेश हेम्ब्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने आदिवासी महिला विधायक सीता सोरेन जो गुरूजी के बहू और स्वः दुर्गा सोरेन कि धर्म पत्नी के उपर इस तरह कि अमर्यादित ब्यान देने से संथाल समाज एवं पुरे आदिवासी समाज घोर नींदा करती है। चुकी जो व्यक्ति संविधानिक पद पर रहते हुए इस तरह कि अनर्गल ब्यान देना कोई औचित्य नहीं है इस लिए इनका विरोध दलगत भावना से उपर उठ कर पुरजोर विरोध करता हूं और मांग करता हूं कि अविलम्ब इनका गिरफ्तारी हो साथ हीं आदिवासी समाज कांग्रेस अध्यक्ष से मांग करती है कि डॉ इरफान अंसारी का सदस्ता अविलम्ब समाप्त हो और नहीं तो हम आदिवासी समाज कांग्रेस पार्टी के खिलाफ भी गोलबंद है जो आदिवासियों को नाली के कीड़ा के बराबर समझा जाना जो आदिवासी समाज को बर्दास्त नहीं है संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह संयोजक आदिवासी समाज के रमेश कुमार हेम्ब्रोम ने कहा। उन्होंने यह भी कहा की डॉ इरफान अंसारी इस तरह कि ब्यान देकर आपने आप को बांग्लादेशी से कम साबित नहीं किया है इसलिए आदिवासी समाज मांग करती है कि उन्हें सरकार में मंत्री पद से अविलम्ब हटाया जाये नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

## एंजेल्स हाई स्कूल व डीपीएस का पेरेंट्स नाइट-2024 का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के बड़कागांव रोड में शंकरपुर स्थित एंजेल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल का संयुक्त पेरेंट्स नाईट-2024 का आयोजन सोमवार को डीपीएस मैदान में होगा। इस दौरान एंजेल्स हाई स्कूल परिवार लिटिल एंजेल्स स्कूल का 25 वीं वर्षगांठ भी धूमधाम से मना रहा है। पैरेंट्स नाईट में लिटिल एंजेल्स, एंजेल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल के 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के आयु के कुल 1200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। संध्या 5:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि करीब 9:30 बजे तक कल 14 प्रस्तुतियां होंगी जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा शिवजी के नृत्य से कार्यक्रम का शुरूआत कर प्रस्तुति में भारतीय इतिहास, संस्कृति, पौराणिक कथाएं, संदेश, मनोरंजन से लेकर आधुनिक प्रस्तुतियों का मिश्रण होगा जो सामाजिक संदेश बिखरेगा और उपस्थित अभिभावकों का मनोरंजन भी करेगा। कार्यक्रम की तैयारी में विद्यालय परिवार के करीब 255 शिक्षक और 160 नॉन टीचिंग स्टाफ जुटे हुए हैं। पैरेंट्स नाईट के आयोजन को लेकर विद्यालय की निदेशिका निशा जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है विशाल स्टेज के साथ मैदान परिसर में 10 हजार कुर्सी का व्यवस्था किया गया है। स्कूली बच्चों ने लगातार रिहर्सल कर अपनी प्रस्तुति को जीवंत बनाने का भरसक प्रयास किया हैं उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चों की प्रस्तुति को आशीर्वाद देने जरूर पहुंचे। निशा जायसवाल ने बताया कि पैरेंट्स नाईट की मुख्य अतिथि हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय और विशिष्ठ अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग होंगे।

## सदर विस प्रभारी आरती कुजूर ने कहा प्रदीप प्रसाद ही बनेंगे विधायक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग भाजपा के सदर विधानसभा सीट से प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के झींझरिया पूल स्थित कार्यालय में महिला मोर्चा की अध्यक्षा मनोरमा उर्फ शाक्षी राणा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। मौके पर प्रदेश की उपाध्यक्ष सह सदर विस प्रभारी आरती कुजूर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की जनता अब जान चुकी है कि हेमंत सरकार को विकास से मतलब नहीं है,उन्हें बस सत्ता की मलाई चाहिये।भाजपा सरकार का एक ही संकल्प है झारखंड का चौतरफा विकास हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास को नए पंख दे रही है। मैय्या सम्मान योजना जो एक महिलाओं के साथ छलावा है।हेमंत सोरेन ने महिलाओं को ठगने का काम किया है। झारखंड राज्य की महिलाएं मैय्या योजना का लाभ लेने के लिए दर बदर ब्लॉक का चक्कर काट रही है। लेकिन हेमंत सोरेन के कान में चु तक नहीं रेंग रहा है। बस कुछ दिन और हेमंत सोरेन सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का कार्य इस राज्य की महिलाएं बहुत जल्द ही करने वाली है। श्रीमती कुजूर ने कहा कि बूथ स्तर तक जाकर आप सभी बहने अपने भाई अपने बेटे भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के समर्थन में वोट देने की अपील करे और प्रदीप प्रसाद को प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करवा कर राँची भेजने का कार्य करे।महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सह हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा जिला की चुनाव प्रभारी सुचिता सिंह ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि राज्य मे महिलाओं पर हों रहे आर्थिक, मानशिक, शारीरिक, सामाजिक शोषण का जवाब सत्ता परिवर्तन कर देंगे। वर्तमान हेमन्त सोरेन की सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम महिलाएं करेंगी। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मनोरमा राणा ने कहा कि चुनाव की तैयारी को लेकर महिला जनसंपर्क अभियान चलाएंगी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ पदमा का आगमन हजारीबाग लोकसभा में होने वाला है। जिसकी शुरूआत सदर विधानसभा से होगी जो बूथ से लेकर शक्ति केंद्र तक जनसंपर्क अभियान चलायेगी।

# हर्ष अजमेरा ने जन आशीर्वाद यात्रा के दूसरे दिन कटकमदाग प्रखंड में किया दौरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग के विभिन्न पंचायतों में युवा नेता सह निर्दलीय चुनाव प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपनी जन आशीर्वाद यात्रा किया। इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की जनता से सीधे संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझा और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। युवा नेता हर्ष अजमेरा के प्रति लोगों का समर्थन और उत्साह साफ तौर पर दिखा, जो उनकी सामाजिक सेवा और क्षेत्र के विकास के प्रति उनके संकल्प को सराहते हैं। जन आशीर्वाद यात्रा की विधिवत शुरूआत नरसिंह स्थान मंदिर में पूजा अर्चना से हुई। इसके उपरांत हर्ष अजमेरा ने कई महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया, जिसमें खपरियांवा चौक, खपरियांवा हरिजन मोहल्ला, नवादा हरिजन मोहल्ला, नवादा प्राथमिक विद्यालय, जमुवारी चौक, फातहा चौक, ओदारना प्राथमिक विद्यालय, जुमवारी चौक, हुरुदाग, रझर इमली पेड़, पूंदरी हारम, बेस, ढेगुरा पंचायत भवन सहित अनेक गांव और मोहल्ले शामिल थे। सभी स्थानों पर स्थानीय लोगों ने आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया वहीं झारखंडी रीति रिवाज में स्वागत व अभिनंदन कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रत्येक स्थान पर उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और उनसे चर्चा की वह किस प्रकार से जनसेवा को प्राथमिकता देकर उनके जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

**शहीद जगदीश कच्छप को श्रद्धांजलि**

**यात्रा** के दौरान हर्ष अजमेरा ने शहीद जगदीश कच्छप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, हमारे शहीदों का बलिदान हमें समाज की सेवा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस श्रद्धांजलि से स्थानीय लोगों में भी सम्मान का भाव उत्पन्न हुआ और उन्होंने हर्ष अजमेरा के विचारों का समर्थन किया।

**जनता का अभूतपूर्व समर्थन**

**यात्रा** के दौरान जनता ने एक स्वर में हर्ष अजमेरा का स्वागत किया और कहा कि अबकी बार तीसरे विकल्प के रूप में उन्हें एक ऐसे विधायक की आवश्यकता है, जो युवा होने के साथ-साथ सामाजिक सेवा में भी अग्रणी हो। लोगों का मानना है कि हर्ष अजमेरा की सोच और कार्यशैली उन्हें क्षेत्र के लिए उपयुक्त प्रतिनिधि बनाती है। हर्ष अजमेरा ने जनता के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा,आप सभी का समर्थन और आशीर्वाद मेरे लिए प्रेरणास्त्रोत है। मेरे लिए राजनीति समाज सेवा का माध्यम है, और मैं हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा। श्री अजमेरा ने जनता को भरोसा दिलाया कि उनका उद्देश्य राजनीति से केवल सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहना है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में वह क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दों पर विशेष ध्यान देंगे और इन क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। जन आशीर्वाद यात्रा का दूसरा दिन हुआ, जहां स्थानीय निवासियों ने उन्हें पूर्ण समर्थन और आशीर्वाद दिया। जन आशीर्वाद यात्रा में लोगों का जोश और समर्थन देखकर यह स्पष्ट हो गया कि हर्ष अजमेरा को जनता का भरपूर साथ मिल रहा है और लोग उन्हें एक नई उम्मीद के रूप में देख रहे हैं।

## एक झलक

### नगर आयुक्त ने की रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक

**धनबाद:** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने रविवार को न्यू टाउन हॉल में रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक की। नगर आयुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान में कम रुचि दिखाते हैं। जिस कारण मतदान प्रतिशत कम दर्ज होता है। उन्होंने एसोसिएशन से सोसाइटी के हर मतदाता को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने, उनके एक-एक वोट का महत्व समझाने, मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं के बारे में बताने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के समापन पर सभी को विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

### बाल विवाह के खिलाफ निबंध व चित्रांकन प्रतियोगिता सम्पन्न

**बाघमारा (धनबाद):** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र कुमारडीह में बाल विवाह उन्मूलन पर किशोरी मण्डल के सदस्यों का निबंध लेखन एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में बुलंद आवाज किशोरी समूह की 35 सदस्यों ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ निबंध लेखन एवं सर्वश्रेष्ठ चित्रांकन प्रतियोगी को झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में उपस्थित ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरियां अपने लेखन कला एवं चित्रांकन कला को प्रदर्शित कर अपने आपका क्षमता वर्द्धन कर बाल विवाह को समाप्त करने की दिशा में पहल कर सकते हैं। मौके पर विनोद महतो, नईमुद्दीन अंसारी, पूजा कुमारी, गुलनाज बानो, चंदा कुमारी, रिया कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, जया कुमारी, अनमोल कुमारी नगमा परवीन, जोशना कुमारी, अंजना कुमारी, पंपा कुमारी, रिया कुमारी, नाजिया परवीन, सविता कुमारी, सुजाता कुमारी, ईशा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सरिता कुमारी आदि शामिल थी।

### केन्दुआडीह सहित तीन थाना क्षेत्रों से 4.52 लाख बरामद

**धनबाद:** विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न थाना व ओ.पी. क्षेत्रों में सघन जांच अभियान जारी है। साथ ही मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए नगद राशि, शराब सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम के लिए 11 इंटर स्टेट तथा 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जहां लगातार आने जाने वाले हर छोटे बड़े वाहनों की कड़ाई से जांच की जा रही है। इस क्रम में शनिवार की संध्या 7:00 बजे तक केंदुआडीह, सरायढेला तथा धनबाद थाना क्षेत्र से फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने जांच के दौरान 4 लाख 52 हजार 500 रुपए नगद बरामद किए। इसके विस्तृत जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान केंदुआडीह थाना क्षेत्र से 1 लाख 49 हजार 500, सरायढेला थाना क्षेत्र से 1 लाख 8 हजार एवं धनबाद थाना क्षेत्र से 1 लाख 95 हजार रुपए नगद बरामद किए गए। वहीं शनिवार रात तक बरामद की गई राशि को लेकर अब तक फ्लाइंग स्क्वॉड टीम व स्टेटिक सर्विलांस टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्र व ओ.पी. में जांच करने के दौरान कुल 1 करोड़ 69 लाख 76 हजार 154 रुपए नगद बरामद किए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 26 अक्टूबर 2024 तक सिंदरी विधानसभा से 3 लाख रुपए, निरसा से 26 लाख 64 हजार 300, धनबाद विधानसभा से 42 लाख 76 हजार 784, झरिया विधानसभा से 9 लाख 78 हजार, टुंडी से 6 लाख 76 हजार 800 तथा बाघमारा विधानसभा से 80 लाख 80 हजार 270 रुपए नगद बरामद किए गए हैं।

# भाजपा-कांग्रेस उम्मीदवारों के समक्ष अपनी जीती सीट बचाने की बड़ी चुनौती

विधानसभा चुनाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद:** विधानसभा चुनाव 2024 की रणभेरी बज चुकी है। झरिया धनबाद सहित सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में 20 नवंबर को चुनाव होंगे। चुनावी दंगल में उतरे भाजपा एवं उसके सहयोगी दल तथा झामुमो एवं कांग्रेस के लिए अपने परंपरागत सीट को बचाने की चुनौती होगी। धनबाद, निरसा एवं बाघमारा में विधानसभा क्षेत्र में 2019 में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की जीत हुई थी। इस वर्ष 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने धनबाद से विजई प्रत्याशी रहे राज सिन्हा, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता तथा सिंदरी से विजय उम्मीदवार रहे इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी को चुनाव मैदान में उतारा है। इसी तरह बाघमारा से विजई रहे ढुल्लू महतो जो अब सांसद हैं,और इनके बड़े भाई भाई शत्रुघ्न महतो को प्रत्याशी बनाया है। वर्ष 2019 में टुंडी से झामुमो के मथुरा महतो एवं कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह झरिया विधानसभा से विजई रही थी। इस चुनाव में भी झामुमो ने मथुरा महतो को टुंडी से एवं कांग्रेस ने पूर्णिमा निरज सिंह को झरिया से चुनाव मैदान में उतारा है। धनबाद जिले के इन सभी विधानसभा क्षेत्र में जीते हुए उम्मीदवारों के लिए इस बार अपना सीट बचाए रखने की बड़ी चुनौती होगी। धनबाद जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्र कोलियरी बहुल क्षेत्र है। जहां आम जनता के साथ ही कोयला मजदूरों की भी निर्णायक भूमिका होती है। चुनावी समीकरण की बात देखें तो धनबाद झरिया निरासा सिंदरी क्षेत्र में मजदूरों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।



जनता मजदूर संघ, जनता श्रमिक संघ, बिहार कोलियरी कामगार यूनियन, भारतीय मजदूर संघ ऐसे श्रमिक संगठन है जो क्रमशः भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस एवं वामपंथी दलों से संबंध है। झरिया विधानसभा क्षेत्र में जहां जनता मजदूर संघ एवं जनता श्रमिक संघ भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के पक्ष में है। वहीं, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ एवं जनता मजदूर संघ बच्चा गुट कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह के पक्ष में। निरसा विधानसभा क्षेत्र में वामपंथी उम्मीदवार अरूप चटर्जी के पक्ष में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के कार्यकर्ता कमान थामे हुए हैं। धनबाद में भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा को भारतीय मजदूर संघ का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। चुनाव में एक-एक मत कीमती होता है हर उम्मीदवार उसे एक मत को अपने पक्ष में करने का प्रयास जी जान से कर रहे हैं। अब देखना यह है कि विगत चुनाव में विजई रही है रहे यह सभी प्रत्याशी क्या इस बार भी विजयश्री का पताका लहरा सकेंगे या फिर जनता दूसरे को मौका देगी।

## बाघमारा विधानसभा के दिग्गज आज करेंगे नामांकन

**कतरास (धनबाद):** बाघमारा से भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो, कांग्रेस के प्रत्याशी जलेश्वर महतो, रोहित यादव, सपा से सूरज महतो, दीपक रवानी एवं अन्य कई प्रत्याशी धनबाद उपायुक्त कार्यालय में 28 अक्टूबर को नामांकन करेंगे।

इन दिग्गजों के साथ भारी संख्या में चार पहिया, दो पहिया वाहनों से भारी संख्या में समर्थक जाने की संभावना है। इसके अलावे टुंडी से माना पाठक, अजमुल अंसारी, पप्पू निषाद एवं अन्य कई उम्मीदवार भी नामांकन करेंगे। सभी उम्मीदवारों के साथ उनके कार्यकर्ता भी मौजूद होंगे।

**धनबाद में समाजवादी पार्टी ने दी दस्तक**

**समाजवादी** पार्टी के अखिलेश यादव ने बाघमारा से सूरज महतो एवं टुंडी से अजमुल अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। रविवार को काको स्थित अपने जन शक्ति दल प्रधान कार्यालय में सूरज महतो एवं अजमुल अंसारी ने एक प्रेस वार्ता कर कहा कि आज सोमवार को हम धनबाद में नामांकन करेंगे, इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है।





उन्होंने आगे कहा कि हम लोग निर्णय लिए है कि समाजवादी पार्टी जो देश की तीसरी बड़ी पार्टी है उसमें अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में काम किए है यहां भी जोश खरोस के साथ समाजवादी पार्टी काम करेगी और यहां बेरोजगार भुखमरी शिक्षा चिकित्सा एवं अन्य कई सुविधाएं को पूरा करेगी, यहां के युवाओं को 15 वर्षों से ठके जा रहे हैं, उन्हें न्याय दिलाने का समय आ गया है। अजमुल ने आगे कहा कि जब तक हम इस पार्टी मे नहीं जाएंगे तब तक जनता की समस्या दूर नहीं होगी हमें जनता की समस्या को दूर करना होगा यदि हम नहीं मिलेंगे इस पार्टी से तो यहां किसी समस्या का निदान कैसे होगा। कल बाघमारा और टुंडी का नामांकन ऐतिहासिक होगा और जनता हमें वोट देकर विधानसभा तक पहुंचाएगी, हमें विश्वास है जनता अब बदलाव चाहती है। सूरज महतो ने कहा कि हम दोनों ने आला कमान से मिलकर इतना बड़ा फैसला लिए हैं और सबसे बड़ी बात है कि युवा हमारे साथ हैं और हमेशा रहेंगे और यदि सभी का साथ रहा तो टुंडी और बाघमारा में विकास का बयार बहेगी इसे कोई नहीं रोक सकता।

## मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, चुनाव पर की चर्चा

**धनबाद :** धनबाद विधानसभा अंतर्गत धनबाद प्रखंड में आने वाले विभिन्न मंडलों में धनबाद के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने की बूथ के अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। वहीं कार्यकर्ताओं ने राज सिन्हा को टिकट मिलने पर बधाई दी तथा माला पहनाकर स्वागत किया। मनईटांड़ मंडल, भूली मंडल, सदर मंडल के बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति तैयार करने को कहा। उसके बाद दुर्गा मंडप भूदा में मन की बात कार्यक्रम तथा भूली के द्वारा भूली के सभी दुर्गा पूजा कमिटियों को सम्मानित कार्यक्रम में शामिल हुए।



## धनबाद विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी कुणाल कुमार करेंगे नामांकन

**धनसार/धनबाद :** अनुग्रह नारायण स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कुणाल कुमार ने बताया कि 28 अक्टूबर को धनबाद विधानसभा सभा के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। उन्होंने कहा प्राकृतिक न्याय की ओर झारखण्ड संसाधन/संपदा/खजाना का बँटवारा करेंगे। हर एक झारखण्डवासियों को हिस्सेदार बनायेंगे। भारतीय लोकतंत्र स्वतंत्रता समानता न्याय की अवधारण पर चल रही है, इसलिए संसाधन/संपदा/खजाना का रक्षा करना हमारा दायित्व और कर्त्तव्य है।आजादी के 77 वर्षों और झारखण्ड के 24 वर्षों बाद भी धनबाद जो पहले बंगाल फिर बिहार और अब झारखण्ड का हिस्सा है।श्री कुमार ने कहा वर्तमान में कुपोषण, एनीमिया,अशिक्षा, उच्च गुणवत्ता का प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा का अभाव नतीजा कौशल विकसित तथा तर्कशील मानव संसाधन का अभाव,स्वास्थ्य सेवा में समानता तथा स्वास्थ्य संरचना का अभाव, शारीरिक विकास हेतु खेल-कूद के संरचना का अभाव, रोजगार का घोर अभाव है। जिसका समाधान विधायक बनते ही एक वर्षों में करेंगे। खनिज के रॉयल्टी का हिस्सा डी.बी.टी. के माध्यम से झारखण्डवासियों को 2500/- रुपया हर महीना बैंक खाता में, हर



वार्ड नगर निगम क्षेत्र पंचायत में भव्य धनबाद आधुनिक डीजिटल स्कूल साथ में कौशल विकास, स्कूल 100 करोड़ की लागत से 100 एकड़ में बनेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में धनबाद विधानसभा अंतर्गत सुपर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, स्टील गेट, धनबाद और एसएसएलएनटी. अस्पताल हावड़ा मोटर, पुराना बजार, धनबाद को सुचारू रूप से चालू करेंगे तथा हर वार्ड/पंचायत में 10 बेड का स्थानीय अस्पताल की स्थापना ,रोजगार- रोजगाबाद विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पाँच हजार दुकान बनाकर छोटे-छोटे दुकानदारों को दिया जायेगा। पूँजी के रूप में एक लाख से एक करोड़ तक ब्याज मुक्त ऋण देंगे। धनबाद विधानसभा क्षेत्र में 10 फुड पार्क बनायेंगे। दिहाड़ी मजदूर का मजदूरी प्रतिदिन रु. 910/- करेंगे। विधि व्यवस्था पर विशेष फोकस कर तीसरी नजर रखेंगे और वार्ड/पंचायत में समाधान सेवा केन्द्र खोला जायेगा।

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का विजया सम्मेलन सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति द्वारा विजया सम्मेलन रेलवे इंस्टिट्यूट माझेरपारा दुर्गा मंदिर में मनाया गया। सम्मेलन का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं संचालन जिला सचिव राणा चट्टराज ने किया। सर्वप्रथम सभी ने एक दूसरे को विजया शुभकामना एवं बधाई दिया। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि बंगाली सामुदायिक का प्रमुख उत्सव दुर्गा पूजा है और दशमी को विजयादशमी मानते हैं,उसी के संदर्भ में आज का कार्यक्रम रखा गया,देश नहीं पूरे दुनिया में बांग्ला संस्कृति एवं परंपरा का एक अलग पहचान रखते हे,आज की युवा पीढ़ी जो अधिकतर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ते



हैं,उन बच्चों के माता-पिता से अपील करते हैं कि अपने बच्चों को बांग्ला शिक्षा एवं संस्कृति को हर हाल में अवगत कराएं ताकि आने वाला पीढ़ी अपने संस्कृति एवं परंपरा को भूले नहीं, समिति का आगामी कार्यक्रम दिसंबर महीना को रवींद्रनाथ टैगोर नजरुल इस्लाम एवं सुकांतो भट्टाचार्य के विषयों को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा, एवं समिति द्वारा प्रत्येक बार की तरह इस बार भी बांग्ला जात्रा का आयोजन किया जायेगा।

बैठक में मुख्य रूप से कल्याण भट्टाचार्य, कल्याण घोषाल, सुशोभन चक्रवर्ती, बादल सरकार, टनि बनर्जी, कल्याण राय,जयदीप बनर्जी, बुरो विश्वास, बादल पात्र, सुमंतो मुखर्जी, बापी विश्वास, तोरूण गोस्वामी, टुबाई बनर्जी, गौरव मंडल, अमिताभ बैनर्जी, अभिक घोष, सुशील घोष, अभिषेक राय, सुभाशीष गुहा, गजा चटर्जी आदि लोग शामिल थे।

## झरिया-सिन्दरी मुख्य मार्ग चासनाला के गेट के समीप बना मौत का कुआं

**पाथरडीह (धनबाद) :** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित चासनाला के के गेट चेक पोस्ट के समीप इन दिनों इतना खतरनाक हो चुका है की कभी भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। सड़क के दोनो ओर से कोयला लदा वाहनों का दिन रात आना जाना लगा रहता है। लेकिन इस ओर न तो किसी प्रतिनिधियों, न ही आला अधिकारियों का ध्यान है। जबकी इन्ही सड़क मार्ग से उनका भी आना जाना होता है। आए दिन कोई न कोई छोटी मोटी घटना लगा रहता है। यहीं नहीं जहां तहां अधूरा सड़क मार्ग को छोड़ दिया गया है। आम जनों को भी बहुत ही दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

## इनर व्हील क्लब ने अपर्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित की रंगोली प्रतियोगिता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन डिस्ट्रिक्ट 325, चार्टर 8181 ने गोविंदपुर रोड गोसाईडीह स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल में दिवाली के मद्देनजर दिया डेकोरेशन व रंगोली बनाओ कंपटीशन का रोचक आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागिओ ने एक से बढ़कर एक खूबसूरत, आकर्षक और दर्शनीय दीया डेकोरेशन,डिजाइन कार्ड डेकोरेशन, रंग बिरंगी कैंडल बनाकर प्रभावित किया एवं अपनी अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया। अपर्णा पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर एवं इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद



माइलस्टोन की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा रंगोली प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में रंगोली कला को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और इस प्रतियोगिता में भाग लेकर बच्चों ने अपनी रचनात्मक कौशल का परिचय दिया है। रंगोली एक बहुत ही प्राचीन कला है इसके पीछे की भावना और संस्कृति में बहुत समानता है। अपर्णा स्कूल में विगत कई दिनों से प्राचार्य अनुपम नायक एवं वर्ग शिक्षिकाओं के देखरेख में बच्चे प्रतियोगिता के लिए अभ्यासरत थे। विजेता प्रतिभागियों को उपहार एवं प्रमाण पत्र दिए गए। साथ ही स्कूल के प्राचार्य अनुपम नायक को विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल,सांस्कृतिक गतिविधियों और आर्टवर्क के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया।

## धनबाद जिला टीम 7-1 गोल से गरवा को किया पराजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** सिजुआ स्टेडियम में आयोजित अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को धनबाद जिला की टीम 7--1 से गरवा को पराजित किया। धनबाद के पंकज हेंब्रम दो गोल, रवि लाल हेंब्रम, निमाई मोदी, नितेश प्रध्या, सन्नी हीरो, इजाज ने एक-एक गोल किया किया। मैच में मुख्य अतिथि बड्र्स गार्डन स्कूल राजगंज के निदेशक सह प्रिंसिपल प्रमोद चौरसिया को संघ के कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन एवं सिजुआ एजुकेशनल एडं स्पोर्ट्स क्लब के सचिव सुरेंद्र सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए।

सभी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किये। इस



अवसर पर संघ के पदाधिकारी मृदुल बोस, डॉ. विकास रमन, शुभंकर सरकार, सतीश सिंह मैच कमिश्नर उदय मिश्रा उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका अर्जुन उरांव, प्रकाश चंद्र सवैया, जोरागं एस टोपनो (सभी रांची) मनोज कुमार महतो (बोकारो) ने निभाया। सभी ने टीम के जीत पर खिलाड़ियों के साथ-साथ मुख्य कोच सुभाष लोध, असिस्टेंट कोच लखन सिंह, टीम मैनेजर ताहिर अंसारी को बधाई दिए। कल धनबाद बनाम रामगढ़ के बीच मैच होगा।

## सरकार हर घर नल जल योजना धरातल पर नहीं ला पायी: रागिनी सिंह

**झरिया (धनबाद) :** भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह रविवार को झरिया के पुराना बालिका विद्या मंदिर, चार नंबर सब्जी बगान, लिलोरी पथरा, भौरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष मे मतदान करने की ग्रामीणों से अपील की। जनसंपर्क के दौरान सब्जी बगान में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने प्रत्याशी को बिजली पानी जैसे मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि सब्जी बगान का रास्ता पाइप बिछाने के दौरान सड़क को बर्बाद कर दिया। आमजनों को आने जाने में काफी दिक्कत उठाना पड़ रहा है। पाईप बिछा कर सिर्फ छोड़ दिया गया है लोग यही आस लगाए हुए कि पाईप से पानी कब गिरेगा।

## सीता सोरेन का अपमान असहनीय : रागिनी सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद):** भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के सम्मान में रविवार को मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा ने झरिया अग्रवाल धर्मशाला में स्वागत समारोह का आयोजन किया। सदस्यों ने प्रत्याशी रागिनी सिंह को पट्टा ओर गुलदस्ता भेंट कर जीत की अग्रिम बधाई दी। मौके पर झरिया चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी भी उपस्थित थे। मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा के सदस्यों ने प्रत्याशी श्रीमती सिंह को समर्थन देते हुए कहा कि इस बार पूर्ण रूप से भाजपा की सरकार ही बनेगी।चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि जामताड़ा से पार्टी की महिला प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल





किया है आदिवासी महिला सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने रिजेक्टेड माल बोला है, उनको शर्म करनी चाहिए। इरफान अंसारी ने केवल सीता सोरेन का अपमान नहीं किया बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया है। हर व्यक्ति हेमंत सरकार से छुटकारा पाना चाहता है। छात्रों, महिलाओं सहित हर व्यक्ति ने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है। प्रत्याशी रागिनी सिंह ने कहा कि राज्य में पिछले पांच वर्षों से गठबंधन की सरकार है। यह सरकार केवल लूट खसोट की सरकार बनकर रह गई। हमारा झरिया बहुत मायूस दिख रही है, 5 सालों में क्या खोया है झरिया देवतुल्य जनता भली भांति जान रही है चुनाव आते ही सड़क और नाली बनने लगा। वह भी नाली और सड़क पानी के बहाव में बह गया। भाजपा के कार्यकाल में ही राजा तालाब का फंड पास हुआ था। डीपीआर के तहत राजा तालाब का सौंदर्यकरण होना था। क्या हुआ सिर्फ लीपापोती का करने का काम किया। राज्य की जनता को बरगलाने के लिए मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की गई और पेंशन, विधवा, वृद्धा पेंशन विकलांग पेंशन योजनाओं को बंद कर दिया गया। कहा की कांग्रेस कार्यकाल में व्यापारी वर्ग अपना व्यवसाय सही नहीं कर पा रहे थे, डरे सहमे थे। सिंह मेंशन परिवार हमेशा जनता के बीच रहा है,झरिया की जनता अब जान चुकी है कौन जनता को छलने का काम किया है। भाजपा के पक्ष में मतदान कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत कर एक अच्छी सरकार बनाए।

# अगली पीढ़ी अपने झरिया की समस्याओं के लिए नहीं, बल्कि सुविधा के लिए याद रखेगी : पूर्णिमा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद):** रविवार को झरिया विधायक सह झरिया कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने झरिया के जीतपुर धौरा, बस्ताकोला पहाड़ी व बस्ताकोला कोलियरी नं. 7 में जनसंपर्क कर दर्जनों स्थानीय महिला और पुरुषों से संवाद किया। विधायक ने संवाद करते हुए सरकार द्वारा चलाये जाने वाले योजनाओं के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना के संबंध में विधायक ने जानकारी दी और मंईयां योजना का लाभ प्राप्त होने पर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। संबोधन करते हुए विधायक ने जनता से बच्चों के



भविष्य के लिए वोट करने की अपील की और झरिया में हुए विकास कार्यों से अवगत कराया। विधायक ने कहा झरिया के ऐतिहासिक स्थानों का संरक्षण, स्कूल कॉलेज निर्माण और उसका संचालन के साथ-साथ यहाँ संरचनात्मक ढ़ांचे का विकास कर विकास के नये कीर्तिमान गढ़े जायेंगे। अगली पीढ़ी अपने झरिया की समस्याओं के लिए नहीं बल्कि सुविधा और व्यवस्थाओं के लिए याद रखेगी। मौके पर अबरार अहमद, सिन्टू, रामकृष्ण पाठक, रामकृष्ण पाठक, कुंदन पासवान, रोहित पंडित, भोला पासवान, रेखा देवी, सबिता देवी, सचिन देवी, इंदर देवी , लालपरी देवी, तेतरी देवी, यशोदा देवी, सोनी देवी, पूजा देवी, मानो देवी, सोनाली देवी, जितेंद्र पासवान, शत्रुघन पासवान, सुरेश भुइया, राधा भईया सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् ने विधायक को किया सम्मानित

**झरिया (धनबाद) :** राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् ने झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह जी को कतरास मोड़ स्थित कार्यालय पर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। परिषद् के धनबाद जिलाअध्यक्ष लखन विश्वकर्मा ने कहा झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की कार्यशैली से हम सब बहुत प्रभावित हैं। उनका समाज के प्रति लगाव देखकर हम सबको प्रेरणा मिलता है कि वे न दिन देखतीं हैं न रात- अपने लोगों के लिए हमेशा प्रतिबद्धता से समर्पित रहतीं हैं, हम उनके इस जज्बे को सलाम करते हैं। परिषद् के महासचिव अशोक पाण्डेय ने कहा विधायक द्वारा झरिया में हुए विकास कार्यों ने पूरे झरिया को एक नया भविष्य दिया है जहाँ कभी पूरे झरिया को हटाने की बात कही जाती थी अब यहाँ अस्पताल, कॉलेज, आदि की सुविधा वापस लौटी और झरिया के लोगों का हौसला बढ़ा कि हम सुरक्षित नेतृत्व में हैं, यह विधायक जी के सामाज सेवा के भाव को दशार्ता है और उन्हें सम्मानित कर यह संस्था स्वयं सम्मानित हुई है। विधायक ने परिषद् के प्रति आभार जताते हुए कहा यह झरिया की जनता का सम्मान है और उनके स्नेह, प्यार और भरोसे ने ऐसे कई मौके दिए हैं और भविष्य में और भी मौके देंगे।



## सम्पादकीय.....

# आतंकवादियों की बौखलाहट

**जम्मू-कश्मीर** के गांदरबल जिले में 20 अक्तूबर की रात को हुए आतंकी हमले ने वहां शांति की नाजुक स्थिति को एक बार फिर उजागर कर दिया है। निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूरों को निशाना बना कर आतंकवादियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे हिंसा और भय का माहौल बना कर क्षेत्र में विकास के कार्यों को बाधित करना चाहते हैं। सुरक्षा बलों की सतर्कता के बावजूद, आतंकी अपनी गतिविधियों को तेज करने में लगे हुए हैं। आतंकवादियों ने जिस तरह से एक कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गम्भीर घटना है। इस हमले से न केवल आतंकवादियों की बौखलाहट सामने आयी है, बल्कि उनकी बदलीं प्राथमिकताओं का भी पता चलता है। पिछले कई वर्षों से सुरक्षा बलों की चौकसी के कारण जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आयी कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते प्रभाव से चिन्तित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों को चुना, जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम अथवा मुश्किल थी। लक्षित हमले के माध्यम से बाहरी लोगों को निशाना बनाया, ताकि उनमें घबराहट फैले और पर्यटकों का आना कम हो। लेकिन, ये तमाम चालें निष्फल साबित हुईं। चुनाव में बाधा डालने का उनका प्रयास भी विफल रहा। लोकसभा चुनाव तो शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए ही, विधानसभा चुनाव भी निर्विघ्न सम्पन्न हो गये। इस दौरान इन तत्त्वों के लिए सबसे अधिक तकलीफदेह बात यह रही कि इन चुनावों में लोगों की भागीदारी के भी कीर्तिमान बन गये। इस स्थिति को देखते हुए अब आतंकी तत्त्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसम्भव प्रयास करते रहेंगे। ध्यातव्य है कि इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनायी जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि रणनीतिक तौर पर भी विशेष महत्त्व रखता है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध सम्पर्क सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही, श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगनेवाला समय भी कम हो जायेगा। यही नहीं, इस टनल के माध्यम से टूरिस्टों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित की जा सकेगी। इन स्थितियों को देखते हुए कहना गलत नहीं होगा कि विदेशी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्त्वों ने इस एक हमले के माध्यम से कई उद्देश्य पूरे करने के प्रयास किये हैं। इस अंतराल में अच्छी बात यही रही है कि आतंकी हमले के खिलाफ पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट दिखा है। सबसे बड़ी बात यह कि अब आतंक के खिलाफ उठे इन स्वरों में जम्मू-कश्मीर के लोगों का नेतृत्व कर रहीं आवाजें भी शामिल हैं। तात्पर्य यह कि आतंकवाद सर्वथा भर्त्सनात्मक है और हमेशा इसकी भर्त्सना ही होगी। इस विषय पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के स्वर भी हमेशा एक ही रहेंगे। केन्द्र और राज्य ; दोनों ही सरकारें जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद के समूल नाश के प्रति दृढ़ संकल्पित दिख रही हैं।

## ● किसने क्या कहा



तीन आपराधिक कानूनों में बदलाव औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करनेवाली महत्वपूर्ण घटना

जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति



केन्द्र सरकार झारखंड के धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की मनायेगी 150वीं जयंती

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# धनतेरस से प्रारम्भ होता है दीपावली पर्व

विशेष — रमेश सर्राफ धमोरा

**विवाह** के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार प्राण ले जा रहे थे, उस वक्त उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुन कर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा। परन्तु, विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे, उसी वक्त उनमें से एक ने यमदेवता से विनती की। हे यमराज, क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है, जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु के लेख से मुक्त हो जाये। दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यमदेवता बोले...'हे दूत, अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है। इससे मुक्ति का एक आसान तरीका मैं तुम्हें बताता हूं ; सो सुनो। कार्तिक कृष्ण पक्ष की रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेंट करता है, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है।

**दीपावली** का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस का त्योहार दीपावाली पर्व के पहले दिन को दर्शाता करता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने के लिए माना जाता है और इसलिए इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदे। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है। धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चैक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाह किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए।



हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर एक दीया तुलसी महारानी के लिए एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं। धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है। धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मरण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दू धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्ताने होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते है। धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नयी रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें। साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाये रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है। धनतेरस को मृत्यु के देवता यमराज जी की पूजा करने के लिए संध्या के समय एक वेदी (पाट्टा) पर रोली से स्वास्तिक बनाइये। उस स्वास्तिक पर एक दीपक रखकर उसे प्रज्वलित करें और उसमें एक छिद्रयुक्त कोड़ी डाल दें। अब इस दीपक के चारों ओर तीन बार गंगा जल छिडकें। दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोडकर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं।

# दीपशिखा भारत का मन है

गौरतलब — हृदयनारायण दीक्षित

**शरद** पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आनेवाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। भारत ने प्रगाढ़ अंधकार वाली इस रात्रि को दीपोत्सव बनाया। शरद पूर्णिमा की रात रस, गंध, दीप्ति, प्रीति, मधु, ऋत और मधुआनन्द, तो इसके ठीक बाद झमाझम दीपमालिका। कार्तिकी अमावस का अंधकार प्रकाश की अनुपस्थिति ही नहीं होता। माना जाता है कि यह अस्तित्वगत होता है, अनुभूति प्रगाढ़ हो, तो पकड़ में आता है। जहां जहां तमस् वहां वहां प्रकाश-दीप।

**तीन** दिन बाद भारत में दीपपर्व है। वातावरण मधुवाता है। कुछ दिन पहले गर्म हवाओं के झोंके थे। संप्रति वातायन में न शीत है और न ही उमस ताप। वर्षा रानी भी गरज बरस कर चली गईं। धन का पर्व धनतेरस है। भारत ने अपनी करेन्सी को रूपया कहा। मुद्रा का 'रूपया' नाम और भी दिलचस्प। 'रूप-या' संस्कृत से आया है। रूप-या का अर्थ हुआ-जो रूप है। रूपया बड़ा मजेदार है। आकर्षण भी है। रूप में यह कागज है। इस रूप के भीतर समस्त भौतिक वस्तुए छुपी हैं। यहाँ रूपया दो, जो पसंद है वह लो। रूपया बड़ा शक्तिशाली है। ऋग्वेद में उचित ही मुद्रा को देवताओं जैसा शक्तिशाली बताया गया है। तरह-तरह के रूप धारण करना। रूपया बहुरूपया है। धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है। लक्ष्मी मनुष्य को धनार्जन 'शुभ लाभ' देती हैं। अर्थशास्त्र में उद्यमी को साहसी बताया गया है। वह साहस करता है, कारखाना वगैरह लगाता है। साहस का प्रतिफल पाता है। 'शुभ लाभ' भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में श्रमिकों का शोषण, टैक्सचोरी और भ्रष्टाचार भी शामिल है। 'शुभ लाभ' ईमानदार उद्यमी का हिस्सा है। पर्व त्योहार दिक और काल के भीतर हैं। देव प्रकाशवाची हैं। जहां-जहां ज्योतिर्गमय प्रकाश, वहा वहां दिव्यता और वहां-वहां देवता। हम भा-रत हैं। भा अर्थात प्रकाश, रत यानी संलग्न। माना जाता है कि प्रकाश और अंधकार का संघर्ष सनातन है। लेकिन यह सही नहीं है। अंधकार और प्रकाश दो नहीं हैं। प्रकाश का शून्य हो जाना अंधकार है। इसी तरह अंधकार शून्य होना प्रकाश है। सूर्य प्रकाश पुंज है। उन्हें नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्घ्य देकर पूंजते हैं। चन्द्र ब्रह्माण्ड का मन है। पूर्णिमा का प्रकाश उपास्य है। दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण अंधकार रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र अपनी पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा। श्रावण की पूर्णिमा रक्षाबंधन होती है लेकिन शरद् चन्द्र का क्या कहना? बहुत दूर आसमान में बैठा शरद् चन्द्र धरती की प्रीति में अमृतघट उलीचता है, भारत ने शरद् पूनो के चन्द्र को बहुत प्यार किया है।

## अंकजाल - 7712

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 21 | 17 | 24 | | 18 | 21 | 10 | 17 | |
| 18 | | 4 | | | | 7 | | 8 | 22 |
| 15 | 7 | | 3 | | 2 | | 3 | | 16 |
| 15 | | 6 | | | | 7 | | 5 | 17 |
| 29 | 7 | | 5 | | 8 | | | | |
| | | | | 7 | | 6 | | 5 | 25 |
| 16 | 2 | | 6 | | | | 8 | | 23 |
| 23 | | 8 | | 4 | | 6 | | 7 | 21 |
| 21 | 3 | | 6 | | | | 2 | | 12 |
| | 10 | 18 | 18 | 28 | | 22 | 22 | 27 | |

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

### अंकजाल 7711 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 18 | 20 | 11 | | 27 | 26 | 13 | 17 | |
| 13 | 3 | 6 | 4 | | 4 | 9 | 2 | 7 | 22 |
| 20 | 5 | 8 | 7 | | 3 | 8 | 2 | 7 | 20 |
| 7 | 3 | 4 | | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 27 |
| 28 | 7 | 2 | 5 | 7 | 2 | 5 | | | |
| | | | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 6 | 35 |
| 22 | 4 | 5 | 2 | 5 | 6 | | 4 | 7 | 11 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | | 4 | 6 | 8 | 18 |
| 21 | 7 | 3 | 5 | 6 | | 3 | 2 | 7 | 12 |
| | 19 | 16 | 25 | 33 | | 7 | 15 | 28 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रयश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार

**यह** ठीक है कि जिस व्यक्ति के साथ अनाचार बरता गया अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुँचाई गई क्षति वस्तुतः प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुँचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म करके समाज को लाभ पहुँचाये। समाज को इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई। सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय, सत्संग, कथा, कीर्तन, तीर्थ, व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है। धर्म कृत्यों से पाप नाश के जो माहात्म्य शाछ्याह में बताये गये हैं उनका तात्पर्य इतना ही है कि मनोभूमि का शोधन होने से भविष्य में बन सकने वाले पापों की सम्भावना का नाश हो जाये। ईश्वरीय कठोर न्याय व्यवस्था में ऐसा ही विधान है कि पाप परिणामों की आग में जल मरने से जिन्हें बचना हो वे समाज की उत्कृष्टता बढ़ाने की सेवा-साधना में संलग्न हों और लदे हुए भार से छुटकारा प्राप्त कर शान्ति एवं पवित्रता की स्थिति उपलब्ध कर लें।

## आज का इतिहास

- क्रिस्टोफर कोलम्बस ने क्यूबा के पूर्वी तट की खोज 1492 में की, जिसके पश्चात स्पेन की सेनाएं इस क्षेत्र में पहुंची थीं।
- बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोशिएसन की स्थापना 1851 में हुई।
- जिनेवा मे हुए कांफ्रेंस के तहत अंतरराष्ट्रिय रेड क्रास समिति का गठन 1863 में किया गया।
- अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड ने 1886 में दोस्ती के प्रतीक के तौर पर फ्रांस से उपहार में मिली 'स्टैच्यु ऑफ लिबर्टी' का औपचारिक अनावरण किया।
- जापान में 1891 को आए भूकम्प से 7300 लोगों की मौत।
- जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा की स्थापना 1913 में हुई।
- ऑस्ट्रिया और हंगरी के 1918 में अलग होने के बाद चेकोस्लोवाकिया स्वतंत्र हुआ।
- इटली में रोम मार्च के द्वारा फासिस्ट शक्तियों ने 1922 में सत्ता पर अधिकार कर लिया और मुसोलनी वहां का प्रधानमंत्री बना।
- लाल सेना ने 1922 में व्लादिवोस्तोक का अधिग्रहण किया।
- अमेरिकी शेयर बाजार 1929 में वॉल स्ट्रीट धराशायी हुआ, जिससे कारोबार बाजार 24 फीसदी गिर गया। इसे अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट कहा जाता है।
- इटली की फासीवादी सरकार के अध्यक्ष मोसोलीनी के नेतृत्व में इस देश की दो लाख की सेना ने 1940 में यूनान पर आक्रमण किया।
- दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी के घटक बुलगारिया ने 1944 में बिना शर्त सोवियत संघ के सामने समर्पण कर दिया।
- अर्नेस्ट हेमिंग्वे को 1954 में साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
- मिस्त्र और सऊदी अरब ने 1955 में रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
- सोवियत संघ के नेता निकिता खुश्चेव ने 1962 में घोषणा की, की उनका देश अमरीका के निशाने पर सधी, क्यूबा में तैनात परमाणु मिसायलें हटा लेगा।
- इंटरपोल की 67वीं आमसभा अत्याधुनिक तकनीक आतंकवाद और अन्य आधुनिक संगठित अपराधों से निपटने की एक नयी रणनीति के साथ 1998 में समाप्त।

## सुविचार

जिस मनुष्य में आत्मविश्वास नहीं है, वह शक्तिमान होकर भी कायर है और पंडित होकर भी मूर्ख है।

**रामप्रताप**

विश्व के निर्माण में जिसने सबसे अधिक संघर्ष किया है और सबसे अधिक कष्ट उठाये हैं, वह मां है।

**हर्ष मोहन**

## राशिफल

**मेष** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा।

**तुला** — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जायेंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृष** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**वृश्चिक** — कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मिथुन** — महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**धनु** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी।

**कर्क** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्त्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**मकर** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह** — मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**कन्या** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे।

**मीन** — शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

# महाकाय करोड़ों सूर्य की भांति प्रभाकान्ति वाले ईश्वर गणपति

अशोक 'प्रवृद्ध'

**स्वामी** दयानन्द सरस्वती विरचित सत्यार्थप्रकाश के प्रथम समुल्लास में परमेश्वर के अनेक गुणवाचक, कर्मवाचक, संबंधवाचक नाम दिए गए हैं। इनमें शिव, गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, इन्द्र तथा सरस्वती आदि नाम भी हैं। लेकिन ये शरीरधारी जीवों के नाम नहीं है। वेद ज्ञान सृष्टि के प्रथम दिन ही ईश्वर ने मनुष्यों को दिए थे।उस दिन इन नामों के शरीरधारी मनुष्य कोई न थे। इसलिए वेद में किसी शरीरधारी मनुष्य का नाम नहीं है। आदिकाल में मानव सृष्टि के बाद सामाजिक व्यवहार के लिए मनुष्यों के नाम रखना आवश्यक होने के कारण वेदों में प्रयुक्त शब्दोंको अपने व अपनी संतान के नाम करण हेतु प्रयोग करना पड़ा था। और वर्तमान में भी ऐसा ही होता है। वेद में शिव, गणेश आदि का नाम व पूजा का आदेश सदैव रहने वाले अशरीरी शिव, गणेश आदि से ही अभिप्रेत है, न कि बाद में शरीरधारी हुए किसी शिव, गणेश नामक व्यक्ति से। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश के प्रथम समुल्लास में गणेश व गणपति शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा है - (गण संख्याने) इस धातु से गण शब्द सिद्ध होता है, इसके आगे ईश वा पति शब्द रखने से गणेश और गणपति शब्द सिद्ध होते हैं। ये प्रकृत्यादयो जडा जीवाश्च गण्यन्ते संख्यायन्ते तेषामीशः स्वामी पतिः पालको वा स गणेशो गणपतिर्वा ईश्वरः। जो प्रकृत्यादि जड़ और सब जीव प्रख्यात पदार्थों का स्वामी वा पालन करनेहारा है, इससे उस ईश्वर का नाम गणेश वा गणपति है। गणेश, गणपति संज्ञा का विरूपण वेद मंत्रों में भी हुआ है। यजुर्वेद 23/19 में कहा गया है- ॐ गणानां त्वा गणपतिं हवामहे, प्रियाणां त्वा प्रियपतिं हवामहे, निधीनां त्वा निधिपतिं हवामहे।

वसोः मम आहमजानि गर्भधम त्वमजासि गर्भधम।। - यजुर्वेद 23/19

अर्थात- जो प्रकृति आदि जड़ और सब जीव प्रख्यात पदार्थों का स्वामी वा पालन करने हारा है, इससे उस ईश्वर का नाम गणेश या गणपति है।

इस मंत्र में गणेश अथवा गणपति से प्रार्थना करते हुए कहा गया है कि हे जगदीश्वर ! हम लोग गणों के बीचगणों के पालने वाले आपको स्वीकार करते, अतिप्रिय सुन्दरों के बीच अतिप्रिय सुन्दरों के पालने वाले आपकी प्रशंसा करते, विद्या आदि पदार्थों की पुष्टि करने वाले के बीच विद्या आदि पदार्थों की रक्षा करने वाले आपको स्वीकार करते हैं। हेपरमात्मन्! आप में सब प्राणी वसते हैं, सो आप मेरे न्यायाधीश होइए, जिस गर्भ के समान संसार को धारण करने वाली प्रकृति को धारण करने वाले आप जन्मादि दोषरहित भली-भाँति प्राप्त होते हैं, उस प्रकृति के धर्त्ता आपको मैं अच्छी प्रकार जानूँ। यजुर्वेद 23/19 और वेद में अंकित मंत्र किसी शरीरधारी गणेश के लिए नहीं है, बल्कि निराकार ईश्वर के लिए है। वेद में ईश्वर को सूर्य भी कहा गया है। सूर्य को जगत की आत्मा कहा है। जो जगत नाम प्राणी, चेतन और जंगम अर्थात जो चलते-फिरते हैं, अप्राणी अर्थात स्थावर जड़ अर्थात पृथ्वी आदि हैं, उन सब के आत्मा होने और स्वप्रकाशरूप सब के प्रकाश करने से परमेश्वर का नाम सूर्य है। सूर्य से ज्यादा तेज, प्रभावशाली केवल एक निराकार ईश्वर ही हो सकता है। वर्तमान में प्रचलित गणेश संबंधी कथाओं व चित्रणों से गणेश के दो अर्थ निकलते है...एक गणेश शरीरधारी हैं, जो हिमालय पर्वत के राजा शिव के पुत्र थे ,इनकी माता का नाम पार्वती और गणेश के भाई का नाम कार्तिकेय था।

# वैश्विक मंच पर योग की वैज्ञानिक प्रामाणिकता और प्रभाव!

गौरतलब — सोनम लववंशी

**शरीर** और इसके विभिन्न अंगों के बारे में जानकारी के अभाव के कारण जीवन में कई कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। वैज्ञानिक शोध के अनुसार, हमारे मस्तिष्क में एनीमल ब्रेन होता है, जो हिंसक और नकारात्मक भावनाओं का कारण बनता है। इसे संतुलित करने का एकमात्र तरीका योग है। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शांति के लिए योग से बढ़ कर कुछ नहीं है। लेकिन, आधुनिक जीवनशैली में हम योग और आध्यात्मिकता से दूर होते जा रहे हैं।

**वैश्विक** पटल पर हजारों साल की योग विरासत की सार्थकता सिद्ध हो रही है। योग के चमत्कारों को अब वैज्ञानिक प्रमाणिकता मिल रही है। अमेरिका, यूरोप और चीन में योग पर बड़े- बड़े शोध किए जा रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त अमेरिका के एक न्यूरोसर्जन ने माना है कि योग और प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में अत्यधिक प्रभावी हैं। योग निद्रा, जो ध्यान की एक प्राचीन भारतीय शैली है, इसे भी आधुनिक विज्ञान में महत्व दिया जा रहा है। यह शब्द योग और निद्रा से मिलकर बना है, जहां योग का अर्थ है मिलन या एकाग्रता, और निद्रा का अर्थ है गहरी नींद। योग निद्रा में हम सचेतन विश्राम की ध्यानावस्था में प्रवेश करते हैं, जो हमें सहज ज्ञान, रचनात्मकता, और शरीर में नवीन ऊर्जा को संरक्षित करने में सहायक होती है। आज के समय में, यह तकनीक व्यस्त जीवनशैली के लिए एक प्रभावी समाधान के रूप में उभर रही है। विश्वभर में योग का एक बड़ा बाजार विकसित हो चुका है, जिससे अरबों का कारोबार हो रहा है, लेकिन भारत में योग के प्रति सच्ची दीवानगी और उत्साह की कमी नजर आती है। हाल ही में आईआईटी और दिल्ली एम्स द्वारा एमआरआई के जरिये किए गए एक अध्ययन में भी पुष्टि हुई है कि योग निद्रा से नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है, साथ ही यह मन के भटकाव को रोककर नींद को नियंत्रित करती है। योग निद्रा सोने और जागने के बीच की एक सचेतन अवस्था है, जिसका उपयोग प्राचीन काल से योगी ध्यान के लिए करते रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग निद्रा की उपयोगिता निर्विवाद रही है। इस शोध ने यह भी सिद्ध किया है कि योग निद्रा से गहरे विश्राम और मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। नियमित योग और ध्यान करने वाले व्यक्तियों में नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य व्यक्तियों की तुलना में अधिक होती है।

हालिया शोध के अनुसार, मानसिक रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए योग निद्रा एक रामबाण दवा के समान है। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में व्यावसायिक तनाव को कम करने के लिए योग निद्रा पर जोर दिया जा रहा है। दिल्ली में हुए शोध में यह भी पाया गया है कि योग निद्रा के माध्यम से चेतना के उच्च स्तर को प्राप्त किया जा सकता है। इसके जरिए अवचेतन मन में दबे हुए तनाव और कुंठाओं को मानसिक सतह पर लाकर उनसे छुटकारा पाया जा सकता है, जिससे व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक सेहत में सुधार होता है।

आज के समय में जब लोग अत्यधिक सोचने की आदत से जूझ रहे हैं, योग निद्रा मन के भटकाव को रोकने में सहायक हो सकती है। शोध के अनुसार, कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटों की सामान्य नींद के बराबर मानसिक शांति प्रदान करती है। व्यक्ति धीरे-धीरे योग निद्रा की अवधि बढ़ाकर मानसिक रोगों से निजात पा सकता है, बशर्ते उसे किसी अनुभवी योगी से सीखकर किया जाए। हमारे शरीर में कई शारीरिक और मानसिक समस्याएं अज्ञानता के कारण उत्पन्न होती हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### बेलवाटिकर स्थित मुक्तिधाम में किया गया पौधरोपण

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर के बेलवाटिकर कोयल नदी के तट पर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा संचालित मुक्तिधाम में रविवार की सुबह 7:30 बजे इप्टा पलामू द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान बेल एवं आम का पौधा इप्टा के जिला अध्यक्ष प्रेम भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह एवं वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला के द्वारा लगाया गया। इस मौके पर प्रेम भसीन ने कहा कि मुक्तिधाम में बेल का पौधा होना आवश्यक है। यहां बेल का पौधा नहीं है इसलिए बेल का पौधा लगाया गया। बेल के पौधे के साथ आम का पौधा भी लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उपेंद्र कुमार मिश्रा, बबलू चावला, अभय मिश्रा, शशि पांडे, भोला, अमित कुमार एवं प्रेम प्रकाश उपस्थित थे।

### खड़े ट्रैक्टर से चोरों ने गोल कर दी बैटरी

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के बाजकुम स्थित आयुष कुमार पिता स्वर्गीय रामप्रवेश प्रसाद के ट्रैक्टर से चोरों ने बैटरी की चोरी कर ली इस मामले में जानकारी देते हुए ट्रैक्टर के मालिक आयुष ने बताया कि मेरा ट्रैक्टर ड्राइवर सुकेश उरांव अपने घर पतरिया टोला ले गया था और घर के बाहर खड़ा कर दिया था जब सुबह वह घर से बाहर निकला और देखा तो की ट्रैक्टर से बैटरी गोल है जिसकी सूचना ड्राइवर ने हमें दिया ट्रैक्टर के मालिक आयुष ने बताया कि पिछले दिनों इस इलाके के सुनील उरांव और यदुनाथ सिंह के ट्रैक्टर से भी बैटरी चोरी की घटना सामने आ चुकी है। फिलहाल घटना के संबंध में ट्रैक्टर मालिक के द्वारा थाने में आवेदन दे दिया गया है। इसके बाद पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गयी है।

### 27 वर्षीय युवक ने किया कीटनाशक का सेवन

**गुमला** : रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत भींज पुर निवासी 27 वर्षीय भानु प्रताप सिंह ने शनिवार की रात 8:00 बजे पारिवारिक विवाद में आकर कीटनाशक का सेवन कर लिया हालत खराब होते देख परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घर पर कोई नहीं था पत्नी किसी काम से बाहर गई थी तभी युवक ने घर में रखें कोबरा नामक कीटनाशक का सेवन कर लिया हालांकि घटना के कारण को उसने स्पष्ट नहीं बताया। युवक विवाहित है और उसका एक बच्चा भी है वही पत्नी किसी काम से घर से बाहर गई थी इसी बीच उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया संभवत: घटना की वजह कुछ और है लेकिन युवक उस कारण को नहीं बता रहा है।

### महिला को करैंत सांप ने डंसा, इलाजरत

**गुमला** : बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत टांगर जरिया निवासी 60 वर्षीय वृद्ध महिला कांति देवी को शनिवार के शाम 6:00 बजे करैत सांप ने पैर में डस लिया गम्भीर स्थिति देख परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वृद्ध महिला पड़ोसी के घर किसी काम से जा रही थी तभी घर के बाहर नाला पार करते समय यह करैंत सांप उसके पैर से लिपट गया इसके बाद महिला झटके से उसे छुड़ाने लगी तभी सांप उसके पैर को डरते हुए झाड़ियां में जाकर छिप गया तेज लहर ओर जलन होने पर परिजन महिला को तत्काल सदर अस्पताल लेकर आए महिला की स्थिति सामान्य है और उसका इलाज चल रहा है।

### नदी में गिर कर युवक की हुई मौत

**गुमला** : गुमला जिला अंतर्गत टोटो में मछली मारने के क्रम में मिर्गी का दौरा पड़ने से नदी में गिरकर टोटो निवासी 26 वर्षीय राजा उरांव पिता सुरेश उरांव की मौत हो गयी। घटना शनिवार की शाम 5:00 बजे की है। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक युवक कुछ ग्रामीणों के साथ नदी में मछली मारने गया था।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट के साथ डीसी-एसपी ने समीक्षा बैठक कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# अपनी जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक करें निर्वहन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : विधानसभा चुनाव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट के साथ-साथ एसएसटी, एफएसटी एवं चेक नाकों पर प्रतिनियुक्त सभी मजिस्ट्रेट के साथ समीक्षा बैठक कर निर्वाचन के दायित्व को पूरी लगन एवं ईमानदारी से निर्वाहन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता से चुनाव सम्पन्न कराने हेतु सभी भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अच्छे से अध्ययन कर लें और अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह्न कुशलता पूर्वक करें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रुप से बूथ का भ्रमण कर बूथ की वल्नेरेबल मैपिंग (वीएम), इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखें। साथ ही उपायुक्त ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को एक दूसरे से टैग करने व इनके कार्यों की




जानकारी से अवगत कराने को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने स्तर से बैठक करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने एसएसटी, एफएसटी एवं चेक नाकों पर प्रतिनियुक्त टीमों को स्पष्ट निर्देशित किया कि राजनीतिक दलों द्वारा रैलियों का आयोजन किया जाएगा, इसलिए सभी टीमें सक्रिय रहें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान उन्होंने सभी टीमों को सक्रियता के साथ वाहन जांच करने के लिए निर्देशित किया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने एसएसटी झ एफएसटी की टीम को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी नियंत्रण को लेकर उनके दायित्वों के संबंध में जानकारी साझा करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में सबसे जरूरी है कि अपनी ड्यूटी भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप करें। अपनी ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और आदर्श चुनाव आचार संहिता (एमसीसी) के पालन के लिए अपने इलाकों में कड़ी निगरानी करें। उपायुक्त ने कहा कि दल में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी विधानसभा आम चुनाव की चुनावी प्रक्रिया के दौरान पुलिस विभाग के दलों के साथ बेहतर तालमेल रखें। अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखें, ताकि कोई भी व्यक्ति एमसीसी का उल्लंघन नहीं कर सके। यदि कहीं पर एमसीसी के उल्लंघन की सूचना मिलती है तो उस पर तुरंत नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऐप और कंट्रोल रूम के माध्यम से मिली सूचना और शिकायत पर एफएसटी त्वरित कार्रवाई करे। वहीं एसएसटी निर्धारित नाकों पर सतर्कता से वाहनों की जांच करें, ताकि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अवैध धन और शराब आदि एक स्थान से दूसरे स्थान तक न पहुंचाई जा सके। किसी भी प्रकार संदिग्ध बरामदगी होने पर तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचित करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि निगरानी दल बड़ी छोटी सभी प्रकार के वाहनों का नियमित जांच करे साथ ही जांच किए जा रहे हैं सभी वाहनों के नाम एवं रजिस्ट्रेशन नंबर डायरी में मेंटेन करें। उन्होंने कहा कि अपने कार्य दायित्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या समाधान पर स्थानीय थाना प्रभारी या जिला स्तरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दें, ताकि आवश्यकता अनुसार यथाशीघ्र सहायता प्रदान की जा सके।

## स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय स्थित बालिका उच्च विद्यालय के सामने सब्जी मंडी में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी को मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी गयी। इस दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा गया कि सफल लोकतंत्र के लिए मतदान करना महत्वपूर्ण है जो फर्स्ट टाइम वोटर हैं बढ़ चढ़ कर मतदान करें और अपने अभिभावक, आस पड़ोस में सही को जागरूक करते हुए बताएं की यह अवसर 05 वर्षों में आता है इसलिए अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करें। तथा लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में बनवारी साहू महाविद्यालय की एनएसएस , नेहरु युवा केन्द्र के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## चैनपुर में युवाओं का दो दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का समापन

# समाज व देश में दें अपना सक्रिय योगदान : मेरी लकड़ा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : चैनपुर प्रखंड के चैनपुर पंचायत भवन में स्वयं सेवी संस्था परिवार विकास के द्वारा चाइल्ड फंड इंटरनेशनल के सहयोग से युवाओं के समग्र विकास, आत्मविश्वास एवं समाज में उनके प्रभावी योगदान को लेकर युवाओं का दो दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन चैनपुर जिला परिषद सदस्या मेरी लकड़ा ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, युवाओं को अपनी शिक्षा पर प्राथमिक रूप से ध्यान देना चाहिए और खुद में सुधार लाना चाहिए, तभी वो अपने जीवन के लक्ष्य में सफल हो पाएंगे और साथ ही समाज एवं देश में अपना सक्रिय योगदान दे पाएंगे। इस दो दिवसीय



प्रशिक्षण में डालटनगंज क्षेत्र के कार्यक्रम पदाधिकारी विलसन जी एवं कार्यक्रम समन्वयक कपिलदेव यादव ने प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित युवाओं को स्वयं की जागरूकता, प्रभावी संचार, समस्या समाधान, समय प्रबंधन, आत्मनियंत्रण एवं भावनात्मक प्रबंधन, निर्णय लेने की क्षमता, समूह कार्य एवं सहयोग, लक्ष्य निर्धारण, योजना निर्माण, डिजिटल साक्षरता एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग,आर्थिक साक्षरता और नेतृत्व कौशल के बारे में समूह चर्चा, रोल प्ले ध्यान विश्राम, तर्क -वितर्क एवं तथ्यात्मक जानकारी के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड के लगभग सात गांव के 15-24 वर्ष के दर्जनों युवा शामिल हुए।

## शांतिपूर्ण व भय मुक्त चुनाव सम्पन्न करना हम सब की जिम्मेवारी : एसपी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : शांतिपूर्ण और भय मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करना हम सबों की पहली जिम्मेवारी है। उक्त बातें एसपी कुमार गौरव ने रविवार को आयोजित बैठक के दौरान कही। इस बैठक में एफएसटी और एसएसटी हेलीपैड में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि अपनी दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें और सुनियोजित तरीके से कार्य करें। आगे कहा कि जिले में शांतिपूर्ण और भय मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करना हम सबों की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने टीम वर्क के साथ काम करने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीपीओ अरविंद कुमार और पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



## पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ जनता को छलने का किया काम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटेनगंज के भावी विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने आज मेदनीनगर निगम के वार्ड नंबर 17, श्रीरामपथ, वार्ड नंबर 6, 7 एवं सदर प्रखंड के पोखराहा कला, पोखराहा खुर्द, खैराटी टोला, रजवाडीह आदि जगह जनसंपर्क अभियान किया और कहां की 25 साल नामधारी, 5 साल पूर्व मंत्री त्रिपाठी एवं 10 साल भाजपा के विधायक ने कुर्सी पर बैठकर सिर्फ अपना संपत्ति बढ़ाया शहरी इलाका में नाली का पानी सड़क पर बह रहा है वहीं ग्रामीण इलाकों में इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी भी सड़क नहीं बना क्योंकि इतने सालों में सिर्फ इन जनप्रतिनिधियों ने अपना विकास किया अपनी संपत्ति बढ़ाया ऐसी स्थिति में जनता स्वयं करें बदलाव विश्व के मजदूर नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं किसी भी पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने इसकी शुद नहीं लिया और आज चुनाव आने के बाद झूठी प्रतिज्ञा करते फिर रहे हैं। मौके पर अधिवक्ता त्रिपुरारी तिवारी ने कहा कि बदलाव के लिए एक बार डाल्टनगंज विधानसभा की जनता जनार्दन जीतने का संकल्प

## पलामू में जमीन और मछली मारने के विवाद में वृद्ध की हत्या



**पलामू** : जिले के पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलहुआ किशैनी गांव निवासी 63 वर्षीय अवधेश सिंह का शव अगनवा खैरका जंगल से रविवार को मिवा। वह शनिवार को मवेशी को छोड़ने अगनवा खैरका जंगल की ओर गए थे। इसके बाद से उनका कोई अता-पता नहीं चल रहा था। उनके परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। एमआरएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पाटन के जिला पार्षद संग्राम सिंह मौजूदगी में प्रक्रिया पूरी की गई। संग्राम ने भी हत्या की बात कही और पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि नंदू सिंह और विनोद सिंह से जमीन का विवाद हुआ था।

## वोटर इनफॉर्मेशन स्लीप का वितरण शुरू

# घर-घर पहुंच रही मतदाता पर्ची

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिले में आगामी 13 नवंबर को मतदान होना है,इस दिन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग तैयारी की जा रही है। जिले के पांचो विधानसभा में नामांकन समाप्त होने के पश्चात प्रशिक्षण, आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों का पोस्टल बैलेट से मतदान, होम वोटिंग, स्वीप गतिविधि, एफएलसी आदि सहित सभी गतिविधियों में तेजी आयी है। इसी कड़ी में 13 नवंबर को सभी लोग आसानी से मतदान कर सकें इस हेतु वोटर इनफॉरमेशन स्लिप वितरण का भी कार्य प्रारंभ हो गया है।



**लोगों के घर तक पहुंचायी जा रही है मतदाता पर्ची, 13 नम्बवर को आप सभी जरूर करें मतदान : जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

**इस संबंध** में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 26 अक्टूबर से ही बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के घर तक मतदाता पर्ची पहुंचने का कार्य शुरू है। उन्होंने बताया कि मतदान से पांच दिन पूर्व यानि 08 नंवबर तक जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा वितरण का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

## तीन दिवसीय सहज योग शिविर का हुआ समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के जुबली चौक स्थित एक होटल में तीन दिवसीय सहज योग शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहज योग के बारे में जानकारियां दी गयी तथा माता श्री निर्मला के बताए गए उपदेशों पर चलने की अपील की गई। सहजयोगियों ने बताया कि यह एक ऐसी आध्यात्मिक विद्या है जिससे सहज भाव से आदमी ईश्वर को याद करता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहजी शंभू शरण प्रसाद, विनेश कुमार, सत्य प्रकाश सिंह,नीरा सिंह, मीरा देवी, सहज योगिनी झालो दीदी, सीताराम साहू, सहज योगी बालशक्ति रिद्धि, सिद्धि, विजय कुमार आदि ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम में लातेहार के सहजी भाई बहनों के अलावे रांची, गुमला, लोहरदगा, हजारीबाग समेत कई जिलों के सहजी भाइयों बहनों ने भाग लिया। इससे पहले शहर में शोभायात्रा निकाल कर सहज योग की प्रचार प्रसार की गई। लोगों को इस योग में शामिल होने का आग्रह किया गया।

## दिव्यांगजनों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिले में 13 नवम्बर को मतदान होना है, इस दिन शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से स्वीप अंतर्गत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को शहर के छह मुहांन चौक से समाहरणालय परिसर तक दिव्यंजनो के तरफ से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली को पीडब्लूडी कोषांग के नोडल पदाधिकारी सेवाराम साहू व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, दिव्यांगजन आइकॉन अविनाश कुमार तिवारी व लोकसभा चुनाव 2024 के दिव्यांगजन आइकॉन सह ब्रांड एंबेसडर पवन कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान रैली में 60 से



अधिक दिव्यांगजन पैदल,ट्राई साइकिल, मोपेड, बैसाखी व अन्य माध्यम से समाहरणालय परिसर पहुंचे.इस दौरान सभी ने मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर,बैनर और नारे लगाते नजर आये साथ ही सभी से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की.पीडब्लूडी कोषांग के जिला आइकॉन अविनाश कुमार तिवारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में 60% से अधिक मतदान दिव्यांगजनों द्वारा किया गया था, इस विधानसभा चुनाव में हमारा प्रयास है कि 75% से अधिक दिव्यांग मतदाता अपना मतदान करें। रैली के पश्चात समाहरणालय परिसर में मटकाफोड़, गुलेल से निशानेबाजी एवं ग्लास का मीनार निर्माण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ अपनी सम्पत्ति बढ़ायी : रूचिर तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टेनगंज से भावी विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने बेलवाटीका पंपुकल चैनपुर प्रखंड के चेड़ाबार, पूर्वडीहा, कोलुहवा, करडीह, पूर्वी लिटकी, पतरिया, केकतुआ, रामपुर आदि गांव में जनसंपर्क अभियान को तेज किया। आम लोगों से मिलने के बाद मूर्ति देवी, रामनाथ चौधरी, कुंती देवी सहित सैकड़ो लोगों ने कहा कि अभी तक उनका पक्का का आवास नहीं बना है। ऐसी स्थिति में यह प्रतीत होता है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकार ने आम जनता को सिर्फ छलने का काम किया भाजपा के



विधायक और कांग्रेस के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी और इंदर सिंह नामधारी ने सिर्फ अपनी संपत्ति बढ़ाने का काम किया ऐसी स्थिति में जनता इस बार बदलाव करें और कम्युनिस्ट पार्टी को के पक्ष में मतदान करें। जनसंपर्क अभियान में अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने नौजवानों को गोलबंद होकर सीपीआई के उम्मीदवार रुचिर तिवारी के चुनाव चिन्ह हसुवा बाली छाप के पक्ष में मतदान करने की अपील किया।

## एडवांटा इंटरप्राइजेज लिमिटेड कम्पनी ने विद्यालय में सीएसआर गतिविधियों के तहत किया कार्यक्रम का आयोजन

# एडवांटा सीड्स कम्पनी 84 देश में बीजों की करती है व्यवस्था : शिशिर सक्सेना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : कम्पनी के द्वारा लगभग 210 कक्षा 01 से 05 के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग्स नोटबुक्स किड्स प्रदान किये गये। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर कंपनी के साउथ एशिया रीजनल हेड शिशिर सक्सेना वह अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के मुख्य द्वार से अतिथियों को स्वागत कर मंच तक लाया गया और माला पहना कर अतिथियों को अंग वस्त्र ओढ़ा कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक धर्मेंद्र कुमार द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।



इस मौके मुख्य अतिथि साउथ एशिया के रीजनल हेड शिशिर सक्सेना ने संबोधित करते हुए ग्रामीण अभिभावकों स्कूल के छात्र-छात्राओं से कहा कि एडवांटा इंटरप्राइजेज लिमिटेड यू पी एल समूह का बीज उत्पादक एवं वितरक कंपनी है भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी होने के कारण भारत के अलावा विश्व के लगभग 84 देश में हमारी कंपनी बीजों का व्यवस्था करती है उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में एडवांटा सीड्स लगभग 50 से अधिक वर्षों से उच्च क्वालिटी के हाइब्रिड धान, मक्का, सरसों, ज्वार, चारा वाली फसलों के अलावा सब्जी बीज किसानों के लिए उपलब्ध कराती आ रही है उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में गुमला जिला के खासकर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम छारदा के अंतर्गत राजकीय कृत मध्य विद्यालय का पहला चयन कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस बीच कक्षा 01 से 05 तक के विद्यार्थियों को नोटबुक्स और स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चे और छात्राओं ने शिक्षा रोजगार पलायन पर आधारित सुंदर एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया इस मौके पर मुख्य अतिथि शिशिर सक्सेना रीजनल मैनेजर ऋषिकेश सिंह रीजनल मैनेजर टीडी देव सीनियर साइंटिस्ट प्रभु गौडा प्रत्यूष सिंह, सुधाकर पांडे टेरिटरी मैनेजर अभिनंदन दुबे अखंड यादव विपिन चड्ढा अशोक शर्मा आशीष कुमार आर, एन डी मयंकर सिंह अभिनंदन दुबे सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका विद्यार्थी और भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## चुनाव आयोग की प्रेक्षक टीम ने स्ट्रांग रूम, डिस्पैच व रिसीविंग सेंटर का लिया जायजा

**मेदिनीनगर** : झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के तहत पलामू जिले के लिये नियुक्त सभी सामान्य, व्यय और पुलिस प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सभी निवार्ची पदाधिकारी व उप निर्वाचन पदाधिकारी की मौजूदगी में गणेश लाल कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर, रिसीविंग सेंटर, मतगणना केन्द्र व वज्र गृह का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रेक्षकों द्वारा विधानसभावार स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हित कक्ष एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। सभी ने सीसीटीवी सहित अन्य सुरक्षा की दृष्टि से कई निर्देश दिये। वहीं मतदान कर्मियों के डिस्पैच व रिसीविंग को लेकर भी सभी पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

## एक झलक

### चतरा सांसद बने सलाहकार समिति के सदस्य, लोगों ने दी बधाई

**चतरा :** केन्द्र सरकार ने कौशल मंत्रालय एवं उद्यामित मंत्रालय के लिए परामर्शदात्री समिति का गठन किया है। इसमें चतरा सांसद कालीचरण सिंह को कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है। सांसद के इस नई जिम्मेवारी से चतरा लोकसभा वासियों में बड़ी खुशी है। इनके मनोनयन पर चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिला अध्यक्ष रामदेव भोगता, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष युगलकिशोर सिंह, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमन सौरभ समेत अन्य ने बधाई दी है।

### सत्ता महज भोग और लूटने का साधन नहीं : साक्षी महाराज

**गिरिडीह :** यूपी के उन्नाव से सांसद सचिदानंद हरि साक्षी महाराज रविवार को गिरिडीह पहुंचे। इस दौरान भाजपा के प्रधान चुनावी कार्यालय में गिरिडीह विस के भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, सुभाष सिन्हा, अनूप सिन्हा, दीपक यादव समेत अन्य नेताओं ने साक्षी महाराज का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि पीएम मोदी विश्व में लोकप्रिय नेता के रूप माने जाते हैं। अब तो उनके पांव छूने और गले मिलने के लिए कई बड़े देश के नेता बेसब्री से इतंजार करते हैं। सांसद ने हेमंत सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि शासन कैसे चलता है, ये हेमंत सोरेन को योगी से सीखना चाहिए। साथ ही, कहा कि यूपी में बदमाश और पत्थरबाज अब पनाह मांगते हैं। बेटियां जब यूपी की सड़कों पर चलती है तो उन्हें छेड़ने वाले अब रास्ता बदल देते हैं। साक्षी महाराज ने कहा कि झारखंड को पिछले पांच साल में देश का सबसे भ्रष्ट राज्य में तब्दील करने वाले हेमंत सोरेन सरकार को अब सत्ता में आने की जरूरत नहीं। सत्ता सुख भोगने और लूटने का साधन नहीं होना चाहिये। सत्ता का मतलब जनता की समान रूप मे सेवा होनी चाहिये।

### पर्यावरण मित्र और एनएसएस ने लगाये पौधे

**जमशेदपुर :** घाटशिला के पर्यावरण मित्रों ने एनएसएस इकाई के साथ मिलकर रविवार को पावड़ा मैदान और कदमडीह में लगाए 20 पौधे लगाए। पूर्व से लगे पौधों के आसपास उग आई झाड़ियों की सफाई की और बड़े हो रहे पौधों को बांस लगा कर सहारा दिया। विदित हो कि पर्यावरण मित्र नमक समूह घाटशिला और आसपास प्रत्येक रविवार को और विशेष दिवस पर पौधारोपण करता है और पहले से लगे पौधों का देखभाल और संरक्षण करता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए इस तरह के मुहिम में लोगों से जुड़ने की अपील भी करता है ताकि प्रदूषित होते पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग सहयोग कर सके। प्रो इंदल पासवान और डॉ संदीप चंद्रा के नेतृत्व में पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस मुहिम का हिस्सा बन सके। पौधारोपण कार्यक्रम में मिहिर भकत, विश्वजीत सिंह, संजय सोरेन, रामेश्वर मार्दी, महावीर रूइदास और प्रेम स्वामी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## झुमरीतिलैया में तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव शुरू

# ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी के लिए अनोखी पहल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन कोडरमा में एक अनोखी पहल की गयी है। जिला प्रशासन कोडरमा (निर्वाचन शाखा) अंतर्गत स्वीप कोषांग के तहत झुमरीतिलैया स्थित ब्लॉक मैदान में रविवार को निर्वाचन थीम पर पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का तीन दिवसीय मेला का आगाज हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने फीता काट कर पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का उद्घाटन किया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, पुलिस प्रेक्षक सुधांशु वर्मा, व्यय प्रेक्षक सुरेन्द्र कुमार मीना, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि निर्वाचन के थीम पर यह तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न पब्लिशर और बुक सेलर के द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव के माध्यम से जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए संदेश दिया जा रहा है। पुलिस प्रेक्षक सुधांशु वर्मा ने कहा कि पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का आयोजन करना जिला प्रशासन कोडरमा की अच्छी पहल है। पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव में प्रेस गैलरी, हेल्प डेस्क, अर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी, अनुज्ञा बुक्स, झारखंड झरोखा, प्रिय साहित्य भवन, यश प्रकाशन, समय प्रकाशन, उड़ान पब्लिकेशन, शर्मा बुक सेंटर वाणी प्रकाशन, जय मां बुक सेंटर, बेकरी की मिठास बदलाव का एहसास वोट के साथ बुमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड जयनगर, जेएसएलपीएस समेत अन्य स्टॉल लगायें गये हैं। इस दौरान 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के लिए हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर कर और सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर नैतिक मतदान करने का संदेश दिया। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## झारखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में विदाई समारोह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 26 अक्टूबर 2024 को B.Ed./El.Ed. कोर्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम और B.Ed./D.El.Ed. सत्र 2022-24 के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सतत विकास हेतु शिक्षा : एनईपी 2020 के संदर्भ में विशेष व्याख्यान विषय पर चर्चा की गयी। संस्थान के प्राचार्य, डॉ. अजय कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था का परिचय दिया। सभी अतिथियों को शॉल, मेमेंटो और गुलदस्ता पौधे देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, डॉ. उपेन्द्र कुमार (हेड, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, आर.एस.पी. कॉलेज, झरिया) और विशिष्ट अतिथि, चारलोट जॉन सी.डी. गर्ल्स हाई स्कूल के प्राचार्य सुनील कुमार सिन्हा, नवादा विधि महाविद्यालय की सचिव कला देवी, झारखण्ड विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास राय, प्रो. अजय भट्टाचार्य, झारखण्ड इवनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनीष पंकज और झारखण्ड ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य डॉ. मिथलेश कुमार मंच पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षुओं के चेहरे पर एक अलग उत्साह था। बी.एड. के सिलेबस को जानने के लिए तथा विदाई लेने वाले प्रशिक्षुओं में एक नयी उम्मीद की किरण थी कि वे भविष्य में एक योग्य शिक्षक बनेंगे। डॉ. उपेन्द्र कुमार ने नई शिक्षा नीति (NEP 2020) की चर्चा की, जो 34 वर्षों बाद भारत में लागू की गई है और ज्ञान के नए लक्ष्य को स्थापित करेगी। सुनील कुमार सिन्हा ने NEP 2020 के नए प्रारूप 5+3+4 के कार्यान्वयन की जानकारी दी। नवादा विधि महाविद्यालय की सचिव कला देवी ने 2024-26 सत्र के नये प्रशिक्षुओं का स्वागत किया और विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पुराने प्रशिक्षुओं को 5100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। संस्थान के सचिव, डॉ. डी.एन. मिश्रा ने कहा कि IQAC के अंतर्गत किसी भी शिकायत का त्वरित निस्तारण किया जायेगा।

## धनतेरस 29 को, तीन दिन शहर में रहेगी भारी वाहनों की नो इंट्री

**जमशेदपुर :** धनतरेस एवं दीपावली को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तीन दिन की नो इंट्री की घोषणा की गई। 29 और 30 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे से रात 01 बजे तक बसों को छोड़कर सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। दीपावली को लेकर 31 अक्टूबर को 24 घंटे के लिए नो इंट्री रहेगी। उस दिन सुबह 6 बजे से एक नवंबर सुबह 6 बजे तक बसों को छोड़कर सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। इस संबंध में उपायुक्त, एसएसपी एवं ट्राफिक डीएसपी ने संयुक्त आदेश जारी किया है। जमशेदपुर में 29 अक्टूबर को धनतेरस है। उस दिन लोग सुबह शुभ मुहूर्त में खरीदारी करते हैं। बाजारों में लोगों की भीड़ एवं आवाजाही दोपहर बाद ही ज्यादा होती है।

## कोडरमा विधायक आवास पर भाजपा आईटी व सोशल मीडिया की बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** रविवार को कोडरमा विधायक आवास पर भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया की बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि त्रिपुरा से आए प्रभारी अरबिंदम देव, विवेक रंजन, हिमांशु उपस्थित थे और उन्होंने संबोधित किया । विवेक विकास ने सभा को संबोधित किया। मंच संचालन प्रेमांशु ने किया। सभा का समापन पप्पू मंडल ने किया। कार्यक्रम में अरबिंदम ने सोशल मीडिया में पोस्ट करने, संचालित करने के अनेकों टिप्स बताया। वही नीरा यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी से नहीं उलझने, अमर्यादित भाषा का प्रयोग न करने एवं संयमित रह कर अपने क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों को रखने की सलाह दी। मौके पर भाजपा महामंत्री विजय यादव, देवेंद्र कुमार, पप्पू मंडल, बिनोद कुमार, मुन्ना संजीव यादव, शिवशंकर यादव, जितेंद्र कुमार, रजक प्रेमांशु कुमार, गौतम चंद्रवंशी, अविनाश गोयल, महेश यादव, पिंटू कश्यप, प्रदीप यादव, राजन चंद्रवंशी, जितेंद्र यादव, नवीन कुमार, अनूप कुमार, सोनू चंद्रवंशी उपस्थित थे।



## कोडरमा पुलिस ने देसी कट्टा, कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा पुलिस अधीक्षक, को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की कोडरमा जिला के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित मोरियांमा कुरहा के एक मकान में अवैध रूप से हथियार रखा गया है और कोई अप्रिया घटना को अंजाम देने के फिराक में है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पुलिस अधीक्षक कोडरमा के द्वारा अनील कुमार सिंह, अनु०पु०पदा० कोडरमा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मोरियांमा कुरहा स्थित एक मकान में छापामारी की गयी। छापामारी के दौरान लक्ष्मण कुमार के पास से देशी कट्टा एवं 315 बोर का दो जिन्दा कारतुस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना काण्ड संख्या 282/24 रविवार धारा- 25 (1-b) A/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त लक्ष्मण कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता स्व अमृत यादव, सा०- मोरियाँमा कुरहा, थाना- तिलैया, जिला- कोडरमा । जप्त समाग्री-315 बोर का दो (02) जिन्दा कारतुस, एक देशी कट्टा। छापामारी दल में शामिल अधिकारी- पु०नि०-सह-प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना, पु०अ०नि० निताई चन्द्र साहा, तिलैया थाना, सशस्त्र बल, तिलैया थाना।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने भारत सरकार के खेल एवं युवा के मंत्रालय द्वारा 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 तक संचालित दिवाली विद माय भारत कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के बी.एड. सत्र 2024 - 26 के प्रशिक्षुओं ने गुमो चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया साथ ही उक्त अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। अतः सभी को स्वच्छता पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। *इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। हम सभी को अपना आस पड़ोस हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए। इस स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2024-26 के प्रशिक्षु दीपा नाथ, दीप्ति कुमारी, कुणाल कुमार कुमार, अभिषेक चंद्रा, ओशो अंशुमन, अमित कुमार, दीपक कुमार, नंदनी कुमारी, इंद्रदेव कुमार, जुली कुमारी, कल्पना भारती, प्रिय राय, अन्नू कुमारी, खुशबू कुमारी, नेहा प्रिया, आलोक कुमार, रोहित कुमार रौशन, बिपिन कुमार, सृष्टि कुमारी, सुलेखा कुमारी, रवीना कुमारी,काजल कुमारी, रवि प्रसाद, बुशरा अशरफ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक खुशबू कुमारी सिन्हा, अनिल दास आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा के देखरेख में संपन्न किया गया।

## नशे की खेती की रोकथाम को लेकर पुलिस व प्रशासन ने चलाया जागरूकता अभियान



**चतरा :** नशे की खेती के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से रविवार को मेराल पंचायत के कई गांवों में जागरूकता अभियान चलाया। पत्थलगडा बीडीओ कलिंद्र साहू, सीओ उदल राम और थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने चतरा के सुदूरवर्ती मेराल, खैरा सहित अन्य गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक की और नशे की खेती से दूर रहने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि अफीम और गांजा की खेती कानूनन जुर्म है। इसमें सजा का प्रावधान है। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशे की खेती से होने वाले दुष्परिणाम से बारे में जानकारी दी और कहा कि भोले भाले ग्रामीणों को कुछ दलाल व तस्कर पैसे देकर गुमराह करते हैं। पकड़े जाने पर संबंधित लोगों की जिंदगी बर्बाद हो जाती है। उन्होंने उपस्थित लोगों को अवैध अफीम व पोस्ता की खेती नहीं करने को लेकर शपथ दिलाई। बीडीओ और अंचलाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी स्थिति में नशे की खेती ना हो इसके लिए आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## शालिनी गुप्ता का जनसम्पर्क अभियान

# क्षेत्र का विकास और अधिकार दिलाने का किया वादा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** रविवार को निर्दलीय प्रत्याशी और पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। मरकच्चो और डोमचांच प्रखंड के दुधपनिया, बच्छेडीह, भीमेडीह, कुशमई, ताराटांड़, पसियाडीह, पूरनानगर, जमडिहा, धोबियाडीह सहित कई गांवों का दौरा करते हुए उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। शालिनी गुप्ता ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि क्षेत्र के हर व्यक्ति के सुख-दुख में साथ देना है। जनसम्पर्क के दौरान शालिनी गुप्ता ने कहा कि उनके एजेंडे में कोडरमा के हर वर्ग के लोगों को उनके अधिकार दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक विकास को गति देने का वादा करते हुए कोडरमा के ढिबरा और पत्थर उद्योग को पुनर्जीवित करने की बात कही। उन्होंने कहा, ?यह उद्योग कोडरमा की पहचान रहा है, और इसे पुनः खड़ा करना मेरी प्राथमिकता है। इससे स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। शालिनी गुप्ता ने विशेष रूप से महिलाओं की आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि वे चाहती हैं कि हर महिला आर्थिक रूप से सशक्त हो और अपने परिवार का सहारा बने। इसके साथ ही, शालिनी गुप्ता ने बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने के लिए बरियारडीह में एक बड़े कारखाने की स्थापना का वादा किया।



## भुवनेश्वर के प्रसिद्ध ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. संदीप सिंह ने मानगो में मुफ्त हिप व घुटने के दर्द परामर्श शिविर का किया आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रसिद्ध ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. संदीप सिंह, जो एमबीबीएस, एमएस (ऑर्थो), एमआरसीएस (ग्लासगो एवं यूके), और एफआरसीएस (लंदन) जैसे प्रतिष्ठित योग्यताओं के धारक हैं, ने रविवार को जमशेदपुर के जसवंत सिंह मानगो में मुफ्त हिप और घुटने के दर्द परामर्श शिविर का आयोजन किया। केयर हॉस्पिटल्स, भुवनेश्वर से जुड़े डॉ. सिंह अब तक 10,000 से अधिक हिप और घुटने के प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक कर चुके हैं। उनकी जमशेदपुर यात्रा मरीजों की सेवा के प्रति उनके समर्पण और समुदाय को ऑथोर्पेडिक सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस एक-दिवसीय शिविर में, डॉ. सिंह ने हिप और घुटने के दर्द से पीड़ित लगभग 50 से ज्यादा लोगों को मुफ्त परामर्श प्रदान किया। खेल संबंधी चोटों और जोड़ों की समस्याओं के उपचार में अपने अनुभव का उपयोग करते हुए उन्होंने दर्द के कारण, रोकथाम, और उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। यह शिविर मरीजों के लिए डॉ. सिंह जैसे अनुभवी विशेषज्ञ से परामर्श लेने का एक सुनहरा अवसर था, जिनके नवाचारी ऑथोर्पेडिक दृष्टिकोण ने कई लोगों के जीवन को बदल दिया है। मीडिया से बात करते हुए डॉ. सिंह ने हिप और घुटने की समस्याओं की बढ़ती समस्या पर चर्चा की और प्रभावी रोकथाम एवं इलाज के समाधान साझा किए। उन्होंने कहा, 'जोड़ों का दर्द किसी के जीवन पर गहरा प्रभाव डाल सकता है, और मेरा उद्देश्य है कि उच्च गुणवत्ता वाली ऑथोर्पेडिक देखभाल हर व्यक्ति के लिए सुलभ हो। मुझे उम्मीद है कि आज के परामर्श से लोगों को आराम, स्पष्टता और राहत का मार्ग मिला होगा।'

## वर्ल्ड डेंटिस्ट डे के अवसर पर आयोजन

# सेंसोडाइन व इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने जमशेदपुर में डेंटिस्ट को किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर :** हाउस ऑफ हेलीऑन (पूर्व में ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) की ओर से प्रमुख ओरल केयर ब्रांड सेंसोडाइन ने 3 अक्टूबर को मनाए जा रहे वर्ल्ड डेंटिस्ट डे के अवसर पर डेंटिस्ट्स को सम्मानित करने के लिए इंडियन डेंटल एसोसिएशन के साथ गठबंधन किया है। डेंटिस्ट ओरल हैल्थ को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करने के उद्देश्य से सेंसोडाइन और आईडीए ने एक अद्वितीय प्लेटफॉर्म का निर्माण किया है, जिस पर डेंटिस्ट डेंटिस्ट्री में हो रही अत्याधुनिक वैज्ञानिक प्रगति के बारे में बताएंगे, जिनके मरीजों के इलाज में सुधार होगा। यह प्लेटफॉर्म सीनियर डेंटिस्ट्स को डेंटिस्ट्री और समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित करता है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न शहरों में अनेक चैप्टर्स का आयोजन किया गया, जिनमें से सबसे नया चैप्टर 27 अक्टूबर को होटल जीवा जमशेदपुर में आयोजित हुआ। आईडीए चैप्टर में हिस्सा लेने वाले डेंटिस्ट्स को ओरल हैल्थ की समस्याओं के बारे में चर्चा करने का अवसर मिला। उन्होंने प्रोएक्टिव हैल्थकेयर के बारे में बताते हुए अपने सामने आए कुछ जटिल मामलों की जानकारी दी, जिससे इनोवेशन और सॉल्यूशन पर केंद्रित चर्चा को बढ़ावा मिला। इस ईवेंट में स्थानीय डेंटिस्ट्स के योगदान के साथ चार श्रेणियों में उन्हें सम्मानित किया गया। डॉ. एरिक लियू मिन चुंग को क्षेत्र में डेंटल केयर में अपने योगदान के लिए 'फादर फिगर' के रूप में सम्मानित किया गया। डॉ. गौरव राज सिंह को 'हाई सोशल इंपैक्ट' और सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. विशाल राज सिंह को मरीजों के आराम व जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी अद्वितीय 'पेंशेंट केयर' के लिए सम्मान मिला। इसके अतिरिक्त, डॉ. सिथुन सारंगी को दंत चिकित्सा के भीतर 'तकनीकी उत्कृष्टता' में उनकी महत्वपूर्ण प्रगति के लिए मनाया गया। इस बारे में किस्लय सेठ, कैटेगरी लीड - ओरल हेल्थकेयर एट हेलीऑन, ने कहा, ह्यहमारा स्वास्थ्य अच्छी ओरल हैल्थ पर निर्भर होता है। डेंटिस्ट न केवल ओरल समस्याओं को ठीक करते हैं, बल्कि मरीजों के जीवन की गुणवत्ता भी बढ़ाते हैं। इस वर्ल्ड डेंटिस्ट डे के अवसर पर हम इंडियन डेंटल एसोसिएशन के साथ साझेदारी करके और मरीजों की केयर के लिए डेंटिस्ट्स को सम्मानित करके गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।' डॉ. अशोक ढोबले, महासचिव, इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने कहा, ह्यआईडीए में हमारा लक्ष्य ओरल हैल्थ को भारत में लोगों की प्राथमिकता बनाना है। हम लोगों का ध्यान इलाज से प्रिवेंटिव केयर की ओर ले जाना चाहते हैं। वर्ल्ड डेंटिस्ट डे के अवसर पर सेंसोडाइन ने डेंटिस्ट्स को सम्मानित करने के लिए एआई-पॉवर्ड पर्सनालाईज्ड वीडियो पेश किए हैं। ये उन्हें अपने मरीजों और समाज से कनेक्ट होने का अद्वितीय तरीका प्रदान करते हैं। साथ ही, इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर # डॉक्टर्स ऑफ जॉय नामक चार डिजिटल फिल्में रिलीज की गई हैं, जो भारत में लोगों की ओरल हेल्थ और सेहत बढ़ाने में डेंटिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित करती हैं।



## आज की जानेवाली हड़ताल अवैध : कमलेश राय

**चाईबासा :** सेल, किरीबुरु खदान के सीजीएम कमलेश राय ने कुछ यूनियनों ने सेलकर्मियों के लिये अपील पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि वेतन संशोधन और अन्य मुद्दों पर कुछ यूनियनों ने 28 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से 29 अक्टूबर की सुबह 6 बजे तक एक दिवसीय हड़ताल का नोटिस दिया है। उनकी मांगों का केवल सेल के राष्ट्रीय स्तर पर ही समाधान किया जा सकता है। उन मुद्दों के समाधान में किरीबुरू लौह अयस्क खदान की कोई भूमिका नहीं है। यहां यह उल्लेख करना भी प्रासंगिक है कि सेल एक महत्वपूर्ण समय से गुजर रहा है, जिसमें चालू वित्तीय वर्ष में लाभ के लिए कड़ी मेहनत की जा रही है।

## एक झलक

### राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने चार पदक जीते

**सहरसा :** राज्य स्तरीय विद्यालय फ्रीस्टाइल अंडर-14,17 बालक कुश्ती प्रतियोगिता कटिहार में समापन के उपरांत लगातार पुनः चार मेडल सहरसा जिला के जांबाज पहलवानों ने अलग-अलग वजन में प्राप्त किया। सर्वप्रथम अंडर 14 के कृष्णा कुमार सिमरी बख्तियारपुर 50 किलोग्राम वजन मे ब्राउज मेडल प्राप्त किया। जिन्हें बिहार कुश्ती संघ महासचिव बिनय कुमार ने मेडल देकर सम्मानित किया। दूसरा अंडर-17 के हिमांशु मोहन वजन 85 किलोग्राम में सिल्वर मेडल एवं तीसरा अंडर-17 के सुर्यदेव झा-वजन 70 किलोग्राम में सिल्वर मेडल प्राप्त,वही चौथा अंडर -14 के आयुश कुमार ने वजन 75 किलोग्राम में ब्राउज मेडल प्राप्त करके चारों पहलवानों ने सहरसा जिला का नाम बिहार में रोशन किया।

### इंटरनेशनल रिपोर्ट्स एसोसिएशन का चुनाव

**नवादा :** नवादा स्थित प्रेस भवन में रविवार को पत्रकारों की सबसे बड़ी संगठन AIRA इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन, बिहार के नवादा शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता आईरा के जिला सचिव अनंत कुमार ने किया, जबकि संचालन राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश के संगठन सचिव सुनील कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नए जिलाध्यक्ष सनोज कुमार संगम के स्वागत समारोह हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि सुनील कुमार ने बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ॰ सुमन मिश्रा द्वारा मनोनित अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर जिले भर के पत्रकारों ने नए जिलाध्यक्ष सनोज कुमार संगम को बुके देकर एवं माला पहनाकर शुभकामना दिया।

### विधायक ने 16 योजनाओं का उद्घाटन कर जनता को किया समर्पित

**नवादा :** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत भदौनी स्थित रजा नगर, न्यू आजाद, अली नगर एवं अयोध्या कॉलनी में विधायक मद् एवं नगर परिषद मद् से रविवार को निष्पादित विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन विधायक विभा देवी ने किया। नाली गली, पीवीसी ढलाई, मुहल्ला पथ, चापाकल इत्यादि योजनाओं के लिए अनुमानित 50 लाख रुपये की योजना का क्रियान्वयन होने पर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उद्घाटन के लिए मुख्य समारोह रजा नगर में आयोजित किया गया जहां आम लोगों के साथ सामाजिक कार्यकताओं ने विधायक का स्वागत ढोल नगाड़े और छतों से पुष्पवृष्टि कर के किया। आम लोगों के उत्साह से उत्साहित होते हुए माननीय विधायक ने कहा कि विधायक मद की आवंटित समस्त विकास राशि पर केवल और केवल आम जनता का अधिकार है जिसे हर हाल में दिया जाना है।

### ब्रेजा कार पर सवार शराब तस्कर हथियार समेत गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** जिले के हरसिद्धि थाना पुलिस ने हरसिद्धि-छपवा मुख्य मार्ग पर कोबेया पुल के समीप छापेमारी कर ब्रेजा कार पर सवार दो शराब तस्करो को एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक डाइगर चाकू, 360 एमएल विदेशी साथ किया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर निर्भय कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि छपवा की ओर से एक ब्रेजा कार पर शराब लादकर हरसिद्धि की तरफ लाया जा रहा है।इस सूचना के आलोक में एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। पुलिस को देखकर गाड़ी पर से उतरकर दो व्यक्ति भागने लगे, जिसे दौड़कर पकड़ लिया गया। दोनों की जब तलाशी ली गई तो उनके पास से एक देशी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस, एक डाइगर चाकू एवं एक ब्रेजा कार बरामद किया गया। कार की जब जांच की गई तो उसमें 360 एम एम विदेशी शराब रखी गई थी। बरामद सामान और दोनों अपराधियों को थाना पर लाया गया। गिरफ्तार अपराधी हरसिद्धि के दुदही निवासी 20 वर्षीय विवेक कुमार व 22 वर्षीय अमित कुमार बताये गये है। दोनों सहोदर भाई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ और जांचोपरांत प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया गया।

---

### नीतीश ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर सड़क मार्ग से विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

# अधिकारियों को दिये कई निर्देश



**एजेंसी**

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर आज सड़क मार्ग से विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान जेपी गंगा पथ से होते हुए दीघा के पाटीपुल घाट, जेपी सेतु पश्चिमी घाट, जेपी सेतु घाट, पहलवान घाट, एलसीटी घाट, कलेक्ट्रेट घाट एवं कृष्णा घाट का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने दीघा के पाटीपुल घाट पर रुककर वहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये हर प्रकार से छठ घाटों को तैयार करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ व्रती सुगमतापूर्वक गंगा नदी के छठ घाटों तक आवागमन कर सकें, इसे ध्यान में रखते हुये रास्तों को दुरूस्त करायें। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ व्रतियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें ताकि उन्हें अर्घ्य देने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### क्रिकेटर इशान किशन के पिता जदयू में होंगे शामिल

**पटना :** क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रणव कुमार पांडे रविवार को बिहार की सत्तारूढ़ जदयू में शामिल होने जा रहा हैं। वे नवादा में अपने समर्थकों के साथ नीतीश कुमार की पार्टी का दामन थामेंगे।
जदयू प्रदेश कार्यालय में आज मिलन समारोह रखा गया है। इसी मौके पर प्रणव कुमार पांडे उर्फ चुन्नू अपने समर्थकों के साथ यहां पहुंचेंगे और पार्टी की सदस्यता लेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ईशान किशन के पिता प्रणव कुमार पांडे पेशे से बिल्डर हैं। वे परिवार के साथ पटना में रहते हैं।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का हुआ उद्घाटन

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार के लखीसराय में दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का भव्य उद्घाटन बिहार के डिप्टी सीएम सह कला संस्कृति मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज की। इस मौके पर डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा यह महोत्सव न केवल सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है, बल्कि युवा सृजनात्मकता का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। विजय सिन्हा ने कहा कि भारत की युवा शक्ति दुनिया की 65 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करती है, जो आने वाले वर्षों में भारत को विश्वगुरु बनाने में सहायक होगी। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने नेता प्रति पक्ष तेजस्वी यादव पर भी निशाना साधा है। मौके पर डीएम मिथलेश मिश्र ने कहा कि इस महोत्सव में नृत्य, संगीत, कला और साहित्यिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। यह महोत्सव छात्रों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि संग्रहालय ऑडिटोरियम में आयोजित युवा महोत्सव में 700 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। युवा महोत्सव में गीत, संगीत, नृत्य और कला की अलग -अलग विधाओं में प्रतिभागियों ने मंच पर हुए कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई एवं अपनी कला का प्रदर्शन किया। इससे पहले सुबह में प्रभातफेरी के साथ युवा महोत्सव का आगाज किया गया। जिसमें डीएम ने लोगों को सामाजिक सरोकारों से जुड़ा संकल्प दिलाया।

## आरएसएस की साप्ताहिक शाखा में स्थापना व उपयोगिता विषय पर चर्चा आयोजित

**एजेंसी**

**सहरसा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रविवार को महावीर मंदिर में साप्ताहिक शाखा आयोजित हुई। मुख्य शिक्षक सुभाष चंद्र झा के संचालन में एकात्मकता स्त्रोत, सुर्य नमस्कार मंत्र एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। इस अवसर पर विभाग सेवा प्रमुख डा मुरारी कुमार के द्वारा नये स्वयंसेवकों का परिचयात्मक समारोह के पश्चात कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डाक्टर केशवराव बलिराम हेडगेवार के द्वारा 1925



ई में विजयादशमी के दिन नागपुर मे हुई।उस समय देश गुलाम था।जिसके कारण उस समय स्वतंत्रता प्राप्त करना एकमात्र उद्देश्य रहा वही संघ के स्वयसेवक आजादी की लड़ाई मे सक्रिय भागेदारी निभाई। लेकिन सत्ता प्राप्ति के लिए कांग्रेस ने इस देश का विभाजन कर दी। वही जब बंटबारा का भयंकर दुष्परिणामस्वरुप लाखों शरणार्थी अपने देश लौटे।उस शरणार्थियों के भोजन और आवासन की विकराल समस्या उत्पन्न हुई।तब संघ के स्वयंसेवकों ने सरसंघचालक गुरूजी के आह्वान पर शरणार्थियों को त्वरित भोजन व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि जब जब देश मे युद्ध के हालात उत्पन्न हुए तब तब संघ के स्वयंसेवकों ने अपनी जान की बाजी लगाकर सेना की मदद की।

### पैक्स चुनाव को ले जिले में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

## 03 लाख मतदाता डालेंगे वोट, चार चरणों में होगी वोटिंग

**एजेंसी**

**नवादा :** जिले में पैक्स चुनाव की तैयारी पूरी हो गई है। पैक्स चुनाव के लिए मतदाता की अंतिम सूची प्रकाशित रविवार को कर दी गई है।इस बार नवादा में पैक्स चुनाव में 3 लाख मतदाता वोट डालेंगे। वहीं चार चरण में वोटिंग होगी। डीएम आशुतोष कुमार वर्मा और एसपी अभिनव धीमान की देखरेख में चुनाव की पूरी तैयारी कर ली गई है। जिले में पैक्स चुनाव की सरगर्मी के बीच अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया। पैक्स चुनावों को लेकर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 09 अक्टूबर को हो चुका था जबकि दावा-आपत्ति बीते 22 अक्टूबर तक लिया गया। सभी दावा-आपत्ति का निपटारा करने के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन निर्धारित तिथि पर कर लिया गया। जिले में चार चरणों में होने



वाले मतदान के क्रम में 301729 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रत्येक 700 मतदाताओं पर एक बूथ का निर्माण किया गया है, जिसके तहत जिले में कुल 490 बूथ बनाए गए हैं। इनमें से 171 बूथ संवेदनशील तो 307 अति संवेदशनशील की श्रेणी में हैं, जबकि सिर्फ 12 बूथों को सामान्य श्रेणी में रखा गया ।06 दिसम्बर तक जिले में चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस अवधि में कुल पांच चरण के मतदान होंगे ।लेकिन जिले में दूसरे चरण का चुनाव नहीं होगा। सभी पांच चरणों की अवधि में मतदान सिर्फ चार चरणों में ही होगा। अध्यक्ष के लिए लाल, प्रबंध समिति सदस्य के लिए होंगे अन्य रंग के मतपत्र होंगे। नवम्बर महीने से शुरू होने वाले पैक्स चुनाव की तैयारी पूरी हो चुकी है। दावा-आपत्ति की समय सीमा खत्म हो चुकी है और 25 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। चुनाव 26 नवंबर से 03 दिसंबर तक मतदान बैलेट पेपर से होगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि पैक्स चुनाव में इस बार मतगणना को आसान बनाने के लिए हर पद के लिए अलग-अलग रंग के मतपत्रों (बैलेट पेपर) का इस्तेमाल किया जाएगा।

## बिविमो के संस्थापक राकेश सिंह की श्रद्धांजलि सभा में जुटे हजारों चाहनेवाले

**एजेंसी**

**पूर्णिया :** आज पूर्णिया के कला भवन में बिहार विकास मोर्चा के संस्थापक स्वर्गीय राकेश सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमे पूर्णिया शहर के कई गण्यमान्य लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद पप्पू यादव ने भी शिरकत की। पप्पू यादव ने कहा कि राकेश सिंह पूर्णिया के लिए एक रीड की हड्डी थे जिन्होंने पूर्णिया में समाजिकता की परिभाषा को बताया। समाज की सेवा ही परम धर्म है उन्होंने करके दिखाया था ।बता दें कि राकेश सिंह का कुछ दिन पहले निधन हो गया था। और उनके निधन से महज तीन महीने पहले ही उनके बड़े भाई भी इस दुनिया को अलविदा कह गए थे। पूर्णिया में राकेश सिंह की पहचान सिर्फ एक नेता ही नहीं , बल्कि एक बुद्धिजीवी और समाजसेवी के रूप में भी थी। पूर्णिया में बिजली सुधार के लिए उन्होंने जो आंदोलन चलाया, उसके लिए उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। वे बिहार विकास मोर्चा से पहले वे शिवसेना के अध्यक्ष भी रह चुके थे। इस कार्यक्रम में उनकें पिताजी भी मौजूद थे। उनके आँखें नम थी।रोए जा रहे थे।तीन महीने के अंदर उन्होंने अपने दोनो बेटों को खो दिया। लोग उन्हें लगातार ढांढस बंधा रहे थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विकास मोर्चा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट अज्ञेय आनंद ने की।

## शहाबुद्दीन की पत्नी और बेटे ने ली राजद की सदस्यता



**एजेंसी**

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल से नाराज चल रहा सीवान के भूतपूर्व सांसद मो. शहाबुद्दीन का परिवार आखिरकार लालू प्रसाद की शरण में पहुंच गया है। शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और उनके बेटे ओसामा पूरे लाव-लश्कर के साथ रविवार को राबड़ी आवास पहुंचे और राजद की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने दोनों मां-बेटा को पार्टी का पट्टा पहनाकर राजद की सदस्यता दिलाई। सीवान के भूतपूर्व सांसद और बाहुबली मो. शहाबुद्दीन का परिवार लालू प्रसाद और आरजेडी से लंबे समय से नाराज चल रहा था। शहाबुद्दीन के निधन के बाद से ही उनकी पत्नी हीना शहाब यह आरोप लगाती रहीं कि जिस आरजेडी के लिए उनके पति शहाबुद्दीन ने क्या कुछ नहीं किया लेकिन उनका निधन होते ही पार्टी ने उनके परिवार को दरकिनार कर दिया। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में हीना शहाब आरजेडी उम्मीदवार अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ मैदान में उतरी थीं। हालांकि, दोनों को हार का सामना करना पड़ा था। शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और उनके बेटे ओसामा के राजद में शामिल होने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि दोनों के शामिल होने से राजद मजबूत होगी।

## मिला बाघ का पगमार्क, वन कर्मी अलर्ट

**एजेंसी**

**पश्चिम चंपारण :** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वन प्रमंडल 2 के वन क्षेत्र में शाकाहारी और मांसाहारी जानवरों की संख्या में काफी वृद्धि को देखते हुए वन विभाग इसे बेहतर उपलब्धि मानता है।बाघ की संख्या में भी वृद्धि दर्ज किया गया है।इसी क्रम में वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र के जटाशंकर वन परिसर के वन क्षेत्र में टाइगर की चहलकदमी को देखते हुए वन प्रशासन ने पैदल, ई रिक्शा,साइकिल व बाइक यात्रियों को जटाशंकर वन क्षेत्र में जाने पर पाबंदी लगा दी है। उल्लेखनीय है कि रविवार की सुबह बाघ का पग मार्क जटाशंकर चेक नाका व आस पास सहित वाल्मीकि आश्रम जाने वाले क्षेत्र में देखा गया है। इस सन्दर्भ में आई एफ एस प्रशिक्षु डीएफओ स्टालिन फीडर कुमार से पूछे जाने पर उन्होने बताया कि सुबह में टाइगर के पग मार्क देखे गए हैं। जिसे देखते हुए सुरक्षा के मद्दे नजर पैदल, ई रिक्शा, साइकिल व बाइक से वन क्षेत्र में भ्रमण करने वाले पर्यटकों और मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को रविवार को वन क्षेत्र में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।वही जंगल सफारी और बड़ी गाड़ियों पर पाबंदी नहीं है। ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनी ना हो ।बाघ हिंसक जानवरों की श्रेणी में आता है। बाघ अपने किसी शिकार के फिराक में हो सकता है।पग मार्क के आधार पर वन कर्मियों को बाघ के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए तैनात किया गया है। वस्तु स्थिति को देखते हुए वन क्षेत्र में प्रवेश पर निर्णय लिया जायेगा।

## कोसी रंग महोत्सव का दूसरा चरण आगामी 7-8 नवम्बर को




**एजेंसी**

**सहरसा :** कोसी रंग महोत्सव का दूसरा चरण आगामी 7-8 नवंबर को सहरसा में आयोजित किया जायेगा। रंगकोसी के तत्वावधान में संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से कोसी रंग महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम चरण की शुरूआत दिल्ली के नरेज्यां स्टूडियो में की गई । उत्सव का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप दुबे एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अभिषेक मिश्रा ने किया। अभिषेक मिश्रा ने रंग कोसी के इस आयोजन कोसी रंग महोत्सव के सफलता की कामना करते हुए,रंगमंच एवं खेल को मनुष्य के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग बताया। संदीप कुमार दुबे ने रंगकोसी एवं संस्कृति मंत्रालय को धन्यवाद देते हुए यह कहा कि कोसी रंग महोत्सव जैसा आयोजन लगातार होते रहना चाहिए जिससे लोगों का रंगकर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। इस अवसर पर दो दिनों में तीन नाटकों का मंचन किया गया। 10 अक्टूबर को बिलीवर आर्ट्स ग्रुप द्वारा लकी मल्होत्राके निर्देशन में'द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी' का आयोजन किया गया। दूसरे दिन संध्या से रंगकोसी द्वारा प्रस्तुत एवं राजीव रंजन झा द्वारा निर्देशित नाटक ' र शोमन' का मंचन किया गया। यह नाटक रयोनोसुके अकुतागावा की दो कहानियों पर आधारित था,जिसका नाट्य रूपांतरण रमेशचंद्र शाह ने किया था। शाम 7:30 बजे फणीश्वरनाथ रेणु की कहानी पर आधारित एवं पुंज प्रकाश द्वारा लिखित नाटक 'तीसरी कसम' का मंचन किया गया। जिसकी प्रस्तुति सुसत्या फाउंडेशन की थी,इस नाटक को निर्देशित किया था राजीव रंजन झा ने किया। आयोजन में अतिथि के रूप में प्रसिद्द अभिनेता, निर्देशक एवं लेखक पुंज प्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

### वैश्य मोर्चा के प्रमुख सदस्यों-नीति निर्धारकों की बैठक आयोजित

## 21 सदस्यीय संचालन समिति का गठन

- केन्द्रीय समिति की घोषणा अगले माह, केन्द्रीय अध्यक्ष अधिकृत
- दोष-गुण के आधार पर प्रत्याशियों को समर्थन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख सदस्यों एवं नीति निर्धारकों की एक महत्वपूर्ण बैठक रांची के रेडियम रोड़ स्थित आलोका सभागार में की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। बैठक में संपन्न स्थापना दिवस कार्यक्रम की समीक्षा, सत्र 2024-25 के लिए केंद्रीय समिति का गठन एवं विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कहा गया कि विपरित परिस्थितियों में भी वैश्य मोर्चा का 6वां स्थापना दिवस कार्यक्रम काफी सफल रहा। यह सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से सम्भव हो सका। वैश्य मोर्चा का गठन जिस उद्देश्य और मुद्दों को लेकर किया गया है, इसके लिए आगे भी आंदोलन और अभियान जारी रहेगा। बैठक में तय किया गया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए स्थाई केंद्रीय समिति का गठन अगले माह नवंबर के अंतिम सप्ताह में किया जायेगा। इसके लिए सर्वसम्मति से केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु को अधिकृत किया गया। जबकि सांगठनिक गतिविधियों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए 21 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के अलावा हीरानाथ साहु, मोहन साव, सुरेश साहु, अश्विनी साहु, रामसेवक प्रसाद, परशुराम प्रसाद, अशोक गुप्ता, आदित्य नारायण प्रसाद, दिनेश्वर मंडल, कपिल प्रसाद साहु, लखन अग्रवाल, जगदीश साहु, डॉ. अरविंद कुमार, अनिल वैश्य, राजेन्द्र साहु, हलधर साहु को सदस्य बनाया गया है। बाकी चार सदस्यों को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु मनोनीत करेंगे. राहुल कुमार साहु मीडिया प्रभारी बने रहेंगे। चुनाव पर चर्चा करने के पाश्चात्य सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वैश्य उम्मीदवारों का तो समर्थन किया जायेगा, लेकिन दोष और गुण का भी आकलन किया जायेगा। जो वैश्य होते हुए भी सामाजिक गतिविधियों से दूर रहें हैं और समाज से कोई मतलब नहीं रखते हैं, वैसे लोगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। जबकि सुरक्षित एवं अन्य सीटों पर वैश्य समाज के मुद्दों का समर्थन करने वाले उम्मीदवारों को मदद किया जायेगा।

# आज का युवा बिहार का भविष्य है : मनीष वर्मा

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार के बेगूसराय जिले में जनता दल यूनाइटेड का बिहार संवाद कार्यक्रम आर्ट गैलरी सह प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम बुद्धिजीवी एवं युवाओं के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा शामिल हुए। उपस्थित बुद्धिजीवियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए मनीष वर्मा ने कहा कि आज का युवा बिहार का भविष्य है। हम अपने युवाओं को जिस प्रकार से तैयार करेंगे, वैसा ही भविष्य बिहार का होगा। मनीष वर्मा ने कहा कि सरकार का एक सीमित दायरा होता है। सरकार और समाज दोनों मिलकर किसी भी राज्य का विकास सुनिश्चित करते हैं इसलिए नीतीश सरकार अपने तरफ से हर स्तर पर बिहार



को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है, लेकिन हमें भी एक नागरिक होने के नाते समाज के प्रति अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। सरकार अनेकों प्रकार की योजनाएं शिक्षा क्षेत्र में चला रही हैं। प्रत्येक समुदाय, वर्ग, धर्म का बच्चा शिक्षित हो, इसके लिए हर व्यवस्था नीतीश कुमार ने बनाई है। हम अपने तरफ से आगे बढ़कर अपने बच्चों को उन सभी योजनाओं का लाभ दें, उन्हें शिक्षित करें तभी हमारा बिहार आगे बढ़ पाएगा। मनीष वर्मा ने उपस्थित छात्र- छात्राओं को कहा कि नौकरी का मतलब सरकारी नौकरी ही नहीं होती है। हमें बस नौकरी के लिए प्रयास नहीं करना है। सरकार अपनी व्यवस्था अनुसार ही रोजगार दे सकती है और हमें नौकरी पाने वाला नहीं बनना है बल्कि नौकरी देने वाला बनना है। हमारे समाज में सरकारी नौकरी को लेकर ऐसी धारणा है कि उसके बिना कुछ है ही नहीं। हमें उस सोच से बाहर निकलना पड़ेगा। हम आज के समय में अपना व्यवसाय कर सकते हैं, स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं, अपना एंटरप्राइज लगा सकते हैं जिससे कि हम स्वयं तो अपनी जीविका चला ही पाएंगे, साथ ही हम दूसरों की जीविका भी चलाने योग्य हो जाएंगे। मनीष वर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर भी दिया तथा कहा कि बरगलाने वाले लोगों और पार्टी से दूर रहने की आवश्यकता है। हमसे पूर्व की सरकारों ने बिहार को गर्त में ले जाने का काम किया है, शिक्षा को गर्त में ले जाने का काम किया है नहीं तो बिहार आज जिस स्थिति में है, उससे कई गुना अच्छी स्थिति में होता। शिक्षा सभी के लिए सुलभ हो इसलिए नीतीश कुमार ने अनेक योजनायें चलाई है क्योंकि उनका मानना है कि यदि आप बढ़ेंगे तो पूरा बिहार बढ़ेगा। बिहार को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं, यह हम सब की जिम्मेदारी है कि उसके लिए सोच और उस दिशा में कदम उठाएं। 2005 के पहले के बिहार और अब के बिहार में जमीन आसमान का अंतर है। हम उस पीढ़ी के लोग हैं, जो अंधेरे में अपना जीवन यापन करते थे। महीने में कभी एक दो बार बिजली आती थी। आज बिजली, सड़क, शिक्षा, रोजगार जैसे सभी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर काम हुआ है। शिक्षा में 50 करोड़ से अधिक का बजट सरकार खर्च करती है। बिहार को आगे बढ़ाना है तो हमें सबसे पहले अपने बच्चों को शिक्षित करना होगा।

## अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

- ट्रक जब्त, मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट की आड़ में शराब की ले जायी जा रही थी खेप

**एजेंसी**

**अररिया :** अररिया की नरपतगंज थाना पुलिस और डीआईयू की टीम ने रविवार को मिले गुप्त सूचना पर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब का खेप बरामद किया। एसपी अमित रंजन को मिले गुप्त सूचना पर नरपतगंज थानाध्यक्ष कुमार विकास ने पुलिस बलों के साथ और डीआईयू टीम ने एनएच 57 फोरलेन सड़क पर कार्रवाई करते हुए यूपी नंबर के कंटेनर से 5652 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि आयशर वाहन संख्या- यूपी 16 जीटी 5012 से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप लाया जा रहा है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ग्राम पलासी स्थित एनएच 57 पर वाहन चेकिंग प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात वाहन चेकिंग के क्रम में उक्त नंबर के वाहन के पहुंचने पर जब पुलिस ने गाड़ी की चेकिंग की गई। वाहन में लदे मेडिकल ओक्सिजन प्लांट को खोला गया तो उसमें से 750 एमएल का अंग्रेजी शराब का 42 सौ बोतल एवं 375 एमएल का 6672 बोतल, कुल 5652 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। जिसके बाद वाहन के चालक उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद जिला के पा थाना क्षेत्र के मालीपुर के रहने वाले रवि कुमार पिता स्व० कमल सिंह एवं सह चालक दुर्गेश कुमार सिंह पिता- शिशुपाल सिंह को गिरफ्तार किया।पुलिस ने ट्रक को भी जब्त किया। बरामद शराब के बैकवर्ड - फॉरवर्ड लिंकेज के सम्बंध में पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल किया जा रहा है।एसपी अमित रंजन ने जानकारी देते हुए बरामद शराब का आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर बड़े पैमाने पर खरीद बिक्री एवं उपयोग की संभावना जताई।

## एक झलक

### गम्भीर ने वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र किया रद्द

**पुणे** : भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम की हार के बाद सख्त रुख अपनाने हुए वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र रद्द कर दिया है। इस प्रशिक्षण सत्र में विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के अलावा जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबाज भी शामिल थे। परंपरागत रूप से खिलाड़ियों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र को वैकल्पिक रखा जाता है। आम तौर पर शीर्ष बल्लेबाज और तेज गेंदबाज अक्सर उस सत्र को छोड़ देते थे और केवल हल्के प्रशिक्षण तक ही सीमित रखते थे। हालांकि, अब ऐसा नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार टीम प्रबंधन ने हर एक खिलाड़ी से अभ्यास सत्र छोड़ने का विकल्प छीन लिया है। टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों से 30 और 31 अक्टूबर को दो दिन अभ्यास के लिए उपस्थित रहने को कहा है। यह अनिवार्य है और कोई भी इसे छोड़ नहीं सकता।
भारतीय टीम पहले दो टेस्ट हार गयी है। ऐसे में टीम प्रबंधन तीसरे टेस्ट के लिए अपनी ओर से कोई कसर नहीं रखना चाहता है। ऐसे में टीम के लिए मुंबई में होने वाला तीसरा टेस्ट जीतना जरूरी है। इसलिए गंभीर और टीम प्रबंधन चाहता है कि हर खिलाड़ी सभी प्रशिक्षण सत्रों में भाग ले।

### ईशान किशन के पिता राजनीति में उतर रहे

**नयी दिल्ली** : क्रिकेटर ईशान किशन के पिता अब राजनीति में कदम रखने जा रह हैं। ईशान के पिता ई. प्रणव कुमार पांडेय जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में शामिल होने वाले हैं। जेडीयू कार्यालय में वह एक कार्यक्रम में उन्हें पार्टी की सदस्यता मिलेगी। इस अवसर पर जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के मौजूद रहने की उम्मीद है। प्रणव पांडेय बिहार की राजधानी पटना में अपने परिवार के साथ रहते हैं। पेशे से वह एक बिल्डर हैं। उनकी मां, सावित्री शर्मा, बिहार की मशहूर चिकित्सक रही हैं, और पिता रामउग्रह सिंह खेती से जुड़े हुए हैं। ईशान भारतीय क्रिकेट टीम के एक स्टार खिलाड़ी हैं। ईशान, ने अब तक 2 टेस्ट मैच, 27 वनडे और 32 टी-20 मैच खेले हैं। इसके साथ ही, उन्होंने आईपीएल में 105 मैच भी खेले हैं।

### घरेलू सीरीज में भारतीय टीम का हाल पाक जैसा हुआ

**पुणे** : भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसर टेस्ट में मिली हार के बाद सीरीज 2-0 से उसके हाथ से निकल गयी है। भारतीय टीम को उसी प्रकार हार मिली है जिस प्रकार पाकिस्तान क्रिकेट टीम को बांग्लादेश से अपनी घरेलू धरती पर मिली थी। न्यूजीलैंड ने 35 साल पहले भारत में टेस्ट जीता था और लगातार दो टेस्ट जीतकर ना सिर्फ हार का सिलसिला खत्म किया बल्कि उसकी हालात पाकिस्तान टीम जैसी कर दी। अब भारतीय टीम पर क्लीन स्वीप का खतरा बढ़ गया है। पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम का जैसा हाल बांग्लादेश के खिलाफ हुआ था वैसा ही कुछ विराट कोहली का न्यूजीलैंड के खिलाफ हुआ है। विराट भी इस सीरीज में बाबर की तरह ही अहम अवसरों पर रन नहीं बना पाये। जिस प्रकार आजम बांग्लादेश के खिलाफ पहली मैच में शून्य पर आउट हुए वैसे ही विराट भी कीवी टीम के खिलाफ खाता नहीं खोल पाये।

# श्रीलंका में लगातार 10 वनडे हारने के बाद जीता वेस्टइंडीज



**एजेंसी**

**कैंडी** : वेस्टइंडीज ने श्रीलंका दौरे पर बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे मैच को आठ विकेट से जीत लिया है। यह श्रीलंका में उनकी लगातार 10 हार के बाद पहली वनडे जीत थी। 2021 के बाद से अपना पहला वनडे खेल रहे एविन लुईस ने 61 गेंदों पर नाबाद 102 रनों की पारी खेली। कैरिबियाई टीम को ऊ्छर मेथड के तहत 196 रन का टारगेट मिला था। तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला कैंडी स्थित पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। शनिवार को बारिश की वजह से यह मैच 23-23 ओवर का खेला गया।

**आखिरी 5.4 ओवर में श्रीलंका ने बनाये 75 रन**

**पहले** बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम के 17.2 ओवर ही हुए थे। तभी बारिश आ गई। जब दोबारा खेल शुरू हुआ तो मैच 23-23 ओवर कराने का फैसला किया गया। ऐसे में श्रीलंका को 5.4 ओवर ही खेलने को मिले। श्रीलंका ने अंतिम 5.4 ओवरों में 75 रन बनाए और 3 विकेट पर 156 रनों का स्कोर खड़ा किया। इस दौरान टीम के लिए पथुम निसांका और कुसल मेंडिस दोनों ने 56 रन बनाए। मेंडिस ने 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 254.55 के स्ट्राइक रेट से रन स्कोर किए, जबकि निसांका ने 90 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। मेंडिस ने 19 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं वेस्टइंडीज के लिए शेरफेन रदरफोर्ड और रोस्टन चेज ने 1-01 विकेट चटकाया।



**एविन लुईस का शतक, शेरफेन रदरफोर्ड की फिफ्टी; पिछली जीत 1993 में मिली थी**

**वेस्टइंडीज को मिला रिवाइज्ड टारगेट**

**वेस्टइंडीज** को DLS के तहत 195 रनों का रिवाइज्ड टारगेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 22 ओवर में 196/2 रन बोर्ड पर लगाकर 8 विकेट से जीत हासिल कर ली। इस दौरान टीम के लिए एविन लुईस ने शानदार पारी खेलते हुए 61 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन स्कोर किए। इसके अलावा शेरफेन रदरफोर्ड ने 26 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन बना;२। लुईस और रदरफोर्ड ने तीसरे विकेट के लिए 45 गेंदों पर 85 रनों की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

## एक सीरीज हारने से रणनीति नहीं बदल सकते : रोहित शर्मा



**एजेंसी**

**पुणे** : भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार को निराशाजनक बताया है पर कहा कि इससे कुछ निष्कर्ष नहीं निकाले जा सकते हैं न ही अपनी रणनीति बदली जा सकती है। उन्होंने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए शांति से इस बारे में बात करनी होगी, किसी प्रकार का अलग तरीका अपनाना फायदेमंद नहीं रहेगा। न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट में भारत को हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। रोहित ने कहा, कुछ खिलाड़ियों से शांत माहौल में बातचीत करने की जरूरत है। उन्हें यह बताना जरूरी है कि वे कहां है और टीम उनसे क्या उम्मीद रखती है।ह्र अब उनका लक्ष्य खिलाड़ियों को वास्तविकता से अवगत कराना है पर इस दौरान वह कोई विवाद नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा,ह्रमुझे नहीं लगता कि आपको उन्हें एक-एक करके टीम रूम में बिठाने, उनकी पारियों को देखने और उन्हें यह बताने की जरूरत है कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। रोहित ने कहा, केवल इसलिए कि हम एक सीरीज हार गए हैं तो हमें अलग तरह से बात करने या अलग तरीके अपनाने की जरूरत है।



मैनचेस्टर में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए मैनचेस्टर सिटी और साउथेंपटन के खिलाड़ी।

## आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में उतर सकते हैं ऋषभ



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी में उतरने की संभावनाएं हैं। माना जा रहा है कि दिल्ली कैपिटल्स अब ऋषभ को कप्तान के तौर पर रिटेन नहीं करना चाहती है। सभी 10 टीमों को आने वाले दिनों में अपनी रिटेंशन लिस्ट जमा करनी हैं। ऐसे में सभी फ्रेंचाइजी अपनी सूची को अंतिम रुप देना चाहती हैं। प्राप्त जानाकरी के अनुसार ऋषभ को प्रबंधन एक बार फिर कप्तान बनाने को लेकर स्पष्ट नहीं है। प्रबंधन इस मामले पर संशय में है। ऋषभ साल 2016 से दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए हैं, लेकिन अब उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं है। रिटेंशन लिस्ट जमा करने की समय सीमा के करीब आने के साथ, यह अटकलें तेज हो गई हैं कि उन्हें रिटेन नहीं किया जाएगा। वह हालांकि आईपीएल में सबसे चर्चित नामों में से एक हैं और उनकी टीम में भूमिका हमेशा अहम रही है। दिल्ली कैपिटल्स के प्रबंधन के लिए उनकाभविष्य तय करना एक बड़ा निर्णय होगा। इसका कारण है कि ये विकेटकीपर बल्लेबाज एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं।

## सचिन ने की न्यूजीलैंड की प्रशंसा



**एजेंसी**

**मुम्बई** : महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय टीम के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करने वाली न्यूजीलैंड टीम की जमकर प्रशंसा की है। न्यूजीलैंड ने 68 साल में पहली बार भारतीय धरती पर कोई टेस्ट सीरीज जीती है। सचिन ने न्यूजीलैंड के स्पिनर मिचेल सैंटनर की सराहना की है। सैंटनर ने पुणे टेस्ट मैच में कुल 13 विकेट झटके। दूसरे टेस्ट में जीत के साथ ही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड की टीम 2-0 से आगे हो गयी है। तेंदुलकर ने सोशल मीडिया लिखा, किसी भी मेहमान टीम के लिए भारत में टेस्ट सीरीज जीतना सपना होता है और न्यूजीलैंड ने इसे साकार करने के लिए वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे परिणाम अच्छे ऑलराउंरों वाली टीम से ही मिलते हैं। साथ ही कहा कि सैंटनर ने यहां काफी अच्छा पदर्शन कर कुल 13 विकेट लि। . इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्हे बधाई। भारत की अपनी घरेलू धरत पर लगातार 18 टेस्ट सीरीज के बाद यह पहली सीरीज हार है। एक समय स्पिन गेंदबाजी को आसानी से खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज सैंटनर के सामने टिक नहीं पाये। इस मैच में न्यूजीलैंड की ओर से रखे गए जीत के लिए 359 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 245 रन पर सिमट गयी। यशस्वी जायसवाल ने 77 और रविंद्र जडेजा ने 42 रन बनाए। इनके अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज कीवी गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाया।

## गम्भीर नहीं, अनुभवी खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन से हारी टीम इंडिया : कार्तिक



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दोनो ही टेस्ट मैचों में भारतीय टीम की हार के लिए अनुभवी खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार बताया है। कार्तिक ने कहा कि हाल के लिए कोच गौतम गंभीर को दोष नहीं दिया जा सकता है। भारतीय टीम शुरूआती दोनो ही टेस्ट हार गयी है। पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उसे 113 रन से हार का सामना करना पड़ा था। कार्तिक के अलावा पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने भी हार के लिए अनुभवी खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन को कारण बताया है। इस सीरीज में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली रनों के लिए तरसते दिखे। वहीं स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी भी कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई। कार्तिक ने कहा, ह्रहां। सीरीज में हार का दोष अनुभवी खिलाड़ियों को दिया जाना चाहिये। वे स्वयं मानेंगे कि उनका प्रदर्शन बहतर होना चाहिये था। उन्होंने कहा, ह्रअगर आप जीत का जश्न मना सकते हैं और प्रशंसक यह महसूस करते हैं कि वे कितने महत्वपूर्ण हैं तो जब हार होती है और आप पर हमला किया जाता है तो मुझे लगता है कि उनमें इसका सामना करने की हिम्मत होनी चाहिए। कार्तिक ने कहा कि अनुभवी खिलाड़ी हार की जिम्मेदारी स्वयं लेंगे और स्वीकार करेंगे कि यह उनकी सर्वश्रेष्ठ सीरीज नहीं थी। उन्होंने कहा, ह्रअगर आप उनमें से हर एक से व्यक्तिगत रूप से पूछें कि वे सीरीज के बारे में क्या सोचते हैं तो मुझे नहीं लगता कि वे पूरी टीम के प्रदर्शन के बारे में कुछ खास कह पाएंगे और उनसे यह पूछना उचित होगा कि भारत में टेस्ट क्रिकेट के भविष्य और भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है। कार्तिक ने कहा, ह्रमैं उनमें से प्रत्येक को व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। वे कहेंगे कि उनके लिए यह अच्छी सीरीज नहीं थी। फिर सवाल यह उठता है कि उन्हें बेहतर होने के लिए क्या करने की जरूरत है और यह एक मौजूदा सवाल है।

## इंग्लैंड के खिलाफ जीत से पाकिस्तान क्रिकेट और प्रशंसकों में नयी ऊर्जा का हुआ संचार



**एजेंसी**

**रावलपिंडी** : शान मसूद की कप्तानी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने पिछली असफलताओं से उबरते हुए इंग्लैंड को तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-1 से हराकर ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। यह पाकिस्तान टीम की घरेलू धरती पर पिछले चार साल में पहली टेस्ट सीरीज जीती है। इससे पहले पाकिस्तान को घरेलू धरती पर लगातार हार का सामना करना पड़ रहा था। शान का कप्तानी में रिकार्ड इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले अच्छा नहीं था। उसे 6 टेस्ट मैच और 2 सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। इससे शॉन की कप्तानी पर भी सवाल उठने लगे थे। सीरीज जीतने के बाद उत्साहित मसूद ने इसे अपनी टीम के लिए बहुत अहम बताया और कहा कि यह जीत खिलाड़ियों की मेहनत से मिली हैं। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पाक खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा। इंग्लैंड के खिलाफ मिली इस जीत से पाक क्रिकेट और उसके प्रशंसकों को एक नयी ऊर्जा मिली है।

## पीसीबी ने किया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का एलान

### ए कैटेगरी में दो खिलाड़ियों को मिली जगह

**एजेंसी**

**लाहौर** : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 2024-25 के अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए सेन्ट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दिया है। बोर्ड ने 25 पुरुष खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया है, जो 01 जुलाई 2024 से प्रभावी होगा। नए सेंट्रल कॉन्टैक्ट में केवल दो खिलाड़ियों को ए कैटेगरी में रखा गया है। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी का डिमोशन हुआ है। उन्हें ए कैटेगरी से बी कैटेगरी में शामिल किया गया है। ए कैटेगरी में केवल बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में पांच खिलाड़ियों को पहली बार शामिल किया है। ये 5 खिलाड़ी खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मोहम्मद इरफान खान और उस्मान खान हैं। इन खिलाड़ियों को डी कैटेगरी में रखा गया है। इसके अलावा फखर जमान, सफराज अहमद समेत कुछ खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है।

**केन्द्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची**

**ए कैटेगरी** (2 खिलाड़ी) : बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान

**बी कैटेगरी** (3 खिलाड़ी): नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी और शान मसूद

**सी कैटेगरी** (9 खिलाड़ी): अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, नोमान अली, सईम अयूब, साजिद खान, सलमान अली आगा, सऊद शकील और शादाब खान

**डी कैटेगरी** (11 खिलाड़ी): आमिर जमाल, हसीबुल्लाह, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मुहम्मद इरफान खान, मोहम्मद वसीम जूनियर और उस्मान खान।

## विराट ने गुस्से में आईस बॉक्स पर मारा बल्ला



**एजेंसी**

**पुणे** : भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई सिरीज में पहले दोनो ही टेस्ट मैचों में असफल रहे और रन नहीं बना पाये। विराट कीवी टीम के स्पिनरों विशेषकर मिचेल सैंटनर के सामने टिक नहीं पाये। वह पहली पारी में फुल टॉस पर क्लीन बोल्ड हो गए। विराट सैंटनर की गेंद खेल नहीं पाये और आउट होने के बाद हताश होकर उन्होंने अपना बल्ला आईस बॉक्स पर दे मारा। विराट के खराब प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम सीरीज के दोनो ही मैचों में रन नहीं बना पायी और उसे हार का सामना करना पड़ा। इस दौरे पर ना सिर्फ मेहमान टीम ने 35 साल बाद भारत में आकर पहली टेस्ट जीत हासिल की बल्कि पहली बार भारत को उसी के घर पर टेस्ट सीरीज में हराने में सफलता की। सैंटनर ने दूसरे टेस्ट में कुल 13 विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजी को धवस्त कर दिया। उन्होंने दोनों पारी में विराट को आउट किया। विराट इस सीरीज में एक बार ही अर्धशतक लगा पाये और बाकि मैचों में वह रन नहीं बना पाये।

# ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान टीम की घोषणा

**एजेंसी**

**लाहौर** : इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज करने के बाद पाकिस्तान की टीम को अगले महीने सीमित ओवरों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद जिम्बाब्वे का दौरा करना है। ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान टीम को तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इस दौरे की शुरूआत 4 नवंबर से होगी। इसके बाद पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे जाएगी, जहां उसे 3 वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने हैं। दोनों दौरों के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को टीम का ऐलान कर दिया है। हालांकि दौरे के लिए चुनी गई टीम के साथ कप्तान के नाम का ऐलान अभी नहीं किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट के चयनकताओं ने दोनों दौरे लिए कई युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। वहीं अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम के साथ नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी, जिन्हें इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट मैचों से ब्रेक दिया गया था, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों के लिए वापस आ गए हैं, लेकिन उन्हें जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया जायेगा। इसी तरह, मोहम्मद रिजवान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों सीरीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 मैचों से आराम दिया जायेगा।



**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम**

**आमिर** जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टी-20 टीम**

**अराफात मिन्हास**, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम, उस्मान खान।

**जिम्बाब्वे दौरे के लिए वनडे टीम**

**आमिर जमाल**, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद दनियाल, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैय्यब ताहिर।

**जिम्बाब्वे दौरे के लिए टी20 टीम**

**अहमद दनियाल**, अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफियान मोकिम, तैय्यब ताहिर और उस्मान खान।

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पहला वनडे मैच 4 नवंबर को खेला जाएगा। इसके बाद 8 नवंबर को दूसरा वनडे और 10 नवंबर को तीसरा वनडे मैच खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद टी20 सीरीज खेली जाएगी। पहला टी20 मैच 14 नवंबर, दूसरा 16 नवंबर और तीसरा 18 नवंबर को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के बाद पाकिस्तान जिम्बाब्वे जाएगी। जहां दोनों टीमों के बीच पहला वनडे 24 नवंबर को, दूसरा 26 नवंबर को और तीसरा 28 नवंबर को खेला जायेगा।

## पेरिस मास्टर्स नहीं खेल रहे जोकोविच



**पेरिस** : सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच इस बार पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। जोकोविच के नहीं खेलने के कारणों की जानकारी नहीं है। वहीं आयोजकों ने भी कहा है कि जोकोविच ने अपना नाम वापस ले लिया है पर उसके पीछे के कारण नहीं बताये हैं। जोकोविच ने पिछले सप्ताह सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लिया था। सबसे लंबे समय तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहे इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा, मुझे उन प्रशंसकों के लिए दुख है जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे।

## एक झलक

### सीतारमण ने गीता गोपीनाथ से की मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई बातचीत

**वाशिंगटन/मुंबई :** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने वाशिंगटन डीसी में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ से वाशिंगटन में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की 2024 वार्षिक बैठक के सफल आयोजन पर गीता गोपीनाथ को बधाई दी और निरंतर सहयोग के लिए अपनी आशा व्यक्त की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने नौकरियों और कौशल विकास पर केंद्रित हाल की केंद्रीय बजट घोषणाओं पर भी प्रकाश डाला। वहीं, गीता गोपीनाथ ने सीतामरण से आईएमएफ में कोटा की 16वीं सामान्य समीक्षा (जीआरक्यू) के लिए भारत के समर्थन का अनुरोध किया।

### रिलायंस, एनटीपीसी समेत कई कम्पनियों से मिलेगा दीवाली गिफ्ट, इसी सप्ताह एक्स ट्रेड होंगे 31 शेयर

**नयी दिल्ली :** सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार में लिस्टेड 31 कम्पनियों पर निवेशकों की नजर टिकी रहनेवाली है। इसी सप्ताह रिलायंस, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एनटीपीसी, मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स जैसी 31 कम्पनियों के शेयर एक्स डिविडेंड और एक्स डेट होनेवाले हैं। इन कम्पनियों ने अपने शेयर होल्डर्स के लिए पहले ही डिविडेंड का या शेयर स्प्लिट का एलान कर दिया है। एक्स डिविडेंड होने के बाद अगर कंपनी के शेयरों की खरीदारी की जाती है, तो वैसे स्थिति में निवेशकों को डिविडेंड का फायदा नहीं मिलता है। इसलिए डिविडेंड का फायदा लेने के लिए कम्पनी के शेयरों को एक्स डिविडेंड होने के पहले खरीदना जरूरी होता है। अगले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज भी अपने बोनस शेयर को लेकर फोकस में बनी रहने वाली है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने शेयर होल्डर्स के लिए एक के अनुपात में एक (1:1) बोनस शेयर जारी करने का एलान किया है। इसके लिए रिलायंस के शेयर कल 28 अक्टूबर को एक्स डेट पर ट्रेड करेंगे, यानी कल तक जिन निवेशकों के डी-मैट अकाउंट में रिलायंस के शेयर आ जायेंगे या पहले से रहेंगे, उन्हें बोनस शेयर का फायदा मिलेगा। इस सप्ताह जो कंपनियां एक्स डिविडेंड होने वाली हैं, उनमें आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस कम्पनी, इंफोसिस, क्रिसिल, सुप्रीम इंडस्टरीज, गैब्रियल इंडिया, मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स, एनटीपीसी, जूलियन एग्रो इंफ्राटेक, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, डोडिया डेरी, एलीकॉन इंजीनियरिंग कंपनी, टेक महिंद्रा, ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन ऑफ इंडिया, सुप्रीम पेट्रोकेम, रामकृष्णा फोर्जिंग्स, भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स, बालकृष्ण इंडस्ट्रीज समेत कुल 31 कम्पनियां शामिल हैं। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज के बोनस शेयर जारी होनेवाले हैं। इसके साथ ही डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज, मास्टर ट्रस्ट, क्वासर इंडिया और सेल्विन ट्रेडर्स के शेयर एक्स डेट पर ट्रेड करेंगे, जो उनके स्टॉक स्प्लिट की वजह से होगा। दूसरी ओर, जुबिलेंट इंडस्ट्रीज और शांगर डेकोर के शेयर मर्जर और राइट्स इश्यू का ऐलान होने की वजह से एक्स डेट पर ट्रेड करेंगे।

# 09 कम्पनियों के मार्केट कैप में 2.10 लाख करोड़ की गिरावट

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई जोरदार गिरावट के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 9 कपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। वहीं दूसरी ओर सिर्फ 1 के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान 9 कंपनियों के मार्केट कैप 2.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। इन कंपनियों में से हिन्दुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। पिछले सप्ताह के दौरान हिन्दुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 44,195.81 करोड़ रुपये कम होकर 5,93,870.94 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज मार्केट कैप में गिरावट के मामले में दूसरे स्थान पर रही। रिलायंस



इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप पिछले सप्ताह 41,994.54 करोड़ रुपये घटकर 17,96,726.60 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 35,117.72 करोड़ रुपये घट कर 6,96,655.84 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 24,108.72 करोड़ रुपये कम होकर 9,47,598.89 करोड़ रुपये, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 23,137.67 करोड़ रुपये घट कर 14,68,183.73 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम का मार्केट कैप 19,797.24 करोड़ रुपये घट कर 5,71,621.67 करोड़ रुपये, इंफोसिस का मार्केट कैप 10,629.49 करोड़ रुपये घट कर 7,69,496.61 करोड़ रुपये, आईटीसी का मार्केट कैप 5,690.96 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 6,02,991.33 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 5,280.11 करोड़ रुपये कम होकर 8,84,911.27 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से अकेली कंपनी एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 46,891.13 करोड़ रुपये बढ़ कर 13,29,739.43 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,96,726.60 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 14,68,183.73 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 13,29,739.43 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,47,598.89 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 8,84,911.27 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 7,69,496.61 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 6,96,655.84 करोड़ रुपये), आईटीसी (कुल मार्केट कैप 6,02,991.33 करोड़ रुपये) हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,93,870.94 करोड़ रुपये) और एलआईसी (कुल मार्केट कैप 5,71,621.67 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल शीर्ष केन्द्रीय बैंकर का मिला अवार्ड



**मुंबई :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल दुनिया के शीर्ष सेंट्रल बैंकर का दर्जा मिला है। अमेरिका की पत्रिका 'ग्लोबल फाइनेंस' ने शक्तिकांत दास को शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है। आरबीआई गवर्नर को लगातार दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में 'ए प्लस' का पुरस्कार दिया गया है। रिजर्व बैंक ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में 'ए प्लस' का पुरस्कार दिया गया है। आरबीआई के मुताबिक 'ग्लोबल फाइनेंस' द्वारा अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक कार्यक्रम में शनिवार को उन्हें यह सम्मान दिया गया। दास को तीन केंद्रीय बैंक गवर्नरों की सूची में शीर्ष पर रखा गया है, जिन्हें 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है। 'ग्लोबल फाइनेंस' पत्रिका ने जारी एक बयान में कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए श्रेणी 'ए' से 'एफ' के पैमाने पर रेटिंग दी गई है। यहां 'ए' उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है, जबकि 'एफ' पूरी तरह से विफलता को दर्शाता है। शक्तिकांत दास के अलावा डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन और स्विट्जरलैंड के थॉमस जॉर्डन को भी केंद्रीय बैंकरों की ए प्लस श्रेणी में स्थान दिया गया है।

## आईडीबीआई बैंक लिमिटेड 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए वित्तीय परिणाम

**रांची :** आज आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपने तिमाही नतीजों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 39% की साल दर साल मजबूत वृद्धि के साथ 1,868 करोड़ रहा। परिचालन लाभ 45% की साल दर साल वृद्धि करते हुए ?3,006 करोड़ हो गया। एनआईएम 4.87% दर्ज किया गया, और शुद्ध ब्याज आय 26% की साल दर साल वृद्धि के साथ ?3,875 करोड़ रही। जमा की लागत द2-2025 के लिए 4.66% रही, जबकि द2-2024 के लिए यह 4.22% थी। सीआरएआर साल दर साल 72 बीपीएस सुधरकर 21.98% रहा। परिसंपत्तियों पर रिटर्न (ROA) 38 बीपीएस की साल दर साल वृद्धि करते हुए 1.97% रहा और इक्विटी पर रिटर्न 130 बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 20.35% रहा। शुद्ध ब्याज आय द2-2025 में 26% बढ़कर 3,875 करोड़ हो गई, जबकि द2-2024 में यह 3,066 करोड़ थी। द2-2025 में नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) में 54 बीपीएस सुधार हुआ, जो बढ़कर 4.87% हो गया, जबकि द2-2024 में यह 4.33% था। नेट एनपीए अनुपात 30 सितंबर, 2023 को 0.39% के मुकाबले 30 सितंबर, 2024 को सुधरकर 0.20% हो गया। पीसीआर साल दर साल 32 बीपीएस के सुधार के साथ 99.42% रहा।

## पेट्रोल व डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली :** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के घटने और बढ़ने के दौरान घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के भाव रविवार को स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार देश में रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.14 प्रतिशत उबलकर 71.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.20 प्रतिशत उतरकर 75.90 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

# दीपावली पर 4.25 लाख करोड़ के कारोबार होने का अनुमान : कैट

**मुंबई :** इस वर्ष दीपावली के त्योहारों के दौरान 4.25 लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने की उम्मीद है, जिसमें अकेले राजधानी दिल्ली में 75 हजार करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान है। कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने यह अनुमान जताया है।



चांदनी चौक से भाजपा सांसद और कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि राजधानी नई दिल्ली समेत देशभर के बाजारों में दीपावली और उससे जुड़े अन्य त्योहारों की बड़े व्यापक पैमाने पर तैयारियां चल रही हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को व्यापारी अपनी ओर आकर्षित कर सकें। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन, नवरात्रि और करवा चौथ पर बजारों में बढ़ती भीड़ और व्यापार को देखते हुए दीपावली के त्योहारी सीजन में इस वर्ष व्यापारियों द्वारा 4.25 लाख करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद है। इस बार दिल्ली में ही करीब 75 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है। खंडेलवाल ने कहा कि चीनी सामान बाजार से नदारद है, जबकि वोकल फॉर लोकल की गूंज तेज हो गई है। खंडेलवाल ने बताया कि राजधानी नई दिल्ली सहित देश के सभी महानगरों, टियर-2 तथा टियर-3 शहरों सहित कस्?बों एवं गांवों के बाजारों में भी दुकानों को दीपावली की थीम के अनुसार सजाया गया है। वहीं, रंग-बिरंगी लाइट्स, रंगोली और अन्य सजावट का भी खास ख्याल रखा जा रहा है, ताकि ग्राहकों को त्योहारों का पूरा माहौल मिले और अधिक संख्या में लोग बाजारों की ओर आकर्षित हो सकें। कैट महामंत्री ने बताया कि त्योहारों के दौरान मांग में भारी वृद्धि को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने पहले से ही विभिन्न वस्तुओं के अपने स्टॉक को बढ़ाना शुरू किया है। इनमें खासकर गिफ्ट आइटम्स शामिल हैं, जिसमें कपड़े, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फर्निशिंग, सजावट सामग्री,पूजा सामग्री, रंगोली, देवी देवताओं की फोटो एवं मूर्तियां, रेडीमेड गारमेंट्स, खिलौने, खाद्य वस्तुएं, कॉन्फेक्शनरी, बिजली का सामान, कंज्यूमर डयूरेबल्स, आदि प्रमुख हैं।

## उद्योग जगत के संगठनों ने स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय पर राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति के उल्लंघन का लगाया आरोप

**रांची :** पीएचडी चैम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और एसोसिएशन आफ इंडियन मेडिकल डिवाइसेज ने मैनुफैक्चरर्स आफ इमेजिंग, थेरेपी एण्ड रेडियोलोजी डिवाइसेज एसोसिएशन एसोसिएशन आफ डायग्नॉस्टिक मैनुफैक्चरर्स आफ इंडिया तथा मेडटेक उद्योग के हितधारकों के सहयोग से पीएचडी हाउस में एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया। जहां पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में गंभीर विषयों पर चर्चा की गई। ये ज्ञापन नवीकृत एवं पहले से इस्तेमाल किए जा चुके चिकित्सा उपकरणों के आयात की अनुमति देते हैं, बावजूद इसके कि इसी तरह की डिवाइसेज का निर्माण भारत में किया जाता है। उद्योग जगत के लीडरों का मानना है कि यह भारत को चिकित्सा उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा खतरा है, साथ ही यह प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में बाधा भी उत्पन्न करता है। यह देश की स्वदेशी निर्माण क्षमता में रूकावट उत्पन्न करता है। इसके अलावा मरीजों की सुरक्षा के संबंध में भी गंभीर मुद्दों की संभावना उठाई गई है, क्योंकि हो सकता है कि नवीकृत किये गये चिकित्सा उपकरण, नव निर्मित उपकरणों की तरह गुणवत्ता के मानकों पर खरे न उतरें, जो मरीजों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का कारण हो सकता है। उद्योग जगत के दिग्गजों ने इस बात पर जोर दिया कि यह ज्ञापन स्वदेशी मेडटेक सेक्टर को कमजोर बनाता है, जो हाल ही के वर्षों में 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत निवेश के चलते तेजी से विकसित हुआ है। भारत द्वारा उच्च गुणवत्ता की मेडिकल डिवाइसेज बनाने की क्षमता के बावजूद नवीकृत डिवाइसेज के आयात की अनुमति देना, घरेलू सेक्टर की प्रगति में बड़ी बाधा बन सकती है। पहले से इस्तेमाल की जा चुकी और नवीकृत मेडिकल डिवाइसेज के आयात को बढ़ावा देकर यह पॉलिसी भारतीय उद्यमियों के लिए इनोवेशन और निवेश में बाधा उत्पन्न करती है, तथा भारत के प्रतिस्पर्धी मेडकटेक उद्योग के विकास में रूकावट है।

## हंसी व मस्ती का धमाका लेकर आ रही है खिचड़ी 2 जी सिनेमा पर




**हंसी** और मस्ती से भरपूर इस त्यौहार के मौके पर जी सिनेमा पर खिचड़ी 2 का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है ! रविवार, 3 नवंबर को रात 8 बजे, खिचड़ी 2 की खास बात यह है कि इसमें हंसी के साथ-साथ एक अनोखा मिशन भी है-देश की सुरक्षा का। दर्शक एक बार फिर प्रफुल्ल और हंसा की मजेदार नोकझोंक, जयश्री की मस्त चालबाजियां, हिमांशु की गुदगुदाने वाली हरकतें, और बाबूजी के तंज भरे मजाक का लुत्फ उठाएंगे यानी वो सब, जिन्होंने 'खिचड़ी' को सालों से दर्शकों का पसंदीदा शो बनाए रखा है। जमनादास मजेठिया, कीर्ति कुल्हारी, राजीव मेहता, सुप्रिया पाठक, वंदना पाठक, अनंग देसाई और आतिश कपाड़िया ने कहा, खिचड़ी 2 परिवारों के प्यार, एकता और हंसी का जश्न है।

# धनतेरस के पहले सर्राफा बाजार में तेजी, सोना एक बार फिर 80 हजार के पार

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी मामूली तेजी का रुख बना हुआ है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज एक बार फिर 80 हजार का स्तर पार करके 80,440 रुपये से लेकर 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,750 से लेकर 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इस चमकीली धातु की



कीमत आज 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेज एक के शेष

**प्रधानमंत्री ने दिया 'डिजिटल अरेस्ट' से बचने का मंत्र...**

उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के तहत 'एक्शन लो'। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें, cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें, परिवार और पुलिस को सूचित करें, सबूत सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के फ्रॉड में फोन करनेवाले पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स और आरबीआई आदि के बनावटी अधिकारी बन कर बड़े आत्मविश्वास के साथ बात करते हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसा फ्रॉड करने वाल२ गैंग के काम करने के तरीकों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि यह आपकी व्यक्तिगत जानकारी जुटा कर रखते हैं। जैसे 'आप पिछले महीने गोवा गये थे, है ना ? आपकी बेटी दिल्ली में पढ़ती है, है ना? दूसरा वे भय का माहौल पैदा करते हैं। इसके लिए वह वर्दी, सरकारी दफ्तर का सेटअप, कानूनी धाराओं का इस्तेमाल करते हैं। तीसरा दांव समय का दबाव, 'अभी फैसला करना होगा ; वर्ना आपको गिरफ्तार करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग पीड़ित पर इतना मनोवैज्ञानिक दवाब बना देते हैं कि वह सहम जाता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होनेवालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाये हुए लाखों रुपये गवां दिये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं है, ये सिर्फ फ्रॉड है, फरेब है, झूठ है, बदमाशों का गिरोह है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वे समाज के दुश्मन हैं। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर जो फरेब चल रहा है, उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसियां, राज्य सरकारों के साथ मिल कर काम कर रही हैं। इन एजेंसियों में तालमेल बनाने के लिए राष्ट्रीय साइबर समन्वय केन्द्र की स्थापना की गयी है। एजेंसियों की तरफ से ऐसे फ्रॉड करनेवाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है। लाखों सिम कार्ड, मोबाइल फोन और बैंक अकाउंटस को भी ब्लॉक किया गया है।

**एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया**

**प्रधानमंत्री** ने 28 अक्टूबर को 'विश्व एनिमेशन दिवस' के मौके पर भारत को वैश्विक एनीमेशन पावर हाउस बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने एनिमेटिड सीरियल छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू का जिक्र करते हुए कहा कि यह सीरियल को केवल भारत में ही नहीं, दुनिया-भर में पसंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नयी क्रांति करने की राह पर है। भारत के गेमिंग स्पेस का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाई इंडियंस छाया हुआ है।

**त्योहारों पर वोकल फॉर लोकल का मंत्र**

**प्रधानमंत्री** ने लोगों से कहा कि वे त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए खरीदारी करते समय अपने दैनिक जीवन में 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा को शामिल कर सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि ये त्योहारों का समय है। धनतेरस, दीवाली, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती। सभी पर्वों की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'आप सभी पूरे उत्साह के साथ त्योहार मनायें- वोकल फॉर लोकल का मंत्र याद रखें, कोशिश करें कि त्योहारों के दौरान आपके घर में स्थानीय दुकानदारों से खरीदा गया सामान जरूर आये।'

**भगवान बिरसा मुंडा व सरदार पटेल को किया याद...**

पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की 31 अक्टूबर और बिरसा मुंडा की 15 नवम्बर से 150वीं जयंती शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि उनकी सरकार इन दोनों की जयंती को मनायेगी। प्रधानमंत्री ने उनके साहस और दूरदर्शिता का जिक्र किया। साथ ही, कहा कि इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं, लेकिन उनका विजन एक ही था, देश की एकता। उन्होंने देशवासियों से दोनों महान विभूतियों की जयंती के अभियान का हिस्सा बनने का आग्रह किया।

**प्रधानमंत्री मोदी आज वड़ोदरा में टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का करेंगे उद्घाटन...**

एयरबस द्वारा सीधे डिलीवर किये जा रहे हैं और शेष 40 भारत में बनाये जाने हैं। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड भारत में इन 40 विमानों को तैयार करेगा। यह सुविधा भारत में सैन्य विमानों के लिए निजी क्षेत्र की पहली फाइनल असेंबली लाइन होगी। इसमें विमान निर्माण से लेकर असेंबली, परीक्षण और योग्यता, डिलीवरी और विमान के पूरे जीवनकाल के रखरखाव तक एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र का पूर्ण विकास शामिल होगा।

प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के बाद करीब 11 बजे वडोदरा के लक्ष्मी विलास पैलेस जायेंगे। वड़ोदरा से प्रधानमंत्री अमरेली जाएंगे, जहां दोपहर करीब 2:45 बजे वे अमरेली के दुधाला में भारत माता सरोवर का उद्घाटन करेंगे। यह परियोजना गुजरात सरकार और ढोलकिया फाउंडेशन के बीच पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत सहयोग से विकसित की गयी थी। 4.5 करोड़ लीटर पानी की क्षमता वाले एक चेक डैम को गहरा, चौड़ा और मजबूत किया गया है। अब इसकी क्षमता बढ़ कर 24.5 करोड़ लीटर हो गयी है। इस सुधार ने आसपास के कुओं और बोरों में पानी का स्तर बढ़ा है जो स्थानीय गांवों और किसानों को बेहतर सिंचाई प्रदान करके मदद करेगा। प्रधानमंत्री इसके बाद अपराह्न 3 बजे एक सार्वजनिक समारोह में गुजरात के अमरेली में लगभग 4,900 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री ने अक्टूबर 2022 में टाटा एडवांस सिस्टम की इस सुविधा की आधारशिला रखी थी। वड़ोदरा राज्य का प्रमुख औद्योगिक केन्द्र है। यह शहर भारत के सबसे महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट-दिल्ली-मुम्बई औद्योगिक गलियारे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्पेन की कम्पनी एयरबस स्पेस एंड डिफेंस और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के गठजोड़ से अब यहां भारतीय वायु सेना के लिए सी-295 सैन्य परिवहन विमान का निर्माण होगा।

गुजरात के एक मुख्य औद्योगिक केन्द्र के रूप में वडोदरा की एक विशिष्ट पहचान है। यह शहर रसायन और पेट्रोरसायन, फार्मास्युटिकल्स, प्लास्टिक और मशीन टूल्स जैसी औद्योगिक इकाइयों का हब है। अपने शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर और कुशल मानवबल की उपलब्धता के चलते वडोदरा भारत ही नहीं, दुनियाभर के उद्यमियों को आकर्षित करता है। वड़ोदरा में ट्रांसपोर्टेशन इंडस्ट्री का पदार्पण तो पहले ही हो चुका है। वड़ोदरा के निकट सावली में स्थित बॉम्बार्डियर ट्रांसपोर्टेशन रेल वाहन निर्माण और बोगी असेंबली हॉल का संचालन करता है।

**मनरेगा के तहत 2014 से बाद अब तक 2923 करोड़ कार्य दिवस रोजगार सृजित...**

बीच कुल 2923 करोड़ व्यक्ति दिवस सृजित किये गये। पिछले 10 सालों में बजट आवंटन में भी काफी बढ़ोतरी की गयी है। वर्तमान सरकार से पूर्व यानी वित्त वर्ष 2013-14 के दौरान बजट आवंटन केवल बजट अनुमान चरण में 33 हजार करोड़ रुपये था। वहीं अब चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 86 हजार करोड़ रुपये है। यह योजना की शुरुआत से अब तक का सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में न्यूनतम औसत अधिसूचित मजदूरी दर में 07 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। योजना के तहत 13.10 करोड़ सक्रिय श्रमिकों के लिए आधार सीडिंग की गयी है, जो कुल सक्रिय श्रमिकों (13.18 करोड़) का 99.3 प्रतिशत है।

**500 करोड़ की हेरोइन के साथ दो को गिरफ्तार...**

ने बताया कि उक्त सभी खेप सीमा पार पाकिस्तान से आयी थी। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 500 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन यूनिट में उक्त एफआईआर दर्ज की गयी है।

बीते दिनों पुलिस द्वारा एक खेप पकड़ी गयी थी, उक्त आरोपितों की पूछताछ में इस रिकवरी की इनपुट मिली थी। पुलिस पिछले काफी समय से उक्त एरिया में ट्रैप और रेकी कर रही थी। नशे की यह खेप जलमार्ग के जरिये पंजाब तक पहुंचायी गयी है। इस खेप के साथ टायरों की बड़ी रबर ट्यूब भी बरामद की गयी है, जिससे संकेत मिलता है कि जलमार्गों के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती है।

**अमित शाह ने बंगाल में किया राजनीतिक परिवर्तन का आह्वान, ममता सरकार पर साधा निशाना...**

संदेश माना जा रहा है, जो कार्यकर्ताओं को आगामी उपचुनावों में मनोबल बढ़ाने में सहायक होगा।

**गृह मंत्री ने ममता सरकार पर लगाया राज्य-प्रायोजित घुसपैठ का आरोप...**

कानून व्यवस्था की बदतर स्थिति को बताती हैं। शाह ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए राज्य से एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा, '2026 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सरकार का चुनाव करना और दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में आना ही राज्य में भ्रष्टाचार और घुसपैठ की समस्याओं का समाधान कर सकता है।'

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे राज्य में अपनी ताकत को कम न समझें। उन्होंने कहा, 'ममता दीदी को यह नहीं सोचना चाहिए कि हम पश्चिम बंगाल में कुछ सीटें पाने के बाद खाली बैठे हैं।' दरअसल, भाजपा का लक्ष्य पश्चिम बंगाल से 30 से अधिक लोकसभा सीटें जीतने का था, लेकिन उसे 12 सीटें ही मिल पायीं, जो 2019 से छह सीटें कम थीं। पश्चिम बंगाल में कुल 42 लोकसभा सीटें हैं। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर चिन्ता व्यक्त करते हुए शाह ने संदेशखाली और आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हाल की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के अभाव को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी माताएं और बहनें बंगाल में सुरक्षित नहीं हैं।' उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया। अमित शाह का यह दौरा लोकसभा चुनावों और आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद पश्चिम बंगाल का पहला दौरा था।

## एक झलक

### कमला के समर्थन में उतरी मिशेल

**वाशिंगटन** : अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में सिर्फ 7 दिन बचे हैं। इस बीच शनिवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा ने मिशिगन में कमला हैरिस के लिए एक रैली की। रैली में मिशेल ने कमला का समर्थन करते हुए पुरुषों को अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति चुनने का चैलेंज दिया। मिशेल ने पुरुषों से कहा अगर आपने इस चुनाव में सही मतदान नहीं किया तो आपकी पत्नी, बेटी और मां को इसका खामियाजा भुगतना होगा। क्या आप उनकी आंखों में देख ये कह पाएंगे कि आपकी वजह से उनसे मौका छीन लिया गया। अमेरिका की ब्लैक महिला वोटर्स के बीच मिशेल काफी प्रभाव रखती हैं। ऐसें में उनका समर्थन हैरिस के लिए काफी महत्वपूर्ण है। रैली में मिशेल ने कहा, कमला हर तरह से ये साबित कर चुकी हैं कि वे राष्ट्रपति बनने के लिए तैयार हैं। अब सवाल ये है कि क्या ये देश तैयार है?

### इजरायल ने बेरुत पर किया हवाई हमला

**बेरूत** : इजराइली वायु सेना ने फिर बेरूत में हवाई हमले किए हैं। रविवार को बेरुत के दहिए इलाके में इजराइली फाइटर जेट्स ने दक्षिणी लेबनान के नबातीह में याहमार अल-शकीफ शहर पर हमला किया, जिसमें दो घर तबाह हो गए लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है इजराइल ने हिजबुल्लाह के मुख्य हेडक्वार्टर को मिसाइल हमले में निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्स में बताया गया है कि इजराइल के हमले से दक्षिणी लेबनान के कई शहर खंडहर बनते जा रहे हैं, और लोग रिफ्यूजी कैंप में शरण लेने के लिए मजबूर हैं।

### कनाडा में मेयर का चुनाव लड़ने को कोई तैयार नहीं

**कनाडा ओटावा** : कनाडा के सस्केचवान शहर के मेयर का चुनाव लड़ने के लिए कोई तैयार नहीं है नवंबर माह में यह चुनाव होना है। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अंबर डेसनी का कहना है, नगर पालिका का यह चुनाव कोई लड़ने तैयार नहीं हो रहा है। नामांकन दाखिल करने की सूचना जारी हो गई है। उसके बाद भी किसी ने नामांकन नहीं भरा। खाली सीट घोषित कर दी गई है। उसके बाद भी कोई नाम नहीं दे रहा है ताकि निर्विरोध निर्वाचन हो जाए।

### अब हमास चीफ की हत्या करना नहीं होगा आसान

**तेल अवीव** : इजरायल ने हमास के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई को तेज कर दिया है, और हाल के दिनों में उसने हमास के शीर्ष कमांडरों को निशाना बनाते हुए कई सफल हमले किए हैं। इस क्रम में इजरायली सेना (आईडीएफ) ने हमास के सुप्रीम लीडर याह्या सिनवार को भी मार गिराया है। सिनवार की हत्या के बाद, हमास के लिए नए नेता को चुनने की चुनौती सामने आ गई है। हमास ने एक नई रणनीति अपनाई है, जिससे इजराइल उनके नए नेता को पहचान न सके। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हमास में नए प्रमुख के चयन को लेकर चर्चा चल रही है। इसमें पांच प्रमुख उम्मीदवारों के नाम सामने आए हैं, जिनमें मोहम्मद दरवेश, खलील अल-हेया, मोहम्मद नज्जल और खालिद मेशाल शामिल हैं।

## जयपुर में एआईआर पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा

# तीन कानूनों में बदलाव औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करनेवाली घटना



एजेंसी

**जयपुर** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि दंड विधान से न्याय विधान की यात्रा औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति का मार्ग है। लंबे समय की मांग के बाद अंग्रेजों द्वारा बनाए गए तीन आपराधिक कानूनों को निरस्त किया गया है जोकि नए वकीलों के लिए एक वरदान हैं। उन्होंने इस परिवर्तन को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने वाली एक महत्वपूर्ण घटना बताया। भारतीय न्याय संहिता सहित तीन कानूनों के पारित होते समय राज्यसभा के सभापति के रूप में स्वयं की उपस्थिति के अनुभवों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक बहुत शक्तिशाली समिति ने इन कानूनों के प्रत्येक प्रावधान पर विचार किया। उन्होंने सरकार ने इस बदलाव में गहराई से जांच की है तथा तकनीक की मदद से प्रत्येक प्रावधान की पृष्ठभूमि को बारीकी से देखा गया है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ रविवार को जयपुर में एआईआर पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगपति एवं कॉर्पोरेट समूहों को अन्य संस्थानों को प्रदान की जाने वाली सहायता की तर्ज पर न्यायपालिका के कार्यान्वयन में भी सहायता प्रदान करनी चाहिए। कॉर्पोरेट्स के पास सीएसआर फंड है और उनको लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। न्यायपालिका हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। इसमें सबार्डिनेट (अधीनस्थ) शब्द की कोई जगह नहीं है। कोई भी न्यायालय सबोर्डिनेट नहीं, इसमें बदलाव होना चाहिए। उन्होंने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब मजिस्ट्रेट या जिला जज फैसला लिखता है तो उनके मन में एक शंका रहती है कि मेरे फैसले पर क्या टिप्पणी होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को इनके प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए।

देश में जिला न्यायालयों, वहां कार्यरत वकीलों एवं आम आदमी की न्याय प्राप्ति पर उन्होंने कहा कि यदि हमें न्याय प्राप्ति को सस्ता और सुलभ बनाना है तो हमें लोगों को गुणवत्तापूर्ण न्याय देना होगा। आइए, हम अपने जिला न्यायालयों, हमारे मजिस्ट्रेट, हमारे जिला न्यायाधीशों, हमारे युवा वकीलों पर प्रमुखता से ध्यान केंद्रित करें, जिला न्यायालय में वकील बहुत ही चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं। कोविड काल पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट तक के कुछ वकीलों ने वकालत छोड़ दी। ऐसे पेशे को कोई छोड़ता है तो वह आप और हम पर बहुत बड़ी टिप्पणी है।

कार्यक्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मणींद्र मोहन श्रीवास्तव, हाई कोर्ट के जस्टिस इंद्रजीत सिंह, जयपुर बार असोसिएशन के अध्यक्ष, एडवोकेट पवन शर्मा, जयपुर बार असोसिएशन के महासचिव एडवोके राजकुमार शर्मा, जयपुर बार काउंसिल के अध्यक्ष एडवोकेट भुवनेश शर्मा, राजस्थान हाईकोर्ट बार असोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट प्रह्लाद शर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# जलवायु परितर्वन पर भोपाल में आयोजित होगा देश का पहला राज्य स्तरीय प्री-सीओपी



- 200 से अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ होंगे शामिल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से करेंगे सहभागिता
- जलवायु परामर्श में मध्य प्रदेश दिखायेगा अपनी अग्रणी भूमिका

एजेंसी

**भोपाल** : 'जलवायु परिवर्तन के लिये वैश्विक प्रयास-भारत की प्रतिबद्धता में राज्य का योगदान' विषय पर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सोमवार, 28 अक्टूबर को देश का पहला राज्य-स्तरीय प्री-कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी) परामर्श आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख लीडर्स को एक मंच पर लाने का प्रयास है। यह परामर्श अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के तत्वावधान में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, नर्मदा समग्र, पब्लिक एडवोकेसी इनिशिएटिव फॉर राइट्स एंड वैल्यूज इन इंडिया, और कम्युनिटी इकोनॉमिक्स एंड डेवलपमेंट कंसल्टेंट्स सोसाइटी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

जनसंपर्क अधिकारी अलूने ने रविवार को बताया कि कार्यक्रम का भोपाल में आयोजन क्लाइमेट चेंज के क्षेत्र में राज्य द्वारा लिया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परामर्श मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को एक साथ लाने के नवीन दृष्टिकोण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश वसुधैव कुटुम्बकम के विचार को समाहित करता है- जिसमें 'सारा विश्व एक परिवार है। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है।

### देश में बढ़ा प्रदूषण, 11 शहरों का एक्यूआई हुआ 300 पार

**नयी दिल्ली** : दीपावली से 4 दिन पहले ही देशभर में प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। रविवार सुबह 10 बजे तक देश के 11 शहरों का एक्यूआई लेवल 300 के पार रिकॉर्ड किया गया। इनमें भिवाड़ी, दिल्ली, नोएडा, मेरठ, गाजियाबाद, जयपुर, बुलंदशहर, अमृतसर, अलीगढ़, सोनीपत और फरीदाबाद का नाम शामिल है। राजस्थान का भिवाड़ी 610 एक्यूआई के साथ सबसे खतरनाक हाल में था। वहीं दिल्ली भी गैस चेंबर बन गई है, यहां रविवार सुबह आनंद विहार में 400 पार एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया था। आगरा में भी प्रदूषण और धुंध के चलते ताजमहल धुंधला नजर आया।

## फर्जी दस्तावेजों से आठ हजार करोड़ की जीएसटी चोरी करनेवाला गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई** : वस्तु एवं सेवा कर विभाग(जीएसटी) की टीम ने फर्जी दस्तावेजों से आठ हजार करोड़ की जीएसटी चोरी करने के मामले में आरोपित अशरफ भाई इस्माईल कलावाडिया को मीरा रोड के एक लॉज से गिरफ्तार किया है।

जीएसटी टीम ने कलावाडिया के पास से 21 मोबाइल, दो लैपटॉप, 11 सिम कार्ड, डेबिट कार्ड, चेक बुक, अलग-अलग कंपनियों के नाम की रबर स्टांप जब्त किया है। कलावाडिया को गिरफ्तार कर पुणे की शिवाजीनगर कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक कस्टडी में भेज दिया है। कोरेगांव पार्क पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रूनल मुल्ला के अनुसार जीएसटी पुणे डिवीजन के अधिकारी ऋषि प्रकाश (39) ने कोरेगांव पार्क पुलिस स्टेशन में फर्जी कंपनी के नाम पर दस्तावेज जमा कर 5 हजार से आठ हजार करोड़ रुपये की जीएसटी की चोरी का एक मामला दर्ज करवाया था। इस मामले की छानबीन के बाद पुलिस ने अशरफ इब्राहिम कलवाडिया, नितिन भागोजी बर्गे, फैसल अब्दुल गफ मेवावाला, निजामुद्दीन मोहम्मद सईद खान, अमित तेजबहादुर सिंह, राहुल बटुकभैया बरैया, कौशिक मकवाना, जीतेंद्र गोहेल और उनके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# केन्द्रीय मंत्री ने विशाखापट्टनम व विजयवाड़ा के बीच शुरू कीं दो नयी विमान सेवा



- राज्य में ड्रोन सिटी और विशाखापट्टनम में स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए हो रहा कार्य : केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री

एजेंसी

**विशाखापट्टनम** : विशाखापट्टनम और विजयवाड़ा के बीच दो नई उड़ान सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने विशाखापट्टनम हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान का उद्घाटन किया। मंत्री ने विशाखा और गोवा के बीच उड़ान सेवा शुरू करने का भी भरोसा दिया है। उन्होंने राज्य में ड्रोन सिटी और विशाखापट्टनम में स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए भी कार्य हो रहा है।

जानकारी के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस सेवा सुबह 9:35 बजे विशाखापट्टनम से उड़ान भरेगी और 10:35 बजे विजयवाड़ा (गन्नावरम हवाई अड्डा) पहुंचेगी है। यह शाम 7:55 बजे विजयवाड़ा से रवाना होगी और रात 9:00 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। इसी क्रम में इंडिगो सेवा विजयवाड़ा से शाम 7:15 बजे उड़ान भरेगी है और रात 8:20 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। यही सेवा विशाखापट्टनम से रात 8:45 बजे रवाना होगी और रात 9:50 बजे विजयवाड़ा पहुंचेगी।

### शिकारियों पर कड़ी नजर रख रहा वन विभाग

**हरिद्वार** : दीपावली की रात तांत्रिक पूजा में उल्लू की बलि देने के लिए इस पक्षी को पकड़ने की आशंका के चलते वन विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। वन विभाग ने हरिद्वार से सटे राजाजी राष्ट्रीय पार्क व सामाजिक वानिकी क्षेत्र में पहरा बढ़ा दिया है। विभाग ने उल्लू को पकड़ने या मारने की चाहत रखने वाले को जंगल में न घुसने की चेतावनी दी है। दीपावली की अमावस्या वाली रात को तांत्रिक किस्म के लोग बेसब्री से इन्तजार करते है। तांत्रिक क्रिया में उल्लुओं की बलि को लेकर समाज में अनेक प्रकार की भ्रांतियां हैं। जिसके चलते कुछ लोग इस तांत्रिक क्रिया करने के लिए उतावले रहते हैं।

# मिस इंडिया बनने के बाद पहली बार उज्जैन पहुंची निकिता

## परिवार ने आतिशबाजी कर किया स्वागत



एजेंसी

**उज्जैन** : फेमिना मिस इंडिया-2024 का खिताब जीतकर मध्यप्रदेश का मान बढ़ाने वाली निकिता पोरवाल रविवार दोपहर को अपने गृह नगर उज्जैन पहुंचीं। उज्जैन में अरविंद नगर स्थित अपने निवास पहुंचने पर मां और दादी ने उनकी आरती उतारी और फूलों की वर्षा तथा आतिशबाजी कर निकिता का स्वागत किया गया। इस दौरान छोटी बच्चियों ने स्वागत डांस भी किया। निकिता की एक झलक पाने के लिए घर के बाहर सुबह से ही उनके चाहने वालों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी। मिस इंडिया ने सभी का अभिनन्दन करते हुए हाथ हिलाकर जय श्री महाकाल का जयकारा लगाया।

इससे पहले निकिता पोरवाल रविवार सुबह को इंदौर पहुंचीं। यहां एयरपोर्ट पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री सिलावट ने कहा कि हम सब के लिए गर्व का विषय है कि मप्र की बिटिया निकिता ने अपने परिश्रम और लगन से इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतकर मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। निकिता पोरवाल 2026 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इंदौर से निकिता दोपहर करीब 12 बजे उज्जैन अपने घर अरविंद नगर पहुंचीं। उनके स्वागत के लिए कॉलोनी के कोने से घर तक रेड कार्पेट बिछाया गया था।

## पंजाब में धान की निर्बाध खरीद सुनिश्चित कर रहा केन्द्र : जोशी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को कहा कि पंजाब में खरीफ विपणन सीजन (केएमएस) 2024-25 के लिए निर्धारित 185 एलएमटी का लक्ष्य पूरी तरह से खरीदा जाएगा और धान का एक भी दाना बिना तैयार नहीं छोड़ा जाएगा।

मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज यहां पंजाब राज्य में धान और कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) की निर्बाध खरीद सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए उपायों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पंजाब में धान की खरीद आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर को शुरू हुई थी, जिसमें सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी यार्ड सहित 2700 नामित मंडियां थीं। सितंबर में भारी बारिश और धान में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण कटाई और खरीद में थोड़ी देरी हुई। हालांकि, देरी से शुरू होने के बावजूद, राज्य अब नवंबर 2024 तक 185 एलएमटी धान की खरीद के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 26 अक्टूबर तक मंडियों में 54.5 लाख मीट्रिक टन आवक में से 50 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है।

## सिकंदर का मुकद्दर में मुख्य भूमिका में नजर आयेंगी तमन्ना



एजेंसी

**मुंबई** : जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली हाईस्ट ड्रामा सिकंदर का मुकद्दर में पैन इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म तमन्ना को एक नए और अलग किरदार में पेश करती है, जो उनकी वर्सेटिलिटी को उजागर करती है। उनका किरदार एक यूनिक और एडवेंचरस भूमिका में होगा, जो उनकी फिल्मी यात्रा में एक रोमांचक मोड़ जोड़ता है। इस फिल्म में उनके साथ जिमी शेरगिल और अविनाश तिवारी भी महत्वपूर्ण किरदारों में हैं। फैंस इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट में उनकी परफॉर्मेंस का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।नेटफ्लिक्स ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर इस फिल्म की घोषणा करते हुए तमन्ना के इंटेन्स सीन्स के कुछ स्निपेट और बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किए हैं, जिससे दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। पोस्ट में लिखा गया है, '60 करोड़ के हीरे चोरी। एक लंबी तलाश। और एक इंस्पेक्टर जो नहीं मानेगा हार। सिकंदर का मुकद्दर, कमिंग सून ओनली ऑन नेटफ्लिक्स।' हालांकि, फिल्म की आधिकारिक रिलीज तारीख अभी तक घोषित नहीं की गई है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म के साथ, तमन्ना ने हाल ही में अपनी आगामी तेलुगु फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग भी पूरी की है, जो जल्द ही रिलीज होने वाली है। उनकी शुरूआत 2024 में अरनमनई 4 से हुई थी, जिसने तमिल बॉक्स ऑफिस पर रुपए 100 करोड़ से अधिक की कमाई की।

## गुजरात में एशियाई शेरों के दूसरे घर बरडा वन्यजीव अभयारण्य का शुभारम्भ कल से

- देशभर के पर्यटकों के लिए नवीन आकर्षण बरडा जंगल सफारी फेज-1 का धनतेरस पर होगा शुभारम्भ
- बरडा प्रदेश का ऊंची-नीची पहाड़ियों व टेकरियों का लगभग 192 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अभयारण्य के लिए आरक्षित

एजेंसी

**अहमदाबाद** : गुजरात में पर्यटकों के लिए नया स्थल जुड़ने जा रहा है। धनतेरस के दिन यानी 29 अक्टूबर को देवभूमि द्वारका का कपुरडी चेकपोस्ट पर एशियाई शेरों का दूसरा नया अभयारण यानी बरडा वन्यजीव अभयारण्य तथा बरडा जंगल सफारी फेज-1 का शुरू होग। राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री मुळुभाई बेरा मंगलवार को इसका शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर जामनगर की सांसद पूनमबेन माडम, देवभूमिक द्वारका एवं पोरबंदर के विधायक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। गुजरात के प्रधान मुख्य वन्यजीव संरक्षक (पीसीसी) एन. श्रीवास्तव ने नए बरडा वन्यजीव अभयारण्य के विषय में बताया कि एशियाई शेर विश्व में बहुत विख्यात तथा केवल गुजरात के जूनागढ फॉरेस्ट रेंज में देखने को मिलते हैं।

# रेलवे सुरक्षा बल ने वीर शहीदों के सम्मान में शुरू किया 'डिजिटल मेमोरियल ऑफ वेलोर'



- 'डिजिटल स्मारक' नागरिकों को हमारे शहीदों को श्रद्धांजलि देने के निमित्त व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रदान करेगा मंच

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : यदि आपको लगता है कि देश की रक्षा करने वाले जवान हमारे असली नायक हैं और आप उन विस्मृत नायकों को भावभीनी श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, जिन्होंने हमें आराम देने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया है तो आप ऐसा कर सकते हैं। भारतीय रेलवे के तहत रेलवे सुरक्षा बल, एक अर्धसैनिक बल ने एक 'डिजिटल मेमोरियल ऑफ वेलोर' शुरू किया है, जहां आप किसी शहीद की तस्वीर को पुष्पांजलि और मोमबत्ती से डिजिटल रूप से सजा सकते हैं। 'डिजिटल मेमोरियल ऑफ वेलोर' अपने साहसी कर्मियों के बलिदान का सम्मान करने के लिए एक वेबसाइट है जिसे 25 अक्टूबर, 2024 को नई दिल्ली में शुरू किया गया है। यह एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जहां नागरिक बल के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। यह अभिनव वेबसाइट (www.digitalmemorialofvalour.in) 21 अक्टूबर को पुलिस स्मरणोत्सव दिवस के पश्चात शहीद स्मृति सप्ताह का भाग है।

यह वेबसाइट उन शहीदों को याद और स्मरण करने का एक औपचारिक स्थान प्रदान करती है क्योंकि इस पर उपयोगकर्ता शहीदों की तस्वीरों को पुष्पमाला और मोमबत्ती से डिजिटल रूप से सजाकर उन्हें श्रद्धांजलि दे सकते हैं। आगंतुक रेलवे सुरक्षा बल के वीर नायकों के सर्वोच्च बलिदान को याद कर सकते हैं और उनके लिए प्रार्थना कर सकते हैं। वेबसाइट पर पिछले वर्ष शहीद हुए बल के 14 शहीदों की तस्वीरें, नाम और रैंक हैं और इस वेबसाइट पर रेलवे सुरक्षा बल तथा रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) के 1,011 शहीदों की एक सूची है जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी है। यह सरकार की 'डिजिटल इंडिया' पहल के अनुरूप 'डिजिटल मेमोरियल ऑफ वेलोर' उन लोगों के लिए एक मंच है जो वास्तव में ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने में असमर्थ हैं। यह डिजिटल पोर्टल बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। श्रद्धांजलि अर्पित करने के अलावा, यह वेबसाइट उपयोगकताओं को 'रेलवे सुरक्षा बल में शहीदों क सूची' की डिजिटल प्रति की सदस्यता लेने के लिए आमंत्रित करती है। यह डिजिटल प्रति 28 अक्टूबर, 2024 को जारी की जाएगी। इस सूची में रेलवे सुरक्षा बल के उन कर्मियों की कहानियां होंगी जिन्होंने पिछले वर्षों में राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी है।

वेबसाइट शुरू करने के अवसर पर बोलते हुए, श्री मनोज यादव, महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल ने कहा, इनमें से प्रत्येक नायक ने अपने प्राणों की आहुति दी है ताकि दूसरे सुरक्षित रह सकें। यह स्मारक हमारी चिरस्थायी कृतज्ञता का एक प्रतीक है और यह हमें याद दिलाता है कि वीरता की उनकी विरासत कभी विस्मृत नहीं होगी। उनका साहस और बलिदान हमें हमेशा प्रेरणा देंगे। आज जब हम इन वीरों का सम्मान कर रहे हैं तो हम उसी समर्पण के साथ राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं जिसका उन्होंने उदाहरण प्रस्तुत किया।

श्री मनोज यादव, महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल ने अपने शहीदों की विरासत को सम्मान देने के लिए रेलवे सुरक्षा बल के निरंतर प्रयासों के तहत इस साल सितंबर में पुलिस दल का नेतृत्व करते हुए लद्दाख में हॉट स्प्रिंग स्मारक का दौरा किया। यह एक ऐतिहासिक महत्व का स्थल है जहां वीर पुलिस अधिकारियों ने 1959 में चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास 15,400 फीट की ऊंचाई पर सबसे दुर्गम इलाकों में से एक में हुआ यह दौरा भारत के वीरों की विरासत को सम्मान देने के लिए रेलवे सुरक्षा बल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।